www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

**सोमवार**
1 अप्रैल 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 78, 16 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण


गडकरी बोले, दक्षिण भारत भाजपा का 370 का लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा P-09



# महारैलियों से चुनावी महासंग्राम का आगाज

## भ्रष्टाचार पर कार्रवाई से बौखलाए : मोदी

मेरठ, प्रमुख संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मेरठ में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह से चुनावी शंखनाद किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हो रही है तो कुछ लोग बौखला गए हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई जारी रहेगी। भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, कार्रवाई होगी, जरूर होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से वर्ष 2014 और 2019 की तरह चुनावी आगाज करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह से लेकर गन्ना किसानों तक का जिक्र कर पश्चिमी यूपी को साधा। मोदी ने विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' पर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जिसने देश लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं कहता हूं कि भ्रष्टाचार हटाओ। वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। इन लोगों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बना लिया। इन्हें लगता है कि मोदी इससे डर जाएगा, लेकिन मोदी डरने वाला नहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने, कौन सांसद बने, कौन न बने, इसका चुनाव नहीं है। यह चुनाव विकसित भारत बनाने के लिए है। इस बार का जनादेश भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाएगा।

**17 हजार करोड़ से ज्यादा लौटाए:** प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पूर्व की सरकारों के दौरान गरीबों, छोटे निवेशकों एवं बैंकों के हड़पे गए हजारों करोड़ रुपये को हमने भ्रष्टाचारियों से जब्त कर उन्हें वापस लौटाया। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा वापस लौटा दिया। उन्होंने कहा कि जिनका भी धन गया, उनको वापस मिले, इसके लिए सरकार काम कर रही है। मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए कहा, पहले ऐसी सरकार चलती थी जिनका जन्म नहीं हुआ, ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ नाम हटाने की मोदी ने हिम्मत की है।

**प्रधानमंत्री ने सम्मान दिलाया :** रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री की वजह से ही चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान मिल पाया है। केंद्र सरकार चौधरी साहब के सपनों को पूरा करने की दिशा में काम कर रही है। ➤ पटकथा लिखी P09




मेरठ में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी समेत अन्य नेता।

### कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को दिया : पीएम

प्रधानमंत्री मोदी ने एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा कि नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप संवेदनहीन ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर खबर साझा करते हुए कहा, इससे हर भारतीय नाराज है। ➤ ब्योरा P12

### 'चुनावी बॉन्ड की बदौलत फंडिंग का हिसाब मिला'

एक चैनल को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी चुनावी बॉन्ड लाए, इसलिए आज आपको फंडिंग का स्रोत पता है। क्या कोई एजेंसी हमें बता सकती है कि 2014 से पहले चुनावों में कितना पैसा खर्च किया गया था। कोई भी योजना परफेक्ट नहीं होती। ➤ ब्योरा P09

> यह चुनाव सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वालों को ठिकाने लगाने का है। यह चुनाव विकासवाद बनाम परिवारवाद का है। जातिवाद बनाम गरीब कल्याण का है। युवा तय करें कि उन्हें कांवड़ चाहिए या कर्फ्यू।
>
> –**योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री, यूपी

## यह संविधान, लोकतंत्र बचाने का चुनावः राहुल

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली में रविवार को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की महारैली 'लोकतंत्र बचाओ' नारे के साथ आयोजित हुई। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर लोकसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे पूरी ताकत से मतदान करें, क्योंकि यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।

रामलीला मैदान में आयोजित रैली में राहुल गांधी ने कहा, भाजपा का 400 पार का नारा बिना ईवीएम, बिना मैच फिक्सिंग के 180 के पार भी नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। चुनाव के बीच में ही हमारे खाते फ्रीज कर दिए गए। लोगों को धमकाया जाता है, सरकारों को गिराया जाता है, नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश की गरीब जनता से संविधान को छीनना चाहती है।

**जनता साथ आए :** विपक्षी दलों के नेताओं पर हो रही कार्रवाई के विरोध में इंडिया की रैली में सभी दलों के बड़े नेता पहुंचे। गठबंधन के संयोजक और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए पूरा विपक्ष एकजुट है। यह लड़ाई लोकतंत्र बचाने के लिए है, इसलिए हमें साथ लड़ना होगा। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वह संविधान बचाने की जंग में साथ आए।

**पांच मांगें रखीं:** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने 'इंडिया' की ओर से पांच मांगें रखीं। इसमें विपक्षी दलों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक और केजरीवाल व हेमंत सोरेन को तत्काल रिहा करने की मांग शामिल है।

**अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति : तेजस्वी** - राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति है। यहां कभी भी किसी के यहां ईडी, सीबीआई और आयकर वालों को भेज दिया जाता है। बिना जांच और अदालत के उन्हें जेल भेज दिया जाता है।

**केजरीवाल, सोरेन की पत्नियां भी पहुंचीं :** रैली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल पहली बार सार्वजनिक मंच पर आईं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, आप सांसद संजय सिंह की पत्नी अनीता, सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन भी मौजूद रहीं। ➤ विपक्ष एकजुट P04




दिल्ली की रैली में रविवार को मंच पर मल्लिकार्जुन खड़गे, शरद पवार, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, भगवंत मान और फारूख अब्दुल्ला।



> क्या अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उचित है। वह एक शेर हैं। वे उन्हें लंबे समय तक सलाखों के पीछे नहीं रख पाएंगे। अत्याचार और नहीं चलेगा।
>
> –सुनीता केजरीवाल



> विपक्ष के नेताओं को जेलों में डालना प्रजातंत्र पर हमला है। हम लोगों को लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़नी होगी।
>
> **शरद पवार**, अध्यक्ष, एनसीपी-एसपी



> विपक्षी दलों पर कार्रवाई संविधान पर हमला है। अगर भाजपा को '400 पार' में इतना ही भरोसा है, तो वह इतनी घबराहट में क्यों नजर आ रही है?
>
> **अखिलेश यादव**, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी


STABILITY TRUST GROWTH

भारतीय रिज़र्व बैंक के 90वें वर्ष का स्मरणोत्सव

मुख्य संबोधनः
मुख्य अतिथि
**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

सम्माननीय अतिथिगण

श्री रमेश बैस — *राज्यपाल, महाराष्ट्र*
श्री एकनाथ शिंदे — *मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र*
श्रीमती निर्मला सीतारमण — *केंद्रीय मंत्री, वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य*
श्री पंकज चौधरी — *केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री*
डॉ. भागवत किशनराव कराड — *केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री*
श्री देवेंद्र फडणवीस — *उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र*
श्री अजित पवार — *उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र*

देश की वित्तीय स्थिरता और आर्थिक संवृद्धि के लिए
भारतीय रिज़र्व बैंक स्वयं को पुनः समर्पित करता है।

श्री शक्तिकान्त दास
*गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक*

आरबीआई के 90वें वर्ष के उद्घाटन समारोह का लाइव कार्यक्रम देखने के लिए स्कैन करें या नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करें:
https://youtube.com/live/-mG21cNAB-w?feature=share

RBI Says | Reserve Bank of India
RBI Says | ReserveBankOfIndia

01 अप्रैल 2024, सुबह 11:00 बजे; एन सी पी ए, नरीमन पॉइंट, मुंबई
*निमंत्रण द्वारा ही*

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

# मोशन है, तो भरोसा है




**Highest Selection Ratio**
Total Student Qualified in 2023

| JEE Main | JEE Advanced | NEET |
|---|---|---|
| 5993 / 8497 | 2747 / 5182 | 6492 / 7084 |
| = 70.53% | = 53.01% | = 91.64% |

STRESS FREE APPROVED RESULT

**Kota mei FREE mei padhna ab hai Mumkin**
YouTube ki Kamaai, Baccho Par Lutaai

**FREE KOTA LOTTERY 3.0**

REGISTER HERE FOR FREE

**REWARDS : FREE**
- Residential Offline **1 Student**
- Offline Kota Coaching **21 Students**
- Online Coaching **1 out of every 5 students & much more**

The last Date to register for Lottery 3.0 is 1st April, 5:00 PM

## ADMISSION ANNOUNCEMENT Session 2024-25
(Full Time Classroom Program)

Target: JEE/NEET 2026
**Nurture Batch**
Class 10th to 11th Moving
Starting from : **3rd & 17th April 2024**

Target: JEE 2025
**Dropper Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : **3rd & 10th Apr. 2024**

Target: NEET 2025
**Leader Batch**
Class 12th to 13th Moving
Starting from : **3rd Apr. & 13th May. 2024**

Target: Olympiads & Board
**Foundation Batch**
Class 6th to 10th Moving Students
Starting from : **3rd & 17th April 2024**

जेईई/नीट हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की कामयाबी का
**मोशन प्रयास** मात्र ~~1,50,000~~ ₹ 90,000 प्रतिवर्ष में करें
KOTA CENTER ONLY

**DHRUV / DRONA**
ALL UNDER ONE ROOF PROGRAM
For Class 7th to Class 12th Students
- Life Skills Development
- Integrated Kota Coaching
- Affordable Fee Structure
- Safe and Positive Environment

आपकी करोड़ो में एक लाड़ली को,
Motion Education दे रहा है, लाखों की Scholarship
मात्र ₹ 90,000 प्रतिवर्ष में करें
JEE (Main + Advanced) / NEET की तैयारी!

**Amrit**
Starts from ₹ 1499
COMPLETE JEE/NEET ONLINE PREPARATION PACKAGE
for Classes 11th,12th & 13th

Scan QR Code
Appear in
**MOTION OPEN SCHOLARSHIP TEST**
& Get upto 100% SCHOLARSHIP
For Student Moving Class 6th to 10th & 11th, 12th & 13th (Science)

Scan QR Code
**KNOW YOUR SCHOLARSHIP**
No Exam, No Registration Fee, Direct Scholarship
On JEE/NEET Classroom & Online Programs

**MOTION**

**PATAUDI CENTER :**
Pathfinder Campus, Opposite Main Bus Stand, Pataudi - 122503. Gurugram - Harayana
**Call : 99921-11225, 99921-11203**

**Motion Corporate Office :** 394, Rajeev Gandhi Nagar, Kota (Raj.) | Email : info@motion.ac.in | Website : www.motion.ac.in | 1800 212 1799

**NEET Campus** (At Kota) : **"Daksh-1"** 638, Near CAD Circle, Dadabari, Kota (Raj.) **"Daksh-2"** CAD Circle, Near Dainik Bhaskar Office, Shakti Nagar, Dadabari, Kota (Raj.)

**Drona Campus-1** : E-5-II, Road Number 1, IPIA, Kota (Raj.) **Drona Campus-2** : E-4 (II) Indraprastha Industrial Area, Kota (Raj.) **Drona Campus-3** : B, 22, Rd Number 2, Indraprastha Industrial Area, Kota (Raj.)

Disclaimer: Our academic framework is designed to ready students for their target exams. However, enrollment in a coaching center does not ensure success in these examinations. Achieving selection is based upon the individual's preparation, the availability of seats in the competitive exam, and the total number of candidates participating.

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
1 अप्रैल 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण




बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज चैंपियन बनने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा
P-14

**आबकारी नीति घोटाला : प्रवर्तन निदेशालय ने आरोपपत्र में दावा किया**

# सीबीआई-आईटी ने भी आप को आरोपी माना : ईडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में 45 करोड़ की कथित रिश्वत का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी ने 2022 में गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया था। सीबीआई और आयकर विभाग ने भी अलग-अलग जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दावे की पुष्टि की है। अदालत में दाखिल दस्तावेजों से यह जानकारी मिली।

ईडी इस मामले में हवाला ऑपरेटरों और अंगड़ियाओं के नेटवर्क की भी जांच कर रहा है। ईडी ने हाल ही में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। साथ ही दावा किया कि इन फंड की कथित हेराफेरी में उन पर और उनकी पार्टी पर मुकदमा चलाया जा सकता है। 45 करोड़ रुपये की रिश्वत के मनी ट्रेल को स्थापित करने के लिए ईडी ने पांच अंगड़िया फर्म संचालकों के बयान भी दर्ज किए हैं। इस मामले में गिरफ्तार 16 प्रमुख व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

**जांच में सामने आया :** पीएमएलए के तहत विशेष अदालत के समक्ष ईडी द्वारा साझा की गई जांच के विवरण के अनुसार, आप ने चैरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी की 2021-22 के दौरान गोवा में अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान सेवा ली। जांच में पाया गया कि कई विक्रेताओं को आंशिक नकद बिल भुगतान किया गया।

केंद्रीय एजेंसी ने कहा है कि ऐसी ही एक कंपनी के कर्मचारी ने ईडी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया, जिसमें कहा गया है कि उसे मुंबई में एक अंगड़िया ऑपरेटर से हवाला के माध्यम से 6.29 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। एजेंसी ने उक्त अंगड़िया संचालक आर कांतिलाल के एक कर्मचारी का बयान दर्ज किया, जिसमें पाया गया कि आयकर विभाग ने जनवरी 2022 में उनके गोवा ऑफिस पर छापा मारा था।

**फर्म का डाटा जुटाया :** ईडी ने आयकर विभाग से संपर्क किया और इस अंगड़िया फर्म का डाटा जुटाया। ईडी के विश्लेषण से पता चला कि हवाला के माध्यम से लगभग 45 करोड़ रुपये गोवा में स्थानांतरित किए गए। कोर्ट में पेश दस्तावेज में प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि इस हवाला सौदे की जांच सीबीआई ने भी की और इसकी पुष्टि की गई।




**45** करोड़ रुपये रिश्वत के गोवा चुनाव में खपाने का आरोप

**16** व्यक्तियों की अब तक आबकारी मामले में गिरफ्तारी हो चुकी

- ईडी का दावा, हवाला के माध्यम से रकम को गोवा में स्थानांतरित किया गया था
- हवाला ऑपरेटर के कर्मचारी के बयान प्रवर्तन निदेशालय ने दर्ज किए

### हवाला से पैसा-रत्न पहुंचाते हैं अंगड़िया

'अंगड़िया' हवाला जैसी अनौपचारिक कूरियर और बैंक सेवाएं हैं। इनका उपयोग विशेष रूप से हीरे और आभूषण के व्यवसासियों द्वारा सरकारी करों और कर्तव्यों से बचने के लिए बड़ी नकद राशि एवं अन्य कीमती सामान स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है।

### आप ने सभी आरोपों को खारिज किया

आप और उसके नेताओं ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि यह मामला भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा आप को एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में पेश करने के लिए गढ़ा गया था। पार्टी ने आरोप लगाया है कि मामले में शामिल अन्य लोगों जैसे टीडीपी के लोकसभा उम्मीदवार मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, उनके बेटे राघव मगुंटा और व्यवसायी और अरबिंदो फार्मा के प्रमोटर सरथ रेड्डी के बयान केजरीवाल को फंसाने एवं आगामी आम चुनावों में उनकी भागीदारी को रोकने के लिए बदल दिए गए थे।

### फोन खुलवाने को एप्पल से सहायता मांगी

ईडी का दावा है कि अरविंद केजरीवाल पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने केजरीवाल के एप्पल फोन को अनलॉक करने के लिए कंपनी को एक पत्र लिखा है। एजेंसी ने जब्त चार एप्पल फोन को अनलॉक करने में मदद मांगी है।



## लालकृष्ण आडवाणी भारत रत्न से सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को भाजपा के दिग्गज नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया। राष्ट्रपति ने आडवाणी को उनके आवास पर भारत रत्न से सम्मानित किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

> समर्पण का सम्मान पेज 12

## गरीब रथ ट्रेन में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच लगाए जाएंगे

■ **अमित झा**

- पहले चरण में नौ ट्रेन में कोच बदले जाएंगे
- इससे किराये में कोई बदलाव नहीं होगा

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने गरीब रथ रेलगाड़ियां में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच लगाने का निर्णय लिया है। इन गाड़ियों के कोच पुराने हो चुके हैं, जिसके चलते इन्हें बदला जा रहा है।

देशभर में फिलहाल 26 गरीब रथ चल रही हैं। रेलवे बोर्ड से जारी पत्र में कहा गया कि गरीब रथ के नए कोच तैयार नहीं हो रहे हैं। ऐसे में पुरानी गाड़ियों में लगे कोच को बदलने की आवश्यकता महसूस हो रही है। पहले चरण में नौ ट्रेनों के कोच बदले जाएंगे। इसके लिए 50 इकोनॉमी कोच उत्तर-पूर्व रेलवे, जबकि 50 इकोनॉमी कोच उत्तर-पश्चिम रेलवे को मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। इन ट्रेन में कोच के बदलने से गाड़ी के किराये पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## बंगाल में सीएए मंजूर नहीं : ममता

**कृष्णानगर, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कृष्णानगर में एक रैली को संबाधित करते हुए कहा, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को इस राज्य में लागू नहीं होने देंगी।

ममता ने आगाह करते हुए कहा, सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कह रही है 400 पार, मैं उन्हें पहले 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं। 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 200 से अधिक सीट लाने का आह्वान किया, लेकिन उसे 77 पर रुकना पड़ा।


**प्रमुख पांच**

**सीयूईटी-स्नातक के लिए पांच तक आवेदन**
1 एनटीए ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी)-यूजी के लिए आवेदन की समय सीमा 5 अप्रैल तक बढ़ा दी है। P12

**म्यूचुअल फंड में दोबारा केवाईसी जरूरी नहीं**
2 निवेशकों को म्यूचुअल फंड खाते लिए अब दोबारा केवाईसी दोबारा कराने की जरूरत नहीं है। P13

**ई-दोपहिया पर आज से 10 हजार की छूट**
3 इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने को 10 हजार रुपये तक की मदद दी जाएगी। योजना आज से शुरू होगी। P13

**छठी से नौवीं तक के दाखिले आज से**
4 सरकारी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र में छठी से नौवीं तक दाखिले की दौड़ सोमवार से शुरू हो रही है। P05

**जिस राह भारत आर्थिक महाशक्ति बनेगा**
5 तमाम मुश्किलों के बावजूद भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, और इसमें शायद ही किसी को शक है कि यह जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।





आलोक जोशी P10


## नई एजेंसी की मंजूरी के बाद ही लोन ऐप कंपनियां कर्ज दे पाएंगी

**सख्ती**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और अवैध ढंग से कर्ज देने वाले ऐप पर रोक लगाने के लिए डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी (डीआईजीआईटीए) के गठन पर विचार कर रहा है।

प्रस्तावित एजेंसी ऑनलाइन कर्ज देने वाली ऐप कंपनियों का सत्यापन करेगी और उसकी मंजूरी के बाद ही ऐसे ऐप संचालित हो पाएंगे। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित एजेंसी को डिजिटल ऋण देने वाले सभी ऐप की जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। एजेंसी सत्यापित किए गए ऐप का सार्वजनिक रजिस्टर तैयार करेगी। जिन ऐप पर डीआईजीआईटीए के सत्यापन का निशान नहीं लगा होगा, उन्हें अवैध माना जाएगा।

**ऋण क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी :** सूत्रों के अनुसार, सत्यापन प्रक्रिया से डिजिटल ऋण क्षेत्र के भीतर अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही पैदा करने में मदद करेगी। इससे डिजिटल क्षेत्र में वित्तीय अपराधों के खिलाफ लड़ाई में मदद मिलेगी।

### गूगल को 442 ऐप की सूची सौंपी

भारतीय रिजर्व बैंक ने आईटी मंत्रालय के साथ मिलकर डिजिटल ऋण देने वाले 442 ऐप की एक सूची साझा की है, ताकि उन्हें गूगल पर प्रतिबंधित किया जा सके। गूगल ने सितंबर 2022 से अगस्त 2023 तक 2,200 से अधिक ऐसे ऐप को प्ले स्टोर से हटाया है। बता दें कि देश में अवैध ऋण देने वाले ऐप तेजी से बढ़ रहे हैं और इनके खिलाफ शिकायतें मिल रही हैं।

## तरनतारन से चीन निर्मित ड्रोन बरामद

**तरन तारन, एजेंसी।** बीएसएफ ने रविवार सुबह पंजाब के तरन तारन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक चीन निर्मित ड्रोन बरामद किया। बीएसएफ ने एक बयान में कहा कि रविवार सुबह हवेलियन गांव से सटे एक खेत में ड्रोन बरामद किया गया। 29 मार्च को भी अमृतसर जिले से एक ड्रोन बरामद किया था।

## ज्ञानवापी में पूजा पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ज्ञानवापी मसाजिद प्रबंधन समिति की याचिका पर उच्चतम न्यायालय एक अप्रैल को सुनवाई करेगा। इसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदुओं को पूजा की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है।

## पांच लाख टन प्याज खरीदेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र 2024-25 के लिए 500,000 टन का आपातकालीन रिजर्व बनाने के लिए 1 अप्रैल से बाजार दर पर किसानों से प्याज खरीदेगा।

**IPL दे दनादन 2024**

**आज के मैच**

मुंबई इंडियन्स Vs राजस्थान रॉयल्स
स्थान : मुंबई, समय : 7:30 शाम

**कल का नतीजा**

गुजरात ने हैदराबाद को हराया

## हरियाणा में गैंगस्टर के रिश्तेदारों की संपत्ति कुर्क

- ईडी ने 17.82 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की
- लॉरेंस के पैसों से संपत्ति खरीदता था आरोपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू और उसके परिवार की 17.82 करोड़ रुपये की चल एवं अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। इन संपत्तियों में नकदी और जमीन शामिल है। यह जमीन हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में है।

ईडी ने यह कार्रवाई हरियाणा में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर की है। हरियाणा में सुरेंद्र और उसके साले विकास पर हत्या एवं अपहरण के कई मुकदमे दर्ज हैं। ईडी के अनुसार, सुरेंद्र का संबंध लॉरेंस बिश्नोई से है। सुरेंद्र, बिश्नोई के पैसों का हिसाब रखता है। वह इस पैसे से अपने परिवार के नाम जमीन खरीदता था। सुरेंद्र नारनौल में एक कंपनी निमावत ग्रेनाइट के जरिये अवैध माइनिंग के धंधे से जुड़ा था।

## कांग्रेस को एक और टैक्स नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। आयकर विभाग कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ के कर की मांग कर चुका है। > ब्योरा P12

**कुछ अलग | देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी पड़ने लगी, कई शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा**

# मई-जून नहीं, अप्रैल से ही लू का खतरा

**नई दिल्ली/लखनऊ/आगरा, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मार्च जाते-जाते देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी पड़ने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस बार अप्रैल में ही लू से सामना हो सकता है। इसके आसार नजर आ रहे हैं। लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी में यह 39 से 40 के बीच दर्ज किया गया। आम तौर पर हीट स्ट्रोक का खतरा 40 डिग्री के बाद ही शुरू हो जाता है।

दिल्ली में बीता शुक्रवार इस साल का सबसे गर्म दिन रहा, इस दौरान तापमान 37.8 डिग्री दर्ज किया गया। एक दिन पहले आगरा में पारा 40.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। आगरा में बीते एक सप्ताह में गर्मी के चलते 12 सैलानी बेहोश हो चुके हैं।

रविवार को धूप की तल्खी ऐसी रही कि दिन में बाहर निकलने वालों को सूर्य की किरणे झुलसाती महसूस हो रही थीं। बढ़ती गर्मी में हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा बच्चों और बुजुर्गों को रहता है। उनका शरीर तापमान को तत्काल नियंत्रित नहीं कर पाता है।



> जहां तापमान 39 डिग्री या अधिक रहा, उन शहरों में बादलों की मौजूदगी और हवा के रुख के चलते ऐसा वातावरण बना जिससे सूर्य की ऊष्मा परावर्तित हो कर आसमान में लौट नहीं पाई और सतह गर्म होती चली गई। -**अतुल कुमार सिंह**, वरिष्ठ वैज्ञानिक, अमौसी मौसम केंद्र

### रात में तापमान बढ़ेगा

दिल्ली का अधिकतम तापमान अगले दो-तीन दिनों में दो डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। इस दौरान दिल्ली का तापमान 37 डिग्री के पार पहुंच सकता है। इससे रात के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। तापमान में अचानक आई तेजी की वजह मौसम वैज्ञानिक पश्चिमी विक्षोभ बता रहे हैं।

> पहाड़ों में बर्फबारी P15


JINDAL Aluminium

**Highest Ever Production**

Our three state-of-the-art extrusion plants, with a total of 16 presses, can produce up to 160,000 tons of extrusions annually, meeting nearly 30% of India's total demand. Our superior quality comes from top-notch raw materials, stringent quality controls, and advanced technology. Despite the higher cost, customers willingly buy our top-quality products.

During 2023-24
About 1,15,920 tonnes Extrusions

**The reasons for this humble achievement despite 14% higher prices are :**

- Dedication of our manufacturing, quality and marketing teams.
- Consuming high quality inputs and not cheap scrap.
- Thoughtful decision of our customers, dealers, and end consumers for preferring quality products.

*They all deserve appreciation and thanks.*

Plus
About 49,461 tonnes Rolled Products





We can produce wider and large-diameter profiles in special alloys for use in defence, aerospace, industrial, structural and other applications.

Know More
+91 9900-072-169
Hello@JindalAluminium.com

Iconic Brands of India, 2023 Edge ISO 9001:2015 | ISO 45001:2018 | PED by HSB Global Standards, UK | AS 9100D Certified

We use 100% our own renewable energy for manufacturing @ Bengaluru and Dabaspet units



दिल्ली में रविवार को महारैली में भाकपा महासचिव डी.राजा, माकपा नेता सीताराम येचुरी, आप नेता गोपाल राय, सपा मुखिया अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, आप नेता आतिशी व जास्मिन शाह और झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना सोरेन। ● एजेंसी

### रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ' महारैली में विपक्षी दलों के नेताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया

# दिल्ली में एक मंच पर जुटे 'इंडिया' के दिग्गज

**संग्राम**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के रामलीला मैदान से सोमवार को इंडिया गठबंधन की महारैली 'लोकतंत्र बचाओ' नारे के साथ आयोजित हुई, जिसमें विपक्ष के कई दलों ने एकजुटता का संदेश दिया है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद इस रैली से चुनावी प्रचार का आगाज भी किया गया। अंत में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने इंडिया गठबंधन की तरफ से पांच सूत्रीय मांग रखी, जिसमें निष्पक्ष चुनाव के साथ गिरफ्तार नेताओं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को तत्काल रिहा करने की मांग की गई।

इस मौके पर प्रियंका गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में मैं बचपन से आती रही हूं। यहां रावण का दहन होता है। रावण के पास सोने की लंका थी, उसके पास रथ था। सभी सुविधाएं थी, मगर सत्ता में बैठे लोग खुद को रामभक्त कहते हैं। उन्हें यह नहीं पता कि भगवान राम के पास रावण से लड़ाई के दौरान सिर्फ सत्य था। श्रीराम की जीत हुई थी। उन्हें समझना चाहिए कि सत्ता हमेशा के लिए नहीं होती है। उन्होंने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की एकजुटता रंग लाएगी।

**साथ चुनाव लड़ने की अपील :** आम आदमी पार्टी की तरफ से आयोजित रैली में कांग्रेस से सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत अन्य बड़े नेता मौजूद रहे। वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, आरजेडी से तेजस्वी यादव, शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे, एनसीपी से शरद पंवार, पीडीपी से महबूबा मुफ्ती के अलावा लेफ्ट पार्टियों के सभी दलों के नेताओं ने शिरकत की और एकजुट होकर चुनाव लड़ने की अपील की।

**खड़गे की जुबान भी फिसली :** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जुबान रविवार को तब फिसल गई जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बजाय राहुल गांधी का नाम ले लिया। दरअसल, वे कांग्रेस द्वारा दिए गए बलिदान का जिक्र कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने इंदिरा गांधी के बलिदान के साथ राजीव गांधी की जगह राहुल गांधी का नाम ले लिया।



दिल्ली में रविवार को महारैली में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं की भीड़। ● एजेंसी

### पंजाब के मुख्यमंत्री को एकजुटता की नसीहत दी

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को एकजुटता की नसीहत दी। उन्होंने कहा, 'मैं उनसे यह अपेक्षा करता हूं कि जब हम एक होकर लड़ेंगे तभी कुछ हासिल करेंगे। नहीं तो एक-दूसरे को कुचलते रहेंगे। इससे आप कभी आगे नहीं आ पाएंगे। पहले एक होना सीखना चाहिए। एक-दूसरे को तोड़ना नहीं सीखना चाहिए।' उन्होंने कहा कि चाहे हमारे बीच कुछ मतभेद हो, लेकिन बड़े उद्देश्य के लिए हम साथ हैं। केरल में हम सीताराम येचुरी और डी राजा की पार्टी से अलग हैं। आम आदमी पार्टी से हम दिल्ली और पंजाब में लड़ते हैं, परंतु इंडिया गठबंधन देश की एकता और अखंडता का मंच है। यह देश और लोगों की रक्षा के लिए बना है।

### ये है पांच सूत्रीय मांग पत्र

1. भारत के चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को चुनाव लड़ने के लिए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें एक समान असवर मिले।
2. चुनाव आयोग को चुनाव में हेराफेरी के लिए विपक्षी राजनीतिक दलों के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पर रोक लगानी चाहिए।
3. चुनावी बॉन्ड का उपयोग करके भाजपा द्वारा बदले की भावना से जबरन वसूली और धनशोधन के आरोपों की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी बनाकर होनी चाहिए। इस मुद्दे को विपक्ष कई दिनों से उठा रहा है और भाजपा की घेराबंदी करने की कोशिश जारी है।
4. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर रोक लगाकर तत्काल रिहा किया जाना चाहिए।
5. चुनाव के दौरान विपक्ष के राजनीतिक दलों को आर्थिक रूप से गला घोटने के लिए उनपर होने वाली जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए।

### साथ मिलकर चलना होगा : महबूबा मुफ्ती



पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने कहा कि सभी दलों को साथ मिलकर चलना होगा। एकजुटता के साथ ही लोकतंत्र और संविधान को बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी से इस ओर सोचने के लिए कहा।

### मैं दोनों बहनों के साथ खड़ा हूं : उद्धव ठाकरे



उद्धव ठाकरे ने कहा कि आज मैं दोनों बहनों के साथ खड़ा हूं, जिनके पति चुने हुए मुख्यमंत्री थे, लेकिन उन्हें जेल भेज दिया। हमें तानाशाही की जो आशंका थी वह अब सच साबित हो रही है।

### भाजपा की विचारधारा पनपने नहीं देंगे : चंपई



झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि भाजपा की निरंकुशता और उसकी विचारधारा को पनपने नहीं दिया जाएगा। हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं था।



### लोकतंत्र खतरे में है : भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। इनको यह लगता है कि ये डंडे से देश चला लेंगे तो ऐसा नहीं है। यह देश किसी की जागीर नहीं है। यह 140 करोड़ लोगों का देश है। हम इनसे डरने-झुकने और टूटने वाले नहीं हैं। भगवंत मान ने कहा कि ये किसी को भी जेल में डाल दे रहे हैं।

### संविधान को बचाना एकमात्र उद्देश्य : फारूक अब्दुल्ला



नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला ने रैली में कहा कि वे अपनी आखिरी सांस तक इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य संविधान को बचाना है। संविधान पर हमला हो रहा है।

## सुनीता केजरीवाल ने बताईं मुख्यमंत्री की छह गारंटी

**संदेश**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी पहली बार किसी राजनीतिक मंच पर नजर आईं। वह केजरीवाल का संदेश लेकर पहुंचीं थी। इससे पहले उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश पीड़ा में है, यह अत्याचार नहीं चलेगा।

अरविंद केजरीवाल शेर हैं, उन्हें ज्यादा दिन जेल में नहीं रख पाएंगे। उनके इस्तीफा मांगने पर सवाल उठाते हुए केजरीवाल का संदेश व उनकी छह गारंटियां पढ़कर सुनाई। देशवासियों से इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि हम नया भारत बनाएंगे।

मुख्यमंत्री के संदेश को पढ़ते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा, 'जेल से अपने इस भाई और बेटे का प्रणाम स्वीकार कीजिए। मैं आज आपसे वोट नहीं मांग रहा हूं। आने वाले चुनाव में मैं आपसे किसी को हराने या जिताने के लिए नहीं कर रहा हूं। आज मैं देश के 140 करोड़ लोगों को एक नया भारत बनाने के लिए सहयोग मांगता हूं। भारत एक महान देश है। हमारी संस्कृति कई हजार वर्ष पुरानी है। भारत में सब कुछ है, फिर भी हम पिछड़े क्यों हैं? मैं यहां जेल में हूं। यहां सोचने के लिए काफी समय मिलता है। उससे महसूस करता हूं कि भारत मां बहुत दुखी हैं।'

**माफी मांगी :** अरविंद केजरीवाल ने अपने संदेश में इंडिया गठबंधन में शामिल नेताओं से माफी मांगी है। केजरीवाल ने संदेश में लिखा, 'अपनी छह गारंटियों का ऐलान करने के लिए इंडिया गठबंधन के सभी साथियों से माफी मांगता हूं, क्योंकि यह ऐलान करने से पहले मैंने उनकी अनुमति या सहमति नहीं ली।

### ये वादे किए

- पूरे देश में 24 घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे, कहीं कोई कटौती नहीं होगी।
- पूरे देश में गरीबों को मुफ्त बिजली की व्यवस्था करेंगे।
- हर गांव-हर मोहल्ले में शानदार सरकारी स्कूल बनाएंगे। सभी एक समान शिक्षा मिलेगी।
- हर गांव और मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक के अलावा अस्पताल बनाएंगे, मुफ्त इलाज करेंगे।
- किसानों को स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक एमएसपी निर्धारित करके उनके फसलों के पूरे दाम दिलवाएंगे।
- दिल्ली को अधिकार दिलाएंगे, पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे।



दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित महारैली के दौरान मंच पर सुनीता केजरीवाल से बातचीत करतीं कांग्रेस नेता सोनिया गांधी। ● एजेंसी

## आम आदमी पार्टी में चेहरे को लेकर चर्चाएं तेज हुईं

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद आम आदमी पार्टी का चेहरा कौन होगा, इसको लेकर इंडिया गठबंधन की रैली के बाद से चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सुनीता केजरीवाल ने रविवार को पहली बार राजनीतिक मंच साझा किया। पार्टी गतिविधियों में उनकी बढ़ती सक्रियता से कयास लगाए जा रहे हैं कि वह पार्टी का अगला चेहरा होंगी। केजरीवाल के संदेश को खुद जनता के बीच पहुंचा रहीं हैं। आप के गठन के एक दशक से सुनीता केजरीवाल कभी राजनीतिक मामलों में दखल देतीं नजर नहीं आईं। दिल्ली विधानसभा चुनावों में जीत के बाद वह पार्टी कार्यालय पहुंची जरूर थीं, लेकिन सार्वजनिक मंच पर कभी सीएम के साथ नहीं दिखीं, लेकिन रविवार को उन्होंने रैली में खुले मंच से भाजपा पर निशाना साधने के साथ इंडिया गठबंधन के लिए वोट भी मांगे। सुनीता केजरीवाल आप का अगला चेहरा होने का सवाल इसलिए भी है, क्योंकि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से वह दो बार प्रेस कांफ्रेस कर चुकीं हैं।

## मध्य दिल्ली में सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थमी

**समस्या**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** रामलीला मैदान में आयोजित महारैली का असर मध्य दिल्ली की सड़कों पर भी देखने को मिला। भीड़ के चलते कई मार्गों पर वाहन धीमी रफ्तार से रेंगते रहे। एलएनजेपी अस्पताल से सिविक सेंटर की तरफ जाने वाले रास्ते को एक घंटे से ज्यादा समय तक पुलिस को बंद करना पड़ा। इसका असर आसपास की सड़कों पर देखने को मिला।

ट्रैफिक पुलिस ने पहले रामलीला मैदान के आसपास की कुछ सड़कों को बंद करने का निर्णय लिया था, लेकिन रविवार को केवल एक सड़क को ही बंद रखा गया। भीड़ के चलते बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक, मिंटो रोड से कमला मार्केट-हमदर्द चौक, कमला मार्केट से गुरु नानक चौक और चमन लाल मार्ग पर वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी रही।

सुबह के समय लोगों की भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने जेएलएन मार्ग (दिल्ली गेट से अमजेरी गेट) को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद दिया। इस रास्ते को एक घंटे बाद वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। महारैली के चलते राजघाट, मिंटो रोड, डीडीयू मार्ग, मिरदर्द चौक, पहाड़गंज चौक, ए-पाइंट और दिल्ली गेट के पास नेताओं की आवाजाही के चलते यातायात डाइवर्ट करना पड़ा।

**सोशल मीडिया से**

## रामलीला मैदान हैशटैग छाया रहा

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रविवार को दिनभर हैशटैग रामलीला मैदान छाया रहा। इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान कई कार्यकर्ताओं ने अपनी तस्वीरें साझा कीं। साथ में हैशटैग रामलीला मैदान और अपने राजनीतिक दल का नाम भी लिखा।

इसके अलावा कई लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा नेता अखिलेश यादव आदि के संबोधन का वीडियो भी साझा किया। कार्यकर्ताओं ने रैली की तस्वीरें एक्स पर डालते हुए केंद्र में सत्ता पक्ष पर निशाना साधा। साथ ही, कई कार्यकर्ताओं ने फोटो और वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर की।

## कार्यकर्ताओं ने रैली में पार्टी के झंडों से उपस्थिति दर्ज कराई

**हि लाइव**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित इंडिया गठबंधन रैली में कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में एकजुटता दिखी। सुबह 9:30 बजे से कार्यकर्ता रैली स्थल पर पहुंचने शुरू हो गए। 34 डिग्री सेल्सियस के अधिकतम तापमान में कई महिला कार्यकर्ता अपने बच्चों को लेकर रैली में पहुंचीं। इस दौरान 'हिन्दुस्तान' टीम ने रैली आए लोगों से बातचीत की।

नांगलोई से रैली में आए आप कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने कहा कि गलत आरोपों के तहत केजरीवाल को जेल भेजा गया है। जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। पूर्वी दिल्ली के गांधीनगर से आए कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रकाश सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं।

**कार्यकर्ताओं में जोश दिखा :** रैली में कार्यकर्ता अपने राजनीतिक दल के झंडे को संभालते नजर आए। एक शख्स हरियाणा के कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा का टैटू अपनी छाती में बनवाकर आया हुआ था।



रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित रैली में पहुंचे कार्यकर्ता। ● संजीव वर्मा

### लोगों ने साथ रहने का भरोसा दिलाया



महागठबंधन रैली में मैं अपने 50 से अधिक साथियों के साथ पहुंचा हूं। हम सभी का एक ही लक्ष्य है कि अरविंद केजरीवाल के विचारों को जनता तक पहुंचाएं।
**- तिलक राज,** निवासी, रोहिणी



सत्ता पक्ष को हटाने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों को एकजुटता दिखानी होगी। मिलकर चुनाव अभियान में हिस्सा लेना होगा और रणनीति बनानी होगी।
**- गोविंद,** निवासी, रोहिणी



केजरीवाल को गलत तरीके से जेल में भेजा गया। हम लोकतंत्र को बचाने के लिए मजबूती से लड़ेंगे। मैं अपने नेता का समर्थन करने के लिए आया हूं। इस बार विपक्षी दलों की एकता से लोकसभा चुनाव में अच्छे परिणाम आएंगे। - हेमा, दिल्ली

**सफलता** | इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस की रैली में लगभग सभी दल मौजूद रहे, तृणमूल कांग्रेस की मौजूदगी से बढ़ा हौसला

# अटकलों के बीच एकजुटता का संदेश देने में कामयाब रहा गठबंधन

■ सुहेल हामिद

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) एकजुटता का संदेश देने में सफल रहा है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन की पहली रैली में जहां घटक दल सरकार पर आक्रामक नजर आए, वहीं गठबंधन ने साफ कर दिया है कि तमाम मतभेदों के बावजूद वह एकजुट है।

सभी घटक दल एकजुट होकर भाजपा की अगुआई वाली सरकार के खिलाफ लड़ेंगे। दिल्ली में रविवार को हुई लोकतंत्र बचाओ रैली इंडिया गठबंधन की तीसरी संयुक्त रैली थी। इससे पहले गठबंधन पटना और मुंबई में रैली कर चुका है, पर इन दोनों रैलियों में गठबंधन के चुनिंदा घटकदल ही शामिल हुए थे। वहीं, दिल्ली रैली में लगभग सभी घटक दल मौजूद रहे। सीट बंटवारे को लेकर नाराजगी के बीच यह बड़ा संदेश है।

सबसे ज्यादा अहम तृणमूल कांग्रेस की मौजूदगी रही। पश्चिम बंगाल में एकला चलो का ऐलान करने के बाद तृणमूल कांग्रेस इंडिया गठबंधन की पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुई है। तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इस बात पर जोर दिया कि तृणमूल कांग्रेस इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। इसके बाद राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने हिंदी में भी यह बात दोहराई।




रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित इंडिया गठबंधन रैली में शंखनाद करता आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता। ● एजेंसी

### मजबूती का दावा

रणनीतिकार मानते हैं कि तृणमूल कांग्रेस की मौजूगी से साफ है कि स्थानीय स्तर पर भले ही चुनावी गठबंधन नहीं हो पाया हो, पर सरकार के खिलाफ लड़ाई में सभी दल एकजुट हैं। इसके साथ गठबंधन ने संयुक्त रैली के जरिये अपनी पांच मांग भी रख दी। इसमें चुनाव आयोग से चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के साथ विपक्षी दलों के खिलाफ कार्रवाई रोकने की मांग शामिल है। गठबंधन ने साफ कर दिया है कि सरकार जितना दबाव बनाएगी, गठबंधन उतना मजबूत होकर उभरेगा।

## परिवार बचाओ-भ्रष्टाचार छिपाओ रैली : पूनावाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने रविवार को रामलीला मैदान में विपक्षी इंडिया गठबंधन की रैली की आलोचना करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र बचाओ रैली नहीं, बल्कि यह परिवार बचाओ और भ्रष्टाचार छिपाओ रैली थी।

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मैच फिक्सिंग के आरोप के लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कांग्रेस सरकार ने पार्टी के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिए पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ एक सौदा करके कच्चातिवु द्वीप उसे सौंप दिया था। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाताओं से बातचीत में राहुल के इस दावे को लेकर कांग्रेस की आलोचना की कि अगर भाजपा सत्ता में लौटी और संविधान बदला गया तो पूरे देश में आग लग जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी राजनीतिक कांग्रेस के डीएनए में है।

### दावे के मुताबिक नहीं जुटी भीड़ : सचदेवा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** रैली को लेकर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि रैली में जुटाई गई भीड़ में बड़ी संख्या पंजाब और हरियाणा के लोगों की रही। आम आदमी पार्टी ने जो छह गारंटी दी हैं वो भी सिर्फ चुनावी वादा है।

## काम की खबरें

**1 छात्रों की कंपार्टमेंट परीक्षाएं आठ अप्रैल से**

सरकारी स्कूलों द्वारा वार्षिक परिणाम जारी कर दिया गया है। पांचवीं, आठवीं, नौवीं और 11 वीं कक्षा के छात्रों की कंपार्टमेंट की परीक्षा आठ अप्रैल से शुरू होंगी। आखिरी परीक्षा 30 अप्रैल को आयोजित होगी।

**2 आनंद विहार-पटना के बीच विशेष ट्रेन चलेगी**

यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार से पटना के बीच विशेष रेलगाड़ी का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 03255 पटना से गुरुवार और रविवार को चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 03256 शुक्रवार और सोमवार को आनंद विहार टर्मिनल से पटना के लिए रवाना होगी।

**3 डेंगू और मलेरिया की समस्या पर सूचना दें**

दिल्ली नगर निगम ने मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की समस्या से अवगत करने के लिए लोगों से अपील की है। इससे जुड़े मामलों के लिए हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर सकते हैं। साथ ही, 311 ऐप पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**4 सिविल सेवा की कोचिंग के लिए आवेदन करें**

जामिया मिलिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी के कोचिंग और कैरियर योजना केंद्र में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए सोमवार से आवेदन शुरू हो गए हैं। निशुल्क प्रशिक्षण लेने के लिए अल्पसंख्यक, एससी, एसटी और महिला अभ्यर्थी 19 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## आज का मौसम

35.0° अधिकतम | 21.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 06:12 | सूर्यास्त : 18:38

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, कई इलाकों में तेज हवाएं चलने की संभावना है।

## मुकद्दस रमजान



**इफ्तार (01 अप्रैल) रोजा सोमवार**
सुन्नी : 6:41 बजे शाम | शिया : 6:52 बजे शाम

**सहरी (02 अप्रैल) रोजा मंगलवार**
सुन्नी : 04:49 बजे प्रात: | शिया : 04:41 बजे प्रात:

(समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है)

## शहर 30s



छुट्टी का दिन होने के कारण रविवार को नई दिल्ली में इंडिया गेट के पास धूप से बचने के लिए पेड़ की छांव में बैठे पर्यटक ● हिन्दुस्तान

### खेल परिसर में सुविधाएं विकसित होंगी

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खेल परिसरों में कई सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इसमें कुछ खेलों के नए उपकरण भी स्थापित होंगे। इसमें टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, तीरंदाजी व अन्य के उपकरण लाए जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि खेल परिसर में लगातार सदस्यता के लिए लोगों की बुकिंग होती है। हाल में कई लोगों ने कुछ खेलों के नए उपकरण को लाने की मांग की है। खेल परिसरों में कई सुविधाएं विकसित करेंगे।

### अतिक्रमण की शिकायतों पर कार्रवाई करेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली में विभिन्न सड़क मार्गों पर होने वाले अतिक्रमण पर कार्रवाई होगी। अतिक्रमण को लेकर निगम के समक्ष कई शिकायतें आई हैं। अब इसकी एक सूची तैयार करते हुए उन जगहों पर इस सप्ताह से कार्रवाई होगी। इसमें करोल बाग, चांदनी चौक, दक्षिणी दिल्ली के बाजारों के आसपास, रोहिणी, नरेला जैसे इलाकों में मौजूद सड़क मार्गो से अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

### छात्रों के लिए थेरेपी सत्र आज से

नई दिल्ली। संसाधन केंद्रों में दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक अप्रैल से थेरेपी सत्र आयोजित होंगे। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की समावेशी शिक्षा शाखा ने निर्देश दिए है। छात्रों को केंद्रों में फिजियोथेरेपी दी जाएगी। इसकी सूचना अभिभावकों को देने के निर्देश है। पहली बार संसाधन केंद्र में जाने वाले बच्चों के साथ विशेष शिक्षा शिक्षक मौजूद रहेंगे।

### एक अप्रैल से अंकों की त्रुटि में सुधार कर सकेंगे

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने कक्षा तीसरी से लेकर नौवीं और 11 वीं कक्षा के अंकों में ऑनलाइन सुधार के संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। स्कूलों को विषय के अंकों में सुधार के लिए ऑनलाइन लिंक एक अप्रैल से उपलब्ध होगा। चार अप्रैल के बाद अंकों में कोई सुधार नहीं किया जा सकेगा।

### श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली

नई दिल्ली। इंद्रप्रस्थ विस्तार के त्रिलोकिया आदर्श कुंज में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। यह कथा आगामी शुक्रवार तक रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व शनिवार सुबह कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा त्रिलोक अपार्टमेंट से सुबह 8.30 बजे शुरु होकर, नीलकंठ, सरस्वती, नरवाना के पीछे से डीडीए मार्केट होते हुएस विकल्प आपार्टमेंट से वापस त्रिलोक अपार्टमेंट पर संपन्न हुई।

### कार्य के चलते प्रगति मैदान टनल बंद रही

नई दिल्ली। मरम्मत कार्य के चलते रविवार को प्रगति मैदान टनल पूरी तरह से बंद रखी गई, जिसके चलते इंडिया गेट सर्कल से रिंग रोड तक आने-जाने वाले लोगों को लंबा चलना पड़ा। लोगों को नई दिल्ली एरिया में जाने के लिए आरटीओ से होकर जाना पड़ा। ध्यान रहे कि प्रगति मैदान टनल के अंदर बीते करीब 1 महीने से मरम्मत कार्य चल रहा है।

### छात्राओं के लिए सुबह सात बजे से स्कूल लगेगा

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय के जोन- 18 के उप शिक्षा निदेशक कार्यालय ने बिंदापुर पॉकेट-4 स्थित गर्वनमेंट कोएड सेकेंडरी स्कूल लगने के संबंध में आदेश जारी किया है। छात्राओं के लिए सुबह सात बजे से लेकर दोपहर 12.30 बजे तक स्कूल में कक्षाएं लगेंगी।

पांडव नगर में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला, रामलीला पार्क में एकत्र हुए कई संगठन, परिवार को मुआवजा दिया जाए

# महापंचायत में मांग, दुष्कर्म के आरोपी को फांसी की सजा दें

**आक्रोश**

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** पांडव नगर इलाके में बीते दिनों चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के विरोध में रविवार को रामलीला पार्क में महापंचायत हुई। इसमें आरोपी को फांसी की सजा दिलाने, सीबीआई से जांच कराने, परिवार को एक करोड़ का मुआवजा देने सहित लोगों ने कई मांगें रखी।

महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए कई संगठनों के अलावा हजारों की संख्या में दूर-दराज के इलाकों से लोग पहुंचे। गुड़िया न्याय संघर्ष अभियान समिति की ओर से महापंचायत का आह्वान किया गया था। इस दौरान पंचायत स्थल के आसपास के इलाकों की सभी दुकानें बंद रही। गलियों के बाहर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। ड्रोन से भी नजर रखी जा रही थी।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। आक्रोशित लोगों ने जोश में आकर महापंचायत शुरू होने से पहले विवादित नारेबाजी भी की। बता दें कि महापंचायत को सुनने और देखने के लिए लोग अपने घरों की छतों पर चढ़े हुए थे। साथ ही बड़ी तादाद में महिलाएं पहुंची हुई थी।

**परिवार पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ :** महापंचायत में आए लोग आरोपी के घर की ओर जाने की जिद पर अड़े थे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर रखी थी। किसी को भी जाने की इजाजत नहीं थी। पुलिस ने समझाकर लोगों को रामलीला पार्क में जाकर रोष व्यक्त करने के लिए कहा। उधर, गुड़िया न्याय संघर्ष अभियान समिति की अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि आस-पड़ोस में आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। बच्चियों की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। इस मामले में एक आरोपी नहीं है। परिवार के खिलाफ अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। एफआईआर को सार्वजनिक नहीं किया।



दिल्ली के पांडव नगर इलाके में बच्ची से दुष्कर्म के विरोध में रविवार को प्रदर्शन करते महापंचायत में पहुंचे लोग। ● एजेंसी

### परिवार के आर्थिक हालात ठीक नहीं

आरती सिंह ने कहा कि आरोपी की गली में प्रशासन और पुलिस का पहरा है, जबकि पीड़ित बच्ची की गली में कोई पुलिसकर्मी नहीं है। पुलिस आखिर किसको बचा रही है। इस पंचायत का उद्देश्य सबकी आंखे खोलना है। महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि बच्ची के परिवार के आर्थिक हालात ठीक नहीं हैं। पुलिस की मदद से बच्ची का उपचार चल रहा है।

### दादा बोले, किसी और के साथ ऐसा न हो

पीड़ित के दादा ने कहा कि बच्ची अब स्वस्थ है। चिंता की कोई बात नहीं है। यह घटना किसी और के साथ नहीं होनी चाहिए। महापंचायत में हिस्सा लेने पहुंचे लोगों ने कहा कि दुष्कर्म के आरोपी को चौराहे पर फांसी की सजा देने की जरूरत है।

### ये मांगें रखी

- मामले की सुनवाई को लेकर फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन हो
- आरोपी को फांसी दी जाए और परिवार को गिरफ्तार करें
- जिस महिला अध्यापक के यहां ट्यूशन पढ़ती थी, उसे गिरफ्तार करें
- मामले की सीबीआई जांच कराई जाए
- मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल से परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए
- सरकार बच्ची की पढ़ाई का खर्च उठाए
- इलाके में कबाड़ की दुकान चलाने वाले लोगों का पुलिस सत्यापन करें

# डीयू छात्रा का यौन शोषण, ब्लैकमेल कर चोरी कराई

**शर्मनाक 1**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सब्जी मंडी इलाके में डीयू की छात्रा से दुष्कर्म के बाद और ब्लैकमेल कर घर में चोरी कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को पीड़िता की शिकायत पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीए आनर्स सेकेंड इयर की छात्रा 20 वर्षीय पीड़िता रंजना (परिवर्तित नाम) परिवार सहित सब्जी मंडी इलाके में रहती है। पीड़िता ने बताया कि 12वीं की पढ़ाई के दौरान 2022 में देवांश नाम के छात्र से उसकी दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों ने डीयू के कॉलेज में एडमिशन ले लिया। बीते साल अक्तूबर में देवांश उसके घर आया और दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर धमकी दी। उसकी आपत्तिजनक फोटो देने के लिए भी मजबूर किया।

**दो लाख दे चुकी पीड़िता :** देवांश आए दिन रंजना को उसकी फोटो सोशल मीडिया और डीयू के ग्रुप में वायरल करने की धमकी देने लगा और रुपये लाने का दबाव डाला। पीड़िता अपने माता-पिता के रुपये चोरी कर आरोपी को देने लगी। वह करीब दो लाख रुपये दे चुकी थी। 25 मार्च को वह आरोपी को देने के लिए फिर से रुपये निकाल रही थी तो मां ने देख लिया। इसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना मां को बताई। जब मां ने देवांश से बात की तो वह उन्हें भी अपशब्द कहने लगा। इसके बाद पीड़िता ने सब्जी मंडी थाने में शिकायत दी।

# मामा-भांजे ने किशोरी के साथ गैंगरेप किया, केस

**2**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** भारत नगर इलाके में मामा-भांजे ने 17 साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म कर दिया। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को बुलाया था। फिलहाल पुलिस ने गुरुवार को आईटी एक्ट, सामूहिक दुष्कर्म और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर को जांच सौंपी है।

जानकारी के अनुसार, 11वीं कक्षा की छात्रा केशवपुरम इलाके में रहती है। वह पांच साल पहले वजीरपुर जेजे कॉलोनी में रहती थी, जहां उसकी मुलाकात सुयश नाम के युवक से हुई थी। पीड़िता के पिता की मौत हो चुकी है और मां वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्टरी में नौकरी करती है। उसने बताया कि वर्ष 2022 में सुयश ने अपने घर में उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। इस बीच पीड़िता के परिवार ने इलाका छोड़ दिया और बीते साल आरोपी की भी शादी हो गई।

पीड़िता ने बताया कि बुधवार रात को सुयश ने वीडियो डिलीट करने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। वहां सुयश और उसके मामा रोहित ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने सुबह सहेली को घटना के बारे में बताया। महिला आयोग से संपर्क कर पुलिस को शिकायत दी गई।

## मुंबई की उड़ान के समय में बदलाव

**नई दिल्ली- बरेली, कार्यालय संवाददाता।** इंडिगो ने एक अप्रैल से मुंबई-बेंगलुरु की फ्लाइट के समय में बदलाव किया है। हालांकि, दिल्ली के समय में अभी बदलाव नहीं हुआ है।

मुंबई-बरेली की फ्लाइट मुंबई से सुबह 10:40 बजे उड़ान भरकर दोपहर एक बजे बरेली एयरपोर्ट पहुंचेगी। यहां से वापसी में दोपहर 2:30 बजे चलकर शाम 6:50 बजे मुंबई पहुंचेगी। बेंगलुरु से सुबह 10:40 बजे उड़ान भरेगी। बरेली-मुंबई फ्लाइट सप्ताह में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को उड़ान भरती है।

# प्रगति मैदान के पास यातायात प्रभावित रहेगा

**ट्रैफिक अपडेट**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** प्रगति मैदान स्थित मंडपम में सोमवार शाम कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम शाम 4 से रात 10 बजे तक चलेंगे। इसके चलते प्रगति मैदान के समीप दोपहर से शाम तक यातायात प्रभावित रहने की संभावना है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इस कार्यक्रम में आम लोगों के लिए प्रवेश नहीं होगा। कार्यक्रम में केवल वही लोग शामिल होंगे, जिन्हें निमंत्रण मिला है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रगति मैदान के समीप मथुरा रोड, भैरों मार्ग और सुब्रमण्यम भारती मार्ग पर वाहनों को खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। सड़क पर लावारिस हालत में खड़ी गाड़ियों को क्रेन की मदद से उठाया जाएगा और उनके चालान किए जाएंगे। इन गाड़ियां को भैरों मार्ग स्थित ट्रैफिक पुलिस के बूथ पर ले जाया जाएगा।

यातायात पुलिस ने शाम 4 से रात 10 बजे तक लोगों से मथुरा रोड और भैरों मार्ग से दूर रहने की सलाह दी है। भैरों मार्ग, पुराना किला रोड, शेरशाह रोड, मथुरा रोड, सी- हेक्सागन और इंडिया गेट के आस पास के मार्गो से दूर रहने की अपील की गई है।




# सरकारी स्कूलों में छठी-नौवीं के दाखिले आज से

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** सरकारी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र को लेकर छठी से नौवीं तक में दाखिले की दौड़ सोमवार से शुरू हो रही है। योजनाबद्ध दाखिले के तहत फीडर स्कूल (नगर निगम स्कूल, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, निजी स्कूल) के छात्र नजदीकी पैरेंट स्कूलों में दाखिला ले सकेंगे।

जामा मस्जिद स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय नंबर-1 (उर्दू माध्यम) के प्रधानाचार्य गय्यूर अहमद ने बताया कि फीडर स्कूलों से पांचवीं उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के अभिभावक दाखिले के लिए एक अप्रैल से आ सकेंगे। वहीं, गैर योजनाबद्ध दाखिले के लिए आवेदन को शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट **https://www.edudel.nic.in/** पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। इसके तहत अलग-अलग तीन चरणों में दाखिला प्रक्रिया चलेगी। पहले चरण के तहत एक से आठ अप्रैल तक छठी से नौवीं में दाखिले के लिए आवेदन करें।

## धूल के कारण हवा खराब श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** धूल कणों की मात्रा बढ़ने के चलते रविवार को दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई। दिल्ली के ज्यादातर निगरानी केन्द्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 अंक से ऊपर रहा।

राजधानी में रविवार को हवा की गति 20 किलोमीटर प्रतिघंटे से ज्यादा रही। इसमें धूल के कणों की भी काफी मात्रा थी। इसके चलते प्रदूषण के स्तर में इजाफा हुआ है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 242 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। 23 मार्च को हवा खराब श्रेणी में थी। तब वायु गुणवत्ता सूचकांक 232 पर रहा था। अगले दो दिनों तक वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार की संभावना है।

# सोशल मीडिया पर 'क्लिक हियर' ट्रेंड, पुलिस ने चेताया

**सोशल मीडिया से**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** सोशल मीडिया पर रविवार को 'क्लिक हियर' तेजी से वायरल होता रहा। सफेद बैकग्राउंड की तस्वीर के साथ काले रंग में तीर के निशान ने यूजर्स को अपनी तरफ आकर्षित किया।

जैसे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह ट्रेंड वायरल हुआ, दिल्ली पुलिस भी 'एक्स' पर आ गई और एक तस्वीर साझा कर लिखा कि 'यहां क्लिक करें'। फिर, इस व्हाइट बैकग्राउंड की तस्वीर के विवरण में, उन्होंने जोड़ा कि अज्ञात लिंक पर क्लिक करोगे तो घोटाला हो सकता है। इस पोस्ट को 31 मार्च को शेयर किया गया था। पोस्ट किए जाने के बाद से इसे 40 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। शेयर पर 500 से ज्यादा लाइक्स और कई कमेंट्स भी हैं।

**यूजर्स ने पसंद किया तरीका :** एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, धन्यवाद दिल्ली पुलिस, अच्छी जानकारी अज्ञात लिंक ओपन करोगे तो धोखा मिलेगा। वहीं, दूसरे ने पोस्ट किया कि दिल्ली पुलिस इस चलन से बाहर रहने का जोखिम नहीं उठा सकती, जबकि एक अन्य यूजर ने इसपर कमेंट किया कि दिल्ली पुलिस भी कमाल है सर, लोगों में गजब की जागरुकता पैदा करती है।




वायरल तस्वीर। ● सोशल मीडिया से

### क्या है मामला

दरअसल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें काले रंग के अक्षरों में क्लिक हियर लिखा है। इसके साथ एक तीर का निशान और बाईं तरफ नीचे हल्के रंग में ऑल्ट लिखा हुआ है। ऐसे में आप जैसे ही ऑल्ट पर क्लिक करेंगे तो एक मैसेज या कैप्शन दिखाई देगा। लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच कई बड़ी पार्टियां भी इसका इस्तेमाल कर रही हैं। भाजपा, आम आदमी पार्टी, शिवसेना, कांग्रेस भी इस ट्रेंड का खूब इस्तेमाल कर रही हैं।

# पहल : घर पर ही सिर की चोट से उबारेगा एम्स

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** दर्दनाक मस्तिष्क की चोट (टीबीआई) से मरीजों को घर पर उबारने में एम्स मदद करेगा। न्यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की पहल पर न्यूरोट्रॉमा होम केयर एडवाइजरी जारी की गई है।

दरअसल, सिर की चोट से उबरने के लिए ट्रेकियोस्टोमी ट्यूब, फॉले कैथेटर और राइल्स ट्यूब सपोर्ट पर अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर पर उपचार में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस परेशानी को दूर करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

देखभाल के लिए सचित्र तैयार किए

एम्स में न्यूरो सर्जन डॉ. दीपक गुप्ता के अनुसार, मरीज की ट्रेकियोस्टोमी सहित दूसरी चीजों पर देखभाल के दौरान परिवार के सदस्यों को तकनीकी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। नर्सिंग स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण के बावजूद इसमें अक्सर गलती हो जाती है। इसके लिए सचित्र तैयार किए हैं। इसकी मदद से मरीज की देखभाल की जा सकती है। इसमें राइल्स ट्यूब होने पर मरीज के सिर को 30-45 डिग्री तक झुकाएं। ट्यूब को दबाएं और उसे सिरिंज से जोड़ें। फिर उसको भरें। प्रत्येक दवा को अलग-अलग दें और पानी से धोएं जैसी जानकारी दी गई है।

बता दें कि हादसे में लगभग 50 फीसदी मौत दर्दनाक मस्तिष्क की चोट से संबंधित होती है। इसकी दर हर तीन मिनट की है, जबकि देश में हर वर्ष दस लाख लोग दिव्यांग हो जाते हैं।

### घर भेजे जाने से खराब हो जाता है प्रदर्शन

डॉ. दीपक गुप्ता ने कहा कि पुनर्वास सेवाओं/केंद्रों की कमी के कारण घर भेजे जाने के बाद मरीज का प्रदर्शन खराब हो जाता है। 80 फीसदी मरीजों को शुरुआत के बाद छुट्टी दे दी जाती है या सिर की चोट से उबारने के लिए दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाता है। हम मरीजों को सचित्र उपलब्ध कराने के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर के नर्सिंग स्टाफ के विशेष रूप से आभारी हैं। सोसाइटी की ओर से यह अनूठी परियोजना की शुरुआत है।

## परवेज अहमद की अर्जी खारिज

**नई दिल्ली, व.सं.।** पटियाला हाउस कोर्ट ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की दिल्ली इकाई के प्रमुख परवेज अहमद की जमानत याचिका खारिज कर दी। परवेज अहमद को ईडी ने नकद दान की आड़ में मनी लॉन्ड्रिंग में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था। अहमद ने याचिका में तर्क दिया कि उसकी लगातार कैद अनुचित थी और मुकदमे के शीघ्र समाप्त होने की कोई संभावना नहीं थी।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय,
राष्ट्रपति संपदा, नई दिल्ली–04
Dr. Rajendra Prasad Kendriya Vidyalaya,
President's Estate, New Delhi - 04
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

बालवाटिका - 3 एवं कक्षा - 1 में प्रवेश सूचना (सत्र - 2024 - 25)

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय, राष्ट्रपति संपदा, नई दिल्ली–110004 में बालवाटिका– 3 एवं कक्षा–1 में प्रवेश के लिए इच्छुक अभिभावक ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 01–04–2024 (सोमवार) प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 15–04–2024 (सोमवार) सांय 5:00 बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं। बालवाटिका– 3 के लिए बच्चों की उम्र 31 मार्च 2024 को पांच वर्ष व अधिक लेकिन छह वर्ष से कम होनी चाहिए। कक्षा–1 के लिए बच्चे की उम्र 31 मार्च 2024 को छह वर्ष व अधिक लेकिन आठ वर्ष से कम होनी चाहिए। अत: पंजीकरण हेतु विद्यालय की वेबसाइट www.drrajendraprasadpe.kvs.ac.in/announcement पर जाएँ.

Contact: 011–23010380, ईमेल – rpkvadmission@gmail.com

प्राचार्या
(डॉ. चारू शर्मा)

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों की नीलामी

निम्नलिखित राज्य सरकार ने कुल ₹16,100/- करोड़ (अंकित मूल्य) की राशि के लिए नीलामी के माध्यम से प्रतिभूतियों की बिक्री करने का प्रस्ताव किया है।

| अ. क्र. | राज्य/ कें.प्र. | अधिसूचित राशि (₹ करोड़) | अतिरिक्त अंशदान विकल्प (₹ करोड़) | अवधि (वर्षों में) | नीलामी का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 500 | - | 6 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,000 | - | 17 | प्रतिफल आधारित |
| | | 500 | - | 18 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,000 | | 19 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,000 | - | 20 | प्रतिफल आधारित |
| 2. | हिमाचल प्रदेश | 1,000 | - | 20 | प्रतिफल आधारित |
| 3. | महाराष्ट्र | 2,000 | - | 15 | प्रतिफल आधारित |
| | | 2,000 | - | 17 | प्रतिफल आधारित |
| | | 2,000 | - | 18 | प्रतिफल आधारित |
| 4. | मेघालय | 100 | - | 10 | प्रतिफल आधारित |
| 5. | पंजाब | 1,500 | - | 8 | प्रतिफल आधारित |
| | | 1,500 | - | 13 | प्रतिफल आधारित |
| 6. | तमिलनाडु | 1,000 | - | 10 | प्रतिफल आधारित |
| 7. | तेलंगाना | 1,000 | - | 12 | प्रतिफल आधारित |
| | कुल | 16,100 | | | |

यह नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक की कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई-कुबेर) पर एकाधिक मूल्य पद्धतिमें 02 अप्रैल 2024 (मंगलवार) को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (https://rbiretaildirect.org.in) के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर 28 मार्च 2024 (गुरुवार) की प्रेस प्रकाशनी देखें।

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

आनंद पर्वत इलाके में होली के दिन दंपती के घर रंग खेलने गया था, अवैध संबंध में वारदात की आशंका

# युवक की हत्या कर शव घर में दफनाया

सनसनीखेज

■ हेमंत कुमार पांडेय

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। आनंद पर्वत इलाके में 35 वर्षीय युवक की हत्या कर शव को घर में दफनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर फरार दंपत्ती की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस अवैध संबंध को हत्या की वजह मानकर चल रही है।

जानकारी के अनुसार, माधव आनंद पर्वत इलाके में गुलशन चौक के पास किराए के मकान में रहता था। वह स्थानीय फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक का परिवार गांव में रहता था इसलिए उसकी नजदीकी इलाके में रहने वाले राकेश और उसकी पत्नी ज्योति से हो गई थी। बताया जाता है कि होली के दिन माधव ने अपने मकान मालिक को फोन रखने के लिए देते हुए कहा कि वह होली खेलने जा रहा है और इसलिए भीग सकता है। इसके बाद से माधव का कोई पता नहीं चला।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब उसकी कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजनों ने दिल्ली में रहने वाले रिश्तेदार राकेश से संपर्क किया। राकेश बुधवार को मकान मालिक के पास गया तो माधव के गायब होने की सूचना मिली। इसके बाद राकेश ने आनंद पर्वत थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस इस मामले में दंपत्ति पर हत्या का शक जाहिर कर रही है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है।

### पुलिस ने कॉल डिटेल से जानकारी खंगाली

जांच से जुड़े वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि माधव का फोन मकान मालिक ने सौंपा। फोन की जांच से पता चला कि माधव ने आखिरी बार फोन राकेश और ज्योति को किया था। इसके बाद पुलिस दंपति के घर पहुंची तो वहां ताला लगा हुआ था।

### फर्श देखकर शक हुआ

लोगों ने बताया कि परिवार होली के बाद से गायब है। पुलिस ने आसपास जांच की और शक होने पर रविवार को तलाशी के लिए दंपत्ति के घर का ताला तोड़ा। पुलिस जब घर में गई तो देखा कि फर्श नया नया बना है और शक होने पर इसे तोड़ा गया। इसके बाद जमीन की खुदाई शुरू हुई और माधव का शव बरामद कर लिया गया।

## महिला के विवाद में मारी थी गोली, दबोचा

फॉलोअप

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। उत्तर-पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने रविवार को शास्त्री पार्क में महिला के विवाद को लेकर हत्या में मुख्य आरोपी यासीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक महिला का प्रेमी है और उससे शादी करना चाहता है, जबकि मृतक मुस्तकीम महिला के पति का दोस्त था। वारदात वाले दिन दोनों महिला से मिलने गए थे। इसी दौरान हुए झगड़े में आरोपी ने दोनों पर गोली चला दी थी।

पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि आरोपी यासीन न्यू सीलमपुर इलाके का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस को तीन कारतूस समेत एक पिस्टल बरामद हुई है। 22 वर्षीय यासीन पर चार अन्य आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। 26 मार्च को पुलिस को बुलंद मस्जिद इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि वारदात में घायल मुस्तकीम को अस्पताल ले जाया चुका है जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मुस्तकीम पेशे से चांदनी चौक में कपड़े की एक दुकान में सेल्समैन था। पुलिस को मौके से दो कारतूस की खोल व एक कारतूस बरामद हुई।

शिकायतकर्ता सोहेल ने बताया कि चार साल पहले उसकी इशरत नामक लड़की से शादी से हुई थी। उनकी डेढ़ साल की एक बच्ची है। नवंबर 2023 में उनका तलाक हो गया था। इशरत फिलहाल गाजियाबाद के कौशांबी में एक बार में काम करती है। इशरत और यासीन शादी करना चाहते थे।

वारदात वाले दिन सोहेल अपने दोस्त मुस्तकीम के साथ इशरत के पास गया था। वहां इशरत यासीन के साथ मौजूद थी। इस दौरान उनके बीच झड़प हुई और यासीन ने दोनों पर गोली चला दी। इस दौरान सोहेल तो बच गया लेकिन मुस्तकीम के सीने पर एक गोली लग गई। इसके बाद यासीन मौके से फरार हो गया था। मामला दर्ज स्पेशल स्टाफ इंचार्ज राहुल अधिकारी की टीम ने जांच शुरू की।

पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व तकनीकि टीम की मदद से आरोपी के रुट का पीछा किया। स्थानीय सूत्रों की निशानदेही पर दिल्ली व उत्तर प्रदेश में आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। इसके बाद रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी यासीन को वेलकम के पीली मिट्टी इलाके से गिरफ्तार कर पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिया।

### तलाक के बाद भी प्रेमिका से मिलने पर नाराज था

पुलिस टीम ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकनीकी टीम की मदद से आरोपी के रूट का पीछा किया। स्थानीय सूत्रों की निशानदेही पर दिल्ली व उत्तर प्रदेश में आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। इसके बाद रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी यासीन को वेलकम के पीली मिट्टी इलाके से गिरफ्तार कर पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि सोहेल तलाक के बाद भी इशरत से असमय मिलने आता रहता था। यासीन को ये बात पसंद नहीं थी। इसके चलते वारदात वाले दिन हाथापाई के बाद उसने गोली चला दी।



## जानलेवा हमले में तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। क्राइम ब्रांच ने मंगोलपुरी में गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में शनिवार रात दो सगे भाई समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों में दोनों भाई मंगोलपुरी थाने के घोषित बदमाश हैं। इन्होंने इलाके में दबदबा कायम करने के लिए गोली चलाई थी।

आरोपियों में 37 वर्षीय आसमान, 40 वर्षीय बलदेव और 23 वर्षीय राज उर्फ गोल्डी शामिल हैं। आरोपी बलदेव ने बताया कि वह अपने भाई आसमान के साथ मिलकर मंगोलपुरी में अपना गैंग चलाता है।

## ज्वेलरी शोरूम में लाखों की चोरी

नई दिल्ली (व.सं)। सदर बाजार इलाके में शुक्रवार रात को ज्वेलरी शोरूम का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने चोरी हो गए।

पुलिस के अनुसार, मन्नू सिंह का पहाड़ी धीरज इलाके में ज्वेलरी का शोरूम है। वह शुक्रवार को शोरूम बंदकर घर गए थे। जब वह सुबह पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। शोरूम के अंदर रखा हुआ सवा दो लाख रुपये और दो सौ ग्राम सोने के गहने गायब थे। गनीमत रही कि मालिक अन्य गहने साथ लेकर घर चला गया था। फिलहाल, पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## शहर 30s

### स्कॉर्पियो की टक्कर से मां-बेटी की मौत

नई दिल्ली। गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन के पास गुरुवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो सवार मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक का इलाज चल रहा है। स्कॉर्पियो कार चालक को मौके से ही गिरफ्तार कर कार जब्त कर ली गई। उसकी पहचान फरुखनगर, गुरुग्राम निवासी 28 वर्षीय प्रवीण के रूप में हुई है। मां-बेटी की पहचान फरुखाबाद, यूपी निवासी 60 वर्षीय जरीना और 20 वर्षीय मदीना रूप में हुई है।

### हिट एंड रन मामले में कैंटर चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली। आरकेपुरम पुलिस ने रविवार को हिट एंड रन मामले में एक कैंटर चालक को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान यूपी के जालौन निवासी लक्ष्मीकांत के रूप में हुई। आरोपी 12 मार्च को शादीपुर के मोहम्मद इरफान को टक्कर मारने के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने दिल्ली और गुरुग्राम में 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद इसे दबोचकर गाड़ी जब्त कर ली। आत्माराम कॉलेज के पास लगे सीसीटीवी में आरोपी का सुराग मिला।

### एस्केलेटर फ्लोर प्लेट चुराने वाला दबोचा

नई दिल्ली। आरकेपुरम थाना पुलिस ने शनिवार को एक कुख्यात बदमाश संदीप उर्फ काला को गिरफ्तार किया। आरोपी सेक्टर- 13 में रहता है और सरोजिनी नगर थाने का घोषित अपराधी है। इसके पास से दो एस्केलेटर फ्लोर प्लेट बरामद हुए। इनकी कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि इस बारे में सोम प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सुपरवाइजर ऋषिराज ने शिकायत दी थी। आरोपी किराये पर स्कूटी लेकर वारदात को अंजाम देता था।

### मोबाइल चुराने वाले दो बदमाश हत्थे चढ़े

नई दिल्ली। संगम विहार थाना पुलिस ने रविवार को चोरी के मोबाइल के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ विशू और सोहेल के रूप में हुई। विशाल संगम विहार थाने का घोषित अपराधी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार को रतिया मार्ग बस स्टॉप के पास रात करीब 12:10 बजे दो संदिग्ध घूमते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने पीछा कर आरोपियों को दबोच लिया।

### बुजुर्ग से स्कूटी लूटने वाले तीन बदमाश पकड़े

नई दिल्ली। छावला पुलिस ने बुजुर्ग से स्कूटी लूटने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। फॉर्च्यूनर कार सवार बदमाशों ने स्कूटी छू जाने पर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों की पहचान सत्येंद्र, मंजीत और राहुल के रूप में हुई। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से स्कूटी और कार बरामद की है। जांच में आरोपी सत्येंद्र पर 17 आपराधिक मामले, मंजीत पर हत्या के प्रयास और राहुल पर जबरन वसूली के मामले दर्ज मिले हैं। पुलिस बदमाशों से अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है, ताकि गिरोह का खुलासा हो सके।

### अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर कार्यशाला आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की तरफ से कई कॉलोनियों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन होगा। इसमें पर्यावरण के लिए काम करने वाली गैर सरकारी संस्था से जुड़े लोग कॉलोनी के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देंगे और जानकारी साझा करेंगे। इसके अलावा एकल प्लास्टिक की वस्तुओं के उपयोग न करने के बारे में संदेश दिया जाएगा।

### एनडीएमसी स्कूलों में 30 तक प्रवेश मिलेगा

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित अटल आदर्श विद्यालयों में पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के लिए प्रवेश एक अप्रैल यानी सोमवार से शुरू होंगे। एनडीएमसी के मुताबिक यह प्रवेश प्रक्रिया 30 अप्रैल तक चलेगी। हालांकि, अलग-अलग कक्षाओं में प्रवेश, उन कक्षाओं में मौजूद सीटों के आधार पर दिया जाएगा। जबकि, नौवीं और दसवीं में प्रवेश के लिए अलग से कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि, नवीं कक्षा में किसी विद्यालय में अगर कोई सीट उपलब्ध होती है तो वह उस विद्यालय के स्तर पर ही भरी जाएगी।



### राजधानी के गिरजाघरों में ईस्टर पर मोमबत्तियां जलाईं

प्रभु यीशु के पुनरुत्थान पर ईस्टर वाले दिन रविवार को गिरजाघरों में प्रार्थना हुई। दिल्ली के अलग-अलग गिरजाघरों में सुबह से लेकर शाम तक प्रार्थना के लिए लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा। गोल मार्केट स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल गिरजाघर में भी लोग बड़ी तादाद में प्रार्थना के लिए पहुंचे। मोमबत्तियां जलाकर प्रार्थना की। • अरविंद यादव

## गैस पाइपलाइन फटने से आग लगी

हादसा

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। बुराड़ी इलाके में शनिवार देर रात नाले की खुदाई के दौरान आईजीएल की गैस पाइपलाइन फटने से आग लग गई। हादसे में एक मजदूर की झुलसने से मौत हो गई। इसकी पहचान प्रवीन के रूप में हुई। पुलिस ने लापरवाही से मौत की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदीप विहार के गेट संख्या-दो के पास जल बोर्ड द्वारा सीवर लाइन बिछाने का काम चल रहा है, लेकिन इसमें आईजीएल की गैस पाइपलाइन बाधा बन रही थी। इसलिए आईजीएल ने पाइपलाइन हटाने का ठेका एक कंपनी को दिया था। इसी कंपनी के दो मजदूर प्रवीन और राजकुमार गड्ढे की खुदाई कर रहे थे। तभी फावड़े से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और गैस का रिसाव होने से आग लग गई।

इस दौरान काम कर रहा प्रवीन गड्ढे में गिर गया और राजकुमार झुलस गया। तत्काल दमकल और पुलिस टीम को बुलाया गया। किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक प्रवीन बुरी तरह झुलस चुका था। प्रवीन और राजकुमार को बुराड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रवीन को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद राजकुमार को एलएनजेपी अस्पताल भेज दिया गया।



बुराड़ी में शनिवार को पाइपलाइन में रिसाव के बाद लगी आग।

## कारोबारी के घर पर गोलीबारी

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर इलाके में रविवार को कारोबारी के घर के बाहर गोलीबारी का मामला सामने आया है। गनीमत रही कि गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ।

जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि मामले में शिकायतकर्ता विकास शर्मा ने बताया कि वह पेशे से कारोबारी हैं। उन्हें पिछले साल कुछ लोगों से धमकियां मिली थीं। उनकी शिकायत पर उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई गई थी जोकि वर्तमान में भी जारी है। फिलहाल मोती नगर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## हवलदार को कार के बोनट पर लटकाकर घुमाया, धरा

■ शालीमार बाग इलाके में रोड पर गिराकर भाग गया था

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। शालीमार बाग इलाके में कार चालक ने शुक्रवार शाम चालान से बचने के लिए ट्रैफिक हवलदार को बोनट लटकाकर पांच सौ मीटर तक घुमाया। बाद में सड़क किनारे गिराकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अशोक विहार निवासी हवलदार मनीष कुमार ट्रैफिक सर्कल में तैनात हैं। वह अपने सहकर्मियों के साथ हैदरपुर में मधुबन चौक से मुकरबा की तरफ जाने वाली सड़क पर तैनात थे। तभी एक कार रंगीन शीशे लगाकर आती दिखाई दी। मनीष ने चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने रफ्तार बढ़ा दी। इसकी वजह से मनीष कार के बोनट पर गिर गया और चालक जेल रोड की तरफ जाने लगा। कुछ दूर जाने के बाद उसने पुलिसकर्मी को सड़क पर गिरा दिया और फरार हो गया।

शालीमार बाग थाने में एफआईआर दर्ज कर एसआई विपिन राठी और एएसआई चरण सिंह की टीम ने शनिवार को कार को बुध विहार से बरामद कर चालक जतिन को गिरफ्तार कर लिया।

## शाहदरा में महिला से 17 लाख हड़पे

नई दिल्ली, (क.सं)। शाहदरा इलाके में एक महिला से वर्क फ्रॉम होम से कमाई के नाम पर 17 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। जिले की साइबर पुलिस ने गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पहचान हरियाणा के भिवानी निवासी 45 वर्षीय पुष्कर कौशिक के रूप में हुई। पीड़िता को छह लाख रुपये वापस भी मिल गए।

पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शिकायतकर्ता पायल अमित आनंद के पास तीन अक्तूबर, 2023 को एक कॉल आई थी। कॉलर ने ऑनलाइन काम करके रुपये कमाने का झांसा देकर कई बार में 17 लाख रुपये ठग लिए थे।

## शादी का झांसा देकर युवतियों से ठगी, दो पकड़े

शिकंजा

नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता। शाहदरा जिले की साइबर पुलिस ने मैट्रिमोनियल वेबसाइटों के जरिए शादी का झांसा देकर युवतियों को ठगने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सागरपुर निवासी रंजीत रंजन ठाकुर और सीतापुरा, द्वारका निवासी प्रशांत के रूप में हुई है।

आरोपी रंजीत स्नातक है और दो बच्चों का पिता है। पुलिस ने आरोपी रंजीत के पास से एक और प्रशांत के पास से दो मोबाइल बरामद किए हैं। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि युवतियों को झांसे में लेने के लिए आरोपी खुद को चिकित्सक, अभियंता व अन्य उच्च पदों पर तैनात अधिकारी बताते थे। दोनों आरोपी अब तक 70 से ज्यादा युवतियों व महिलाओं को अपना शिकार बना चुके हैं। इन दोनों को पुलिस ने अलग- अलग दो मामलों में गिरफ्तार किया है। आरोपी रंजीत रंजन ने बताया कि वह अब तक खुद को चिकित्सक व उच्च अधिकारी बताकर 50 से ज्यादा महिलाओं व युवतियों को शादी के नाम पर ठग चुका है।

### खुद को अधिकारी बताया, जरूरी काम बताकर दो लाख रुपये खाते में डलवाए

केस 1

शाहदरा जिले की एक युवती ने **jeewansathi.com** पर अपना खाता बना रखा था। कुछ दिनों पहले राजबीर शर्मा नामक एक युवक से उसकी मुलाकात हुई थी। राजबीर ने खुद को बड़ा अधिकारी बताया और पीड़िता से शादी की इच्छा जाहिर की। एक दिन अचानक आरोपी ने पीड़िता से आवश्यक काम बता कर 2.17 लाख रुपये ले लिए। बाद में आरोपी की प्रोफाइल व फोटो इत्यादि फर्जी निकली तो 28 मार्च को पीड़िता ने शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने प्रशांत को द्वारका के सीतापुरी से गिरफ्तार कर लिया।

### पीड़िता ने वेबसाइट पर बनाया था खाता, चिकित्सक बताकर विवाह का प्रस्ताव

केस 2

पुलिस को 29 मार्च को ऐसे ही एक और ठगी की शिकायत मिली थी। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने शादी के लिए लड़के पसंद करने के लिए **sathi.com** पर अपना खाता बनाया हुआ है। कुछ समय पहले वेबसाइट पर उनसे मिले अमन शर्मा ने खुद चिकित्सक बताया और शादी की इच्छा जाहिर की। इसके बाद जरूरी काम के नाम पर 1.13 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीमों ने सीडीआर, बैंक खाते की मदद से रंजीत रंजन की पहचान कर उसे सागरपुर से दबोच लिया गया।

एनसीआर

## स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में देरी

अड़चन

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी हो सकती है। लोक लेखा समिति ने बिल्डर और प्राधिकरण अधिकारियों को मिलकर परियोजना में खेल सुविधाएं विकसित करने समेत आ रहीं अन्य अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के पांच माह बाद भी इस पर कोई काम नहीं हुआ, इसीलिए फ्लैटों की रजिस्ट्री अटकी हुई है।

इस परियोजना में लोग करीब सात वर्ष से रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं। लोक लेखा समिति ने प्राधिकरण अधिकारियों को निर्देश दिया था कि भूखंड संख्या-एससी-02, सेक्टर-150 वाली परियोजना को आगे बढ़ाएं। यहां जरूरत के हिसाब से जमीन उपलब्ध है और अंतरराष्ट्रीय खेल सुविधाएं विकसित हो सकती हैं। ऐसे में खेल सुविधाएं विकसित करा इसको पूरा कराएं। यहां पर जो रुकावटें हैं, उनको बिल्डर-प्राधिकरण अधिकारी मिलकर दूर करें। अधिकारियों की ओर से दावा किया जाता रहा कि आचार संहिता लगने से पहले बोर्ड बैठक कर इसमें समाधान के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। अब आचार संहिता लग चुकी है। ऐसे में चार जून के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। गौरतलब है कि स्पोर्ट्स सिटी से जुड़े बिल्डरों पर करीब 8300 करोड़ रुपये बकाया हैं।

**सीएजी ने पकड़ी गड़बड़ी :** बीते 10-15 वर्ष पहले अलग-अलग पांच सेक्टरों में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना लाई गई थी। सेक्टर-78, 79, 101, 150 और 152 में बिल्डरों को जमीन दी गई। प्राधिकरण ने इसके लिए बिल्डरों को सस्ते दामों पर जमीन दी थी। इसमें 70 प्रतिशत हिस्से में खेल सुविधाएं, 28 में आवासीय और 2 प्रतिशत में व्यावसायिक गतिविधि की जा सकती हैं, लेकिन यहां पर बिल्डरों ने मुनाफे के लिए खेल की बजाए अधिकांश हिस्से में फ्लैट और व्यावसायिक गतिविधियां कीं। इसमें बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा हुआ।



### जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं

बिल्डरों को फायदा पहुंचाने वाले और मौके पर परियोजना की ठीक ढंग से जांच न करने वाले किसी भी अफसर पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। लेखा समिति के निर्देश पर एक साल पहले अप्रैल में ही शासन ने जिम्मेदार अफसरों को चिह्नित करने के लिए एक कमेटी गठित की थी।

### अमिताभकांत समिति की सिफारिशें लागू नहीं

पिछले साल खरीदारों की सहूलियत के लिए अमिताभकांत समिति की सिफारिशों को लागू किया गया था। इसमें बिल्डरों को कोरोना काल के दौरान 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक के दौरान जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। इस परियोजना को इसमें शामिल नहीं किया गया।

"स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का समाधान निकालने के लिए प्रयास चल रहे हैं। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसको आगे बढ़ाया जाएगा। -मनोज कुमार सिंह, औद्योगिक विकास आयुक्त

## शराब न देने पर सेल्समैन की गोली मारकर हत्या

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के न्यू हैबतपुर गांव स्थित शराब के ठेके के सेल्समैन हरिओम की शनिवार रात दो बजे तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। शराब देने से मना करने पर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

गोली लगने से घायल सेल्समैन को अन्य सहयोगियों की मदद से नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फरार बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं।

### फावड़े से ताबड़तोड़ हमला कर पत्नी को मार डाला

लोनी। लोनी थाने की मुस्तफाबाद कॉलोनी में शनिवार रात अय्यूब ने फावड़े से ताबड़तोड़ हमला कर पत्नी फरजाना की हत्या कर दी। मां को बचाने आए बेटा और बेटी भी इस दौरान घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

पिता के खिलाफ बेटे अरहम ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस हत्यारोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

## नूंह सीमा क्षेत्र से 30 जालसाज धरे

नूंह। नूंह की साइबर पुलिस की टीम ने नूंह समेत राजस्थान के अलवल, भरतपुर आदि गांवों में छापेमारी कर 30 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। इनसे 50 मोबाइल फोन, 90 सिम कार्ड आदि बरामद किए हैं।

आरोपी गांव के खेतों में बैठकर कॉल सेंटर चलाते थे और देशभर के लोगों से ठगी करते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा किए गए प्रतिबिंब ऐप की मदद ली गई। इससे आरोपियों के लोकेशन की जानकारी प्राप्त की गई। टीम ने गांव देसी, सिटी नूंह स्थित वार्ड नंबर-आठ, पंचगामा आदि से आरोपियों को पकड़ा।

## फरीदाबाद के डॉक्टर पर धर्मांतरण कराने का आरोप

सोशल मीडिया से

फरीदाबाद/गुरुग्राम (क.सं)। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एक सोसाइटी में रविवार दोपहर गुरुग्राम से आए एक दंपति ने धर्मांतरण का आरोप लगाते जमकर हंगामा किया। वह सोसाइटी निवासी एक डॉक्टर परिवार पर उसके बेटे का धर्मांतरण कराने का आरोप लगा रहे थे। सोसाइटी में दोनों परिवार के बीच हुई कहासनी का एक वीडियो वायरल हो गया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार का कहना है कि जनवरी 2023 से पहले तक वह ओमेक्स स्पा सोसाइटी में रह रहे थे। सोसाइटी में एक डॉक्टर का परिवार भी रहा रहा है। डॉक्टर मौजूदा समय में विदेश में है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि साल-2022 में उसके 16 वर्षीय बेटे की मुलाकात आरोपी डॉक्टर से हुई। डॉक्टर उससे जिम में मिलता था और अपने समुदाय के बारे में बताता था। उसका धर्म परिवर्तन करवा दिया। जनवरी 2023 में वह बेटे को लेकर गुरुग्राम रहने चले गए। बीपीटीपी थाना की पुलिस जांच में जुटी है।

सहूलियत | पहले दिन दोनों स्थानों के लिए विमान में सीटें फुल रहीं, अयोध्या- लखनऊ के लिए भी जल्द उड़ान शुरू होगी

## हिंडन से जालंधर और नांदेड़ की उड़ान शुरू

अच्छी खबर

ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता। हिंडन से जालंधर के अदमपुर एयरपोर्ट और नांदेड़ (महाराष्ट्र) की उड़ान रविवार से शुरू हो गई। पहले दिन दोनों स्थानों के लिए विमान की सीटें फुल रहीं। नांदेड़ के साथ उड़ान से बेंगलुरु जाना भी आसान होगा।

पहले दिन यात्रियों ने काफी उत्साह दिखा। यहां 127 यात्री पहले दिन उतरे और 137 यात्रियों ने जालंधर के अदमपुर और नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए उड़ान यहां से पकड़ी। हिंडन से किशनगढ़ की उड़ान 16 फरवरी को शुरू हुई थी।

किशनगढ़ के बाद अब जालंधर से हिंडन होते हुए नांदेड़ और बेंगलुरु की उड़ान सेवा भी स्टार एयरलाइंस ने शुरू कर दी है। यह रोजाना मिलेगी। स्टार एयरलाइंस के प्रबंधक संदीप सुरेश ने बताया कि नांदेड़ से हिंडन एयरपोर्ट पर 73 यात्री उतरे और 74 शाम के विमान में नांदेड़ के लिए हिंडन से सवार हुए। उन्होंने कहा कि जल्द ही अयोध्या और लखनऊ के लिए भी यहां से उड़ान शुरू होंगी।

### निर्धारित किराया

- हिंडन से जालंधर : इकॉनोमी क्लास की टिकट 1,500 रुपये से शुरू होगी और बिजनेस क्लास का सफर 5,555 रुपये से शुरू होगा।
- हिंडन से नांदेड़ : इकॉनोमी क्लास की टिकट 5,600 रुपये और बिजनेस क्लास की टिकट 8,888 रुपये से शुरू होगी।
- हिंडन से बेंगलुरु : इकॉनोमी क्लास की 8,600 रुपये और बिजनेस क्लास की टिकट पौने 18 हजार रुपये से शुरू होगी।

### बेंगलुरु जाना आसान हुआ

डेढ़ माह में गाजियाबाद का हिंडन एयरपोर्ट तीन शहरों से सीधे तौर पर जुड़ा है। नांदेड़ वाली उड़ान से बेंगलुरु की कनेक्टिविटी भी हो गई है। अब जल्द कई अन्य शहर भी जुड़ेंगे। सबसे पहले लखनऊ और अयोध्या के लिए उड़ान शुरू करने की तैयारी है। इसके साथ ही गुजरात के मुंद्रा की उड़ान के लिए भी एयरलाइंस कंपनियां एयरपोर्ट का निरीक्षण कर चुकी हैं। जल्द ही इन शहरों की उड़ान शुरू हो सकती है। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में है।

## लिफ्ट में बच्चे 45 मिनट तक फंसे

ट्रांस हिंडन। वसुंधरा सेक्टर-11 स्थित एकदंत द्रोणागिरी अपार्टमेंट में रविवार शाम तीन बच्चे लिफ्ट में 45 मिनट तक फंसे रहे। चाबी के काम न करने के कारण गेट तोड़कर बच्चों को निकाला गया। बच्चे दहशत में हैं। लोगों ने घटना को लेकर रोष जताया है।

सोसाइटी निवासी अमित शंकर ने बताया कि उनका बेटा अर्क शंकर, युवराज सिंह और कौस्तुभ तीनों खेलने गए थे। लौटते समय बी ब्लॉक की लिफ्ट में प्रवेश किया। छठे तल पर लिफ्ट रुकती, लेकिन इससे पहले चौथे और पांचवे तल पर लिफ्ट रुक गई। आरोप है कि पैनिक बटन काम नहीं किया, जिसके बाद तीनों बच्चे डर गए।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

# आइए मतदान करें गर्व के साथ

## मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार

~97 करोड़ पंजीकृत मतदाता

~10.5 लाख मतदान केंद्र

~1.5 करोड़ मतदान अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी



CBC52101/13/0020/2324

**QR कोड स्कैन करें और मतदाता शपथ लें**

इस QR कोड को स्कैन करके और **#IVoteForSure** का उपयोग करके अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करें तथा **विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र** में अपनी शपथ दर्ज कराएँ

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें **1950**

**मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और** अपने निर्वाचन क्षेत्र में **मतदान की तारीख जानने के लिए** QR कोड को स्कैन करें

**#IVoteForSure** **#MeraVoteDeshKeLiye**

fb.com/ECI @ecisveep youtube.com/eci /company/election-commission-of-india-official @ecisveep Election Commission of India



कभी कांग्रेस का गढ़ थी नागपुर लोकसभा सीट, 1996 के चुनाव में बनवारीलाल ने पहली बार भाजपा का खाता खोला था

# भाजपा को चौके की चाह, कांग्रेस वापसी को बेताब

**वीआईपी सीट**
**नागपुर**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्यालय नागपुर कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। देश के पहले आम चुनाव से लेकर 2009 तक इस सीट पर कांग्रेस ने 12 बार जीत दर्ज की है। वहीं भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1996 में कमल खिलाया। इसके बाद 2014 और 2019 में नितिन गडकरी ने पार्टी को जीत दिलाई। अब गडकरी को हैट्रिक और पार्टी को जीत का चौका लगाने की आस है। वहीं कांग्रेस भी खोई सीट पर वापसी के लिए कमर कसकर मैदान में उतर चुकी है।

वर्ष 1952 से 57 तक ये सीट कांग्रेस के पाले में थी। 1962 में कांग्रेस के पूर्व नेता माधव श्रीहरि अणे स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे और जीते लेकिन इसके बाद ये सीट फिर कांग्रेस के पाले में चली गई थी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार 1977 से 2019 तक हुए 12 चुनावों में नौ बार कांग्रेस जबकि तीन बार भाजपा जीती है। भाजपा इस सीट को लगातार तीसरी बार जीत कर हैट्रिक लगाने की तैयारी में है। कांग्रेस ने इस सीट पर नितिन गडकरी के खिलाफ विकास ठाकरे को मैदान में उतारा है।

**1996 में पहली बार खुला भाजपा का खाता:** वर्ष 1996 के आम चुनाव में भाजपा ने पहली बार इस सीट पर जीत दर्ज की थी। बनवारीलाल पुरोहित इस सीट पर जीतने वाले पहले भाजपा नेता बने। 1998 से 2004 तक यहां कांग्रेस का कब्जा था। विलास मुत्तेमवार लगातार चार बार सांसद बने।

**विधानसभा में भाजपा मजबूत:** नागपुर संसदीय सीट के छह विधानसभा सीटों में से दो पर कांग्रेस और चार पर भाजपा का कब्जा है। नागपुर सीट पर एससी और एसटी मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं।

इस सीट पर करीब साढ़े चार लाख एससी मतदाता हैं, वहीं एसटी मतदाताओं की संख्या करीब दो लाख है। मुस्लिम मतदाताओं की आबादी भी करीब 2 लाख है। इस सीट पर करीब साढ़े तीन लाख वोटर मराठी हैं जबकि ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या एक लाख है।

**2024**

कुल मतदाता 22,22,434
पुरुष मतदाता 11,12,739
महिला मतदाता 11,09,473




**2019**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नितिन गडकरी | भाजपा | 6,60,221 | 55.7% |
| नाना पटोले | कांग्रेस | 4,44,212 | 37.5% |

**2014**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नितिन गडकरी | भाजपा | 5,87,767 | 54.2% |
| विलास मुतेमवार | कांग्रेस | 3,02,939 | 27.9% |

## नागपुर पश्चिम से विधायक हैं विकास ठाकरे



नागपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विकास ठाकरे नागपुर पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक और नागपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। नागपुर नगर निगम के पूर्व मेयर ठाकरे ने 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के सुधाकर देशमुख को हराया था।

## नागपुर की विशेषताएं

- नागपुर को महाराष्ट्र का विंटर कैपिटल कहा जाता है। इसके साथ ही इसकी पहचान ऑरेंज सिटी के तौर पर भी होती है।
- नागपुर सड़क मार्ग का भी बड़ा केंद्र हैं क्योंकि देश के दो मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग कन्याकुमारी-वाराणसी (एनएच-7) और हजिरा-कोलकाता (एनएच-6) नागपुर से ही गुजरता है।
- नागपुर महाराष्ट्र का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। यहां के मंदिर, ऐतिहासिक इमारतें पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।
- नागपुर से छत्तीसगढ़ की सीमा लगती है। नागपुर में आरएसएस का मुख्यालय भी स्थित है।

## विकासपरक सोच है गडकरी की पहचान



भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की पहचान विकासपरक सोच वाले नेता के रूप में होती है। वह जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर आसीन हुए तो पार्टी के सबसे युवा अध्यक्ष बने थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने नितिन गडकरी को नागपुर से मैदान में उतारा। गडकरी ने कांग्रेस के दिग्गज नेता विलास मुत्तेमवार को 2,84,828 वोटों से हराया था। इस चुनाव में गडकरी को 5.87 लाख से अधिक वोट मिले थे। 2019 के चुनाव में भी गडकरी ने चुनाव लड़ा और कांग्रेस उम्मीदवार नानाभाई फाल्गुन राव पटोले को मात देते हुए बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। गडकरी को 55 फीसदी से अधिक वोट मिले थे।

## कब कौन जीता

| वर्ष | निर्वाचित | दल |
|---|---|---|
| 1952 | अनसुइयाबाई काले | कांग्रेस |
| 1957 | अनसुइयाबाई काले | कांग्रेस |
| 1959 | माधव श्रीहरि अणे | कांग्रेस |
| 1962 | माधव श्रीहरि अणे | निर्दलीय |
| 1967 | नरेंद्र आर देवघरे | कांग्रेस |
| 1971 | जंबुवंतराव धोटे | ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक |
| 1977 | गेव. मंचरशा अवारी | कांग्रेस |
| 1980 | जंबुवंतराव धोटे | कांग्रेस |
| 1984 | बनवारीलाल पुरोहित | कांग्रेस |
| 1989 | बनवारीलाल पुरोहित | कांग्रेस |
| 1991 | दत्ता मेघे | कांग्रेस |
| 1996 | बनवारीलाल पुरोहित | भाजपा |
| 1998 | विलास मुत्तेमवार | कांग्रेस |
| 1999 | विलास मुत्तेमवार | कांग्रेस |
| 2004 | विलास मुत्तेमवार | कांग्रेस |
| 2009 | विलास मुत्तेमवार | कांग्रेस |
| 2014 | नितिन गड़करी | भाजपा |
| 2019 | नितिन गड़करी | भाजपा |

(1959 में उपचुनाव में कांग्रेस की जीत)

(स्रोत : निर्वाचन आयोग)

**वे दिन** | **किस्सा 1957 का**

# शास्त्री जी के खोए पेन को लौटाने की मच गई थी होड़

■ फतेहपुर में एक चुनावी जनसभा के दौरान गिर गई थी कलम

**फतेहपुर।** महान लोगों की सामान्य सी वस्तु को भी खासी इज्जत हासिल हो जाती है। 1957 के आम चुनाव के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के खोए पेन का एक ऐसा ही किस्सा फतेहपुर में घटित हुआ। चुनावी सभा के मंच पर खोए शास्त्री जी के पेन को ढूंढ़ने के बाद उसे इलाहाबाद ले जाने के लिए स्थानीय कांग्रेस नेताओं में होड़ मच गई थी।

पुराने कांग्रेसी ओमप्रकाश द्विवेदी बताते हैं कि लाल बहादुर शास्त्री की सभा फतेहपुर में होनी थी। तब फूलपुर लोकसभा क्षेत्र फतेहपुर तक लगता था। जहां से पंडित जवाहर लाल नेहरू चुनाव लड़ते थे। सभा के मंच पर शास्त्री जी को कुछ दस्तावेजों पर दस्तखत करने थे। उन्होंने जेब से कलम निकाली और हस्ताक्षर किए। इसी बीच संचालक ने उनका नाम भाषण के लिए पुकार दिया। भीड़ जिंदाबाद के नारे लगाने लगी और शास्त्री जी माइक की ओर बढ़ चले। इसी दौरान उनका पेन कहीं गिर गया। भाषण के बाद उन्हें पेन का ध्यान आया। मंच पर पेन ढूंढ़ा गया पर नहीं मिला।

लाल बहादुर शास्त्री को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) जाने की जल्दी थी। वह कार में बैठे और चले गए। स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने मंच और नीचे पेन तलाशना शुरू कर दिया। द्विवेदी बताते हैं कि एक स्थानीय नेता को पेन जमीन पर पड़ा मिला। वह पेन को पहचान गए। उसका कैप कुछ खास ढंग का था।

शास्त्री जी से लगाव रखने वाले तमाम कांग्रेसी पेन पहुंचाने के लिए इलाहाबाद जाने को तैयार हो गए। इसे लेकर उनके बीच बहस तक होने लगी। अंततः बुजुर्गों ने चौड़ाखेर निवासी रामशंकर श्रीवास्तव को इस काम के लिए चुना। वह लालबहादुर शास्त्री को पेन देने इलाहाबाद स्थित आनंद भवन गए।

### मित्र ने किया था भेंट

शास्त्री जी ने बताया कि पेन उन्हें किसी मित्र ने भेंट किया था। कई साल से वह इसे इस्तेमाल कर रहे थे। जब रामशंकर श्रीवास्तव ने लालबहादुर शास्त्री को उनका पेन वापस किया तो वह बहुत खुश हुए। उन्होंने रामशंकर को जलपान करा कर वापस भेजा। रामशंकर जब तक जीवित रहे, वह शास्त्री जी के पेन का किस्सा लोगों को सुनाया करते थे।

# पीलीभीत में भाजपा के वर्चस्व को बरकरार रखने की जिम्मेदारी

**मैदान के महारथी**
**जितिन प्रसाद**

■ प्रसून शुक्ला

**पीलीभीत।** शिक्षित और सरल स्वभाव वाले जितिन प्रसाद को राजनीति विरासत में मिली है। केंद्र की सियासत से राजनीतिक सफर शुरू करने वाले जितिन प्रसाद ने यूपी की राजनीति में भी छाप छोड़ी। अब एक बार फिर वह केंद्र की राजनीति करने की तैयारी में हैं। रुहेलखंड की पीलीभीत सीट पर भाजपा ने जितिन पर भरोसा जताया है।

रुहेलखंड के शाहजहांपुर से ताल्लुक रखने वाले जितिन का मंडल के साथ-साथ पड़ोसी लखनऊ मंडल के लखीमपुर में भी अच्छा प्रभाव है। लखीमपुर की धौरहरा सीट से वह सांसद रह चुके हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय, सिख और मुस्लिमों से जुड़ाव रखने वाले जितिन प्रसाद के परिवार की उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गहरी पैठ है। कांग्रेस के थिंकटैंक माने जाने वाले जितिन प्रसाद के पिता जितेंद्र प्रसाद की पहल पर ही शाहजहांपुर में कृभको खाद फैक्ट्री और रिलायंस थर्मल पावर जैसे प्लांट लगे, जिनमें हजारों क्षेत्रीय लोगों को भी रोजगार मिला।

**रिकॉर्ड वोटों से जीते :** जितिन प्रसाद वर्ष 2009 में जब धौरहरा सीट से चुनाव लड़े तो रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीते थे। वर्ष 2014 और 2019 की मोदी लहर में उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, उनकी लोकप्रियता बरकरार रही। जून 2021 में वह भाजपा में शामिल हो गए।

**अतिविशिष्ट सीट पर जीत का दारोमदार :** 1989 से सांसद रहीं मेनका गांधी और सांसद वरुण गांधी के प्रभाव वाली सीट पर भाजपा ने सांसद वरुण गांधी का टिकट काट कर जितिन को दिया है। इस भरोसे के साथ कि वह यहां पार्टी का वर्चस्व कायम रखने की जिम्मेदारी निभाएं।

**कई जिलों में प्रभाव :** प्रसाद परिवार के सदस्य जितिन का यूपी के कई जिलों में खासा राजनीतिक प्रभाव है। वर्ष 2001 में जब उनके पिता जितेंद्र प्रसाद का निधन हुआ उस वक्त जितिन पढ़ाई कर रहे थे। तब जितिन की मां कांता प्रसाद ने लोकसभा का उपचुनाव लड़ा पर सफलता नहीं मिली। पढ़ाई पूरी होने पर जितिन बैंक अफसर बन गए थे, पर राजनीतिक विरासत के चलते 2001 में युवा कांग्रेस के सचिव बनाए गए। 2004 के आम चुनाव में पहली बार शाहजहांपुर से सांसद बने। 2008 में केंद्र में मंत्री बनाए गए।



**सोशल मीडिया फॉलोवर्स**

एक्स 1.52 लाख | फेसबुक 1.57 लाख

**परिचय**

| | |
|---|---|
| नाम : | जितिन प्रसाद |
| जन्म : | 29 नवंबर 1973 |
| पत्नी : | नेहा प्रसाद |
| शिक्षा : | दून स्कूल से 12वीं, श्रीराम कॉलेज से बीकॉम, एमबीए |
| मां : | कांता प्रसाद |

### 94 गांवों में परिवार का खासा प्रभाव

शाहजहांपुर से जुड़े पीलीभीत जनपद के 94 गांवों में जितिन प्रसाद के परिवार का काफी प्रभाव है। यहां के लोगों के बीच उनकी छवि सकारात्मक रही है। पिछले विकास कार्यों के दम पर जनता के बीच उन्हें सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। पीलीभीत में पहले चरण में मतदान होने के चलते ताबड़तोड़ सभाएं और जनसंपर्क के जरिए वह अपनी जीत की राह आसान करने में जुटे हैं।

## बायस्कोप | गांव की गलियों से संसद तक पहुंचे ब्रह्मदत्त



1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रह्मदत्त (सबसे आगे) टिहरी सीट से प्रत्याशी थे। उन्होंने टिहरी लोकसभा क्षेत्र में गांव-गांव पैदल प्रचार कर जीत की सीढ़ी चढ़ी। गांव के प्रधान से लेकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह बनाने वाले ब्रह्मदत्त, चौधरी चरण सिंह, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सभी के करीबी रहे। *(फोटो साभार: सुरेंद्र कुमार)*

# बिहार में उम्मीदवारों का ऐलान जल्द

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** बिहार में सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस ने उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। इसमें बिहार की सीट पर प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा की गई।

पार्टी बिहार में राजद और लेफ्ट के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। पार्टी के हिस्से में नौ सीट आई हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि किशनगंज से मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद की उम्मीदवारी तय है। इसके साथ पार्टी कटिहार से वरिष्ठ नेता तारिक अनवर को अपना प्रत्याशी बना सकती है। वहीं, पटना साहिब सीट से अंशुल अभिजीत की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस जल्द अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर देगी।

बिहार में कांग्रेस के हिस्से में आई नौ सीट में तीन सीट किशनगंज, भागलपुर और कटिहार पर दूसरे चरण में चुनाव है। पार्टी के पास तीसरे चरण में कोई सीट नहीं है। चौथे चरण में समस्तीपुर है। फिर पांचवें, छठे और सातवें चरण की सीट पर चुनाव है।

### कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी करेगी घोषणापत्र

कांग्रेस ने पांच अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी करने का ऐलान किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हमने 16 मार्च को पांच न्याय और 25 गारंटी जारी की। देश भर में आठ करोड़ गारंटी कार्ड वितरित करने के लिए हम तीन अप्रैल से अभियान शुरू करेंगे। घोषणापत्र पांच अप्रैल को जारी होगा।

## चुनावी प्रश्नोत्तरी

■ **मतदान के दौरान माइक्रो-ऑब्जर्वर की क्या भूमिका होती है?**
आम तौर पर अतिरिक्त उपाय के रूप में महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों पर माइक्रो-ऑब्जर्वर नियुक्त किए जाते हैं। माइक्रो-ऑब्जर्वर मतदान प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। वे अपने अवलोकन के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर पर्यवेक्षक को सौंपते हैं।

■ **मतगणना के दौरान माइक्रो-ऑब्जर्वर क्या करते हैं?**
मतगणना के दौरान, मतगणना प्रक्रिया पर नजर रखने और मतगणना प्रक्रिया के दौरान नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक की सहायता करने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से प्रत्येक मतगणना टेबल पर माइक्रो-ऑब्जर्वर नियुक्त किए जाते हैं।

## सियासत 30 s

### बीजद ने आयोग से शिकायत की

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में बीजद ने चुनाव आयोग से रेलवे के तीन अधिकारियों की शिकायत की है। शिकायत में कहा है कि 29 मार्च को भाजपा की चुनावी बैठक में इन अफसरों ने भाग लेकर आचार संहिता का उल्लंघन किया है। राज्यसभा सदस्य सस्मित पात्रा के नेतृत्व में बीजद के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को इस संबंध में ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर से चुनाव लड़ेंगे

**लखनऊ।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य अपने नवगठित दल राष्ट्रीय शोषित समाजवादी पार्टी के जरिए कुशीनगर से चुनाव लड़ेंगे जबकि देवरिया से पूर्व में घोषित प्रत्याशी एस.एन. चौहान का टिकट उन्होंने काट दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पांच सीट सपा कांग्रेस गठबंधन से मांगी थीं, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।

### बीआरएस विधायक बेटी संग कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद।** लोकसभा चुनाव से पहले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक कादियाम श्रीहरि अपनी बेटी कादियाम काव्या के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। इस दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी मौजूद रहे। कादियाम श्रीहरि ने वर्ष 2014 से 2018 तक तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री और तेलंगाना के शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया था।

### बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल ने पार्टी छोड़ी

**पटना।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे अपने इस्तीफे में उन्होंने नेतृत्व को समझौतावादी बताया है। 2008 से 2010 के बीच 21 महीने तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे अनिल शर्मा के भाजपा में जाने की चर्चा है। हालांकि, उन्होंने इस पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

### जय राम ठाकुर ने कंगना रनौत से चर्चा की

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने चुनावी रणनीति पर चर्चा करने के लिए मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत से उनके भांबला स्थित आवास पर रविवार को मुलाकात की। इस मौके पर सरकाघाट सीट से विधायक दिलीप सिंह ठाकुर और भाजपा के अन्य स्थानीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

www.livehindustan.com
**चुनावी खबरें**
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

## पल्लवी की अगुवाई में बना नया मोर्चा

**लखनऊ, वि.सं.।** यूपी में रविवार को चार दलों ने पीडीएम न्याय मोर्चा का ऐलान किया। इस नये मोर्चा को बनाने की पहल अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल ने की है।

एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, राष्ट्रीय उदय पार्टी के अध्यक्ष बाबूराम पाल तथा प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के अध्यक्ष प्रेमचंद बिंद इस नए मोर्चा के प्रमुख घटक हैं। मोर्चा के घटक दल यूपी में एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सीटों का बंटवारा किया जा रहा है। रविवार को राजधानी के एक होटल में इन दलों के नेताओं ने नए गठबंधन की घोषणा की।

# बसपा नई सेना के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी

**विश्लेषण**

■ शैलेंद्र श्रीवास्तव

**लखनऊ।** देश की राजनीति में चल रहे गठबंधन के दौर में बसपा उत्तर प्रदेश में अपने दम पर नई सेना के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। उसने इस बार अधिकतर पुराने नेताओं के टिकट काट दिए हैं या जो टिकट के पुराने दावेदार थे, उनके स्थान पर नए चेहरों को टिकट दे दिया है।

बसपा के अब तक अधिकृत रूप से घोषित उम्मीदवारों में पुरानों के स्थान पर नए को तरजीह दी गई है। पार्टी सूत्रों का तो यह भी कहना है कि शेष बची सीटों पर भी जो उम्मीदवार उतारे जाएंगे उनमें भी अधिकतर नए चेहरे होंगे।

**बन रही नई बसपा :** बसपा का साथ छोड़कर अधिकतर पुराने नेता दूसरी पार्टियों में चले गए हैं या फिर पार्टी में रहकर ही निष्क्रिय हो गए हैं। 2019 के चुनाव में बसपा ने 10 सीटें जीती थीं, लेकिन स्थिति यह हुई कि अधिकतर ने इस बार साथ छोड़ दिया। इसके चलते बसपा ने पिछली बार जीती अधिकतर पुरानी सीटों पर नए चेहरों पर दांव लगाया है। नगीना, सहारनपुर व बिजनौर से उम्मीदवार बदल दिए गए हैं। अमरोहा से पिछली बार जीते कुंवर दानिश अली कांग्रेसी हो गए हैं। ये स्थिति केवल अब तक घोषित 25 सीटों के आधार पर है। आगे घोषित होने वाले उम्मीदवारों में भी नए ही बताए जा रहे हैं, इसीलिए यह तय माना जा रहा है कि बसपा पूरी तरह से नई होती जा रही है।

**कद्दावर नेताओं ने छोड़ दिया साथ :** नसीमुद्दीन सिद्दीकी बुंदेलखंड से आते हैं। बसपा में बतौर वह मुस्लिम नेता के रूप में जाने जाते थे। बसपा की रैलियों या फिर बड़े कार्यक्रमों की कमान उनके ही हाथ में हुआ करती थी, लेकिन अब वह कांग्रेसी हो चुके हैं। राम अचल राजभर और लाल जी वर्मा, दोनों बसपा के काडर के नेता माने जाते थे पर 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले ऐसी अनबन हुई कि उन्हें पार्टी से ही निकाल दिया गया। अब ये दोनों नेता सपाई हो चुके हैं। नकुल दुबे को बसपा ने पिछला आम चुनाव सीतापुर से लड़ाया था और यह नंबर दो पर थे। अब वह कांग्रेसी हो चुके हैं। इस बार वह कांग्रेस के टिकट पर सीतापुर से ही चुनाव लड़ रहे हैं।

**दलित वोट बैंक बांधे रखने की कोशिश :** यह पहला चुनाव है, जिसमें बसपा सुप्रीमो मायावती अपने भतीजे आकाश आनंद को पूरी तरह से यूपी में उतारने जा रही हैं। वह 6 अप्रैल से नगीना से चुनावी सभाओं की शुरुआत करेंगे। नगीना सीट दलित बाहुल्य है। बताया जा रहा है कि मायावती ने आकाश की पहली चुनावी सभा नगीना में रखकर समुदाय के लोगों के बीच एक संदेश देने और उन्हें बांधे रखने की कोशिश की है।

## भीलवाड़ा से दामोदर अग्रवाल को टिकट

**जयपुर, एजेंसी।** भाजपा ने राजस्थान की भीलवाड़ा लोकसभा सीट से दामोदर अग्रवाल को रविवार को अपना उम्मीदवार घोषित किया। अग्रवाल भाजपा की प्रदेश इकाई के महासचिव हैं। इसी के साथ भाजपा ने राजस्थान की सभी 25 सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान जीत का भरोसा जताया। कांग्रेस ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी को भीलवाड़ा सीट से टिकट दिया है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरण में 19 और 26 अप्रैल को होंगे। भीलवाड़ा में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में चुनाव होंगे।

# उत्तराखंड कांग्रेस महासचिव महेश भाजपा में शामिल

**आयाराम-गयाराम**

**देहरादून, मुख्य संवाददाता।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और कालाढूंगी से प्रत्याशी रहे महेश शर्मा रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। इसके साथ ही कई अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने भी पार्टी का दामन थामा।

देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी का पटका पहनाकर सभी नेताओं को शामिल कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में दूसरे दलों के नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### भाजपा विधायक सुकांत नायक बीजद में पहुंचे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर जिले के नीलगिरि के भाजपा विधायक सुकांत नायक रविवार को समर्थकों के साथ सत्तारूढ़ बीजद में शामिल हो गए। इसके पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष चिरंजीब बिस्वाल सहित राज्य कांग्रेस के कई नेता भी बीजद में शामिल हुए। नायक ने शुक्रवार को भाजपा छोड़ दी थी।

**विश्लेषण** | सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में तथ्य आए सामने, महिला मतदान प्रतिशत में उत्तर प्रदेश पीछे, पश्चिम बंगाल और केरल अव्वल

# महिलाएं बारह राज्यों में मतदान में आगे

■ मदन जैड़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में महिलाओं के मतदान का प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा होने लगा है। यह चुनाव में उनकी बढ़ती दिलचस्पी और हिस्सेदारी को दर्शाता है।

राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो आठ छोटे राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों तथा चार बड़े राज्यों में महिला मतदान करीब 80 प्रतिशत तक दर्ज किया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे बड़े राज्यों में यह अपेक्षाकृत बेहद कम है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। इसके अनुसार पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्र प्रदेश तथा असम चार ऐसे बड़े राज्य हैं जहां महिला मतदान 80% के आसपास रहा है। जबकि ऐसे आठ छोटे राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में अंडमान निकोबार, दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप, मणिपुर, नगालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम तथा त्रिपुरा शामिल हैं। यदि उन राज्यों की बात करें जहां महिलाओं का मतदान बेहद कम है, तो बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश और बिहार आते हैं, जहां यह 60 प्रतिशत के आसपास सीमित है।

हालांकि, छोटे राज्यों में जम्मू-कश्मीर एक ऐसा राज्य है जहां करीब 44 प्रतिशत महिलाओं ने ही 2019 के चुनाव में वोट डाले। लेकिन वहां सुरक्षा की स्थितियां भिन्न होना प्रमुख कारण हो सकता है। बड़े राज्यों में मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान की स्थिति उत्तर प्रदेश और बिहार से थोड़ी बेहतर है। यहां महिला मतदान 65-74 प्रतिशत के बीच दर्ज किया गया है।

### ज्यादा मतदान के पीछे कई कारण

विश्लेषकों के अनुसार महिलाओं के ज्यादा मतदान के पीछे साक्षरता अच्छी होना, मतदान के प्रति जागरुकता, मतदाता सूचियों का दुरुस्त होना समेत कई कारण हैं। बता दें कि 2019 में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 67.2 तथा पुरुषों का 67 प्रतिशत दर्ज किया गया था। आजादी के बाद से यह पहला मौका है जब महिलाओं की हिस्सेदारी मतदान में पुरुषों से ज्यादा रही है।



### इन राज्यों में महिलाओं के मतदान का प्रतिशत सबसे ज्यादा

| | | | |
|---|---|---|---|
| लक्षद्वीप | 88.89 | असम | 81,32 |
| मणिपुर | 84.14 | अंडमान | 80.69 |
| नगालैंड | 82.64 | दादरा | 80.51 |
| त्रिपुरा | 81.96 | आंध्र प्रदेश | 79.56 |
| पश्चिम बंगाल | 81.79 | केरल | 78.78 |
| पुडुचेरी | 81.52 | सिक्किम | 78.77 |

### इन बड़े राज्यों में महिला मतदान कम

| | | | |
|---|---|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 43.69 | कर्नाटक | 67.65 |
| उत्तर प्रदेश | 59.56 | मध्य प्रदेश | 68.20 |
| बिहार | 59.58 | तमिलनाडु | 72.29 |
| गुजरात | 60.90 | ओडिशा | 74.20 |
| राजस्थान | 65.55 | | |

(आंकड़े प्रतिशत में)

# शाह ने सीकर में रोड शो कर राजस्थान में चुनाव प्रचार शुरू किया

**आगाज**

- पार्टी प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद के साथ सीकर क्षेत्र में रोड शो
- लोगों ने फूल बरसाकर किया केंद्रीय गृह मंत्री का किया स्वागत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान पार्टी उम्मीदवार और दो बार के सांसद स्वामी सुमेधानंद के साथ सीकर लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो किया। इससे पूर्व शाह जयपुर पहुंचे और रोड शो के लिए पांच लोकसभा क्षेत्रों दौसा, करौली-धौलपुर, नागौर, चूरू और झुंझुनू के पार्टी नेताओं के साथ बैठक की।

सीकर में अमित शाह, भजनलाल शर्मा और पार्टी प्रत्याशी सुमेधानंद ने खुले वाहन में रोड शो किया। इस दौरान लोगों ने फूल बरसाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के समर्थन में नारे लगाए। शाह ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया।

दरअसल, जाट बाहुल्य सीकर लोकसभा सीट पर कांग्रेस गठबंधन की सहयोगी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के उम्मीदवार अमराराम चुनाव लड़ रहे हैं। सीकर सीट पर माकपा के पूर्व विधायक अमराराम का मुकाबला भाजपा के दो बार सांसद रहे सुमेधानंद से है। सीकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का गृहनगर भी है।

डोटासरा का विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ सीकर लोकसभा सीट में आता है। सीकर लोकसभा सीट के तहत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से पांच पर कांग्रेस और तीन पर भाजपा का कब्जा है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को होंगे और सीकर उन 12 सीट में शामिल है जहां 19 अप्रैल को पहले चरण में चुनाव होंगे।



**02** चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को राजस्थान में होंगे लोकसभा चुनाव

राजस्थान के सीकर में रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी प्रत्याशी सुमेधानंद के साथ खुले वाहन में रोड शो किया। ● एजेंसी

## सियासत 30s

### पृथ्वीराज चव्हाण से मिले जयंत पाटिल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण से सतारा के कराड स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के सतारा सांसद श्रीनिवास पाटिल द्वारा स्वास्थ्य कारणों से चुनाव लड़ने से इनकार के बाद बंद कमरे में हुई यह बैठक महत्वपूर्ण हो गई है।

### चार अप्रैल को जमुई में पीएम की चुनावी रैली

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में जमुई से लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे। आगामी चार अप्रैल को वे जमुई संसदीय क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद पीएम का यह पहला बिहार दौरा होगा। जमुई से एनडीए के घटक दल लोजपा (आर) के उम्मीदवार अरुण भारती मैदान में हैं।

### अमरोहा में लाइव डिबेट के दौरान मारपीट

**गजरौला (अमरोहा)।** इंदिरा चौक पर रविवार शाम शहर के एक स्थानीय न्यूज चैनल की चल रही चुनावी लाइव डिबेट में जमकर मारपीट हुई। क्षेत्रीय विधायक को सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ के बीच से बमुश्किल बाहर निकाला। डिबेट को भी बीच में ही रोकना पड़ा। बताया जा रहा है कि लाइव डिबेट में भाजपा विधायक राजीव तरारा, सपा जिला महासचिव चंद्रपाल सिंह सैनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया अपनी-अपनी पार्टी का पक्ष रखने के लिए मौजूद थे।

### आयोग की सख्ती से 99.69 करोड़ का माल जब्त

**लखनऊ।** चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान प्रदेशभर में 99.69 करोड़ रुपये का माल जब्त किया गया है। इसमें शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार और नगदी जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

### कांग्रेस के नेताओं की भाजपा से सांठगाठ : प्रकाश

**अकोला।** वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) नेता प्रकाश आंबेडकर ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने भंडारा-गोंदिया सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया क्योंकि वह भाजपा के खिलाफ लड़ने के इच्छुक नहीं थे। पत्रकारों से बात करते हुए आंबेडकर ने कहा कि इससे लगता है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं की भाजपा से सांठगाठ है।

### कोलार से स्थानीय व्यक्ति प्रत्याशी हो : मुनियप्पा

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के एच मुनियप्पा ने रविवार को कहा कि पार्टी को कोलार सीट से एक स्थानीय व्यक्ति को ही उम्मीदवार बनाना चाहिए था, इसके लिए प्रयास किए जाने चाहिए थे। यहां से मुनियप्पा के दामाद चिक्का पेद्दन्ना को कांग्रेस का उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा थी। इस पर कुछ विधायकों ने उनके दामाद को उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी छोड़ने की धमकी दी थी।

### अमरेली सीट पर टिकट को लेकर दो गुट भिड़े

**अमरेली।** गुजरात की अमरेली लोकसभा सीट से भरत सुतारिया को उम्मीदवार बनाने और उनके नामांकन को लेकर उभरे मतभेद सुलझाने के लिए यहां आयोजित एक बैठक के बाद भाजपा के दो गुटों में कथित तौर पर झड़प हो गई।

### शरद पवार के राजनीतिक खात्मे की साजिश: सुले

**पुणे।** लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने रविवार को दावा किया कि बारामती लोकसभा सीट से उनके और उनकी भाभी सुनेत्रा पवार के बीच चुनावी जंग राकांपा संस्थापक शरद पवार को राजनीतिक रूप से खत्म करने की भाजपा की साजिश है। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक परिवार के दो प्रत्याशियों में द्वंद्व सुनेत्रा के प्रति उनके सम्मान को कम नहीं करेगा क्योंकि वह उनके बड़े भाई की पत्नी और मां के समान हैं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, सरकार किसान मसीहा की नीतियों पर ही चल रही

# चौधरी चरण सिंह के सहारे पश्चिमी उत्तर प्रदेश जीतने की पटकथा

**आगाज**

■ सूर्यकांत द्विवेदी

**मेरठ।** तीसरी बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से चुनावी आगाज करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की नीतियों को ही सामने रखा। भ्रष्टाचार पर आक्रामक वार करते हुए मोदी ने अपनी मंशा बता दी। यही नहीं, तीसरी पारी के प्रति आश्वस्त होते हुए उन्होंने यह तक कह दिया....अगली सरकार के 100 दिन के कामकाज का लेखा-जोखा बन गया है। क्या-क्या फैसले होंगे।

प्रधानमंत्री की यह रैली जुदा थी। उनके साथ मित्र दल थे। रालोद मुखिया चौधरी जयंत सिंह थे। मंच पर बैकड्राप में लिखा था-भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह। इस पर केवल दो फोटो थे। एक पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और दूसरा मोदी का। बाकी किसी का फोटो नहीं था। संदेश साफ था कि पश्चिम का रण जीतने के लिए भाजपा की रणनीति क्या है?

मोदी के संबोधन से पहले रालोद मुखिया चौधरी जयंत ने रीति-नीति और स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा चौधरी साहब की नीतियों पर सरकार चल रही है। चौधरी साहब भ्रष्टाचार के खिलाफ थे। किसानों के लिए अनेक कार्य किए।

**भ्रष्टाचार पर वार से विकास तक:** प्रधानमंत्री ने आक्रामक अंदाज में भ्रष्टाचार पर वार किया। उन्होंने कहा भ्रष्टाचारी कितना ही बड़ा हो, एक्शन होगा। सरकार की नीतियां, कार्यो का आंकड़ा जनता के बीच दिया।

**पश्चिम की हर नब्ज पर हाथ रखा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हर नब्ज पर हाथ रखा। किसान, नौजवान, महिलाओं के साथ ही गन्ना किसान। मोदी ने कहा कि किसान केवल गन्ना तक सीमित न रहें। इसके अन्य प्रत्युपाद के लिए भी सरकार काम कर रही है। इथेनाल के जरिये हम चाहते हैं कि गन्ना बैल्ट ऊर्जा पट्टी बने।




मेरठ में रविवार को एनडीए के गौरव समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को हल सौंपते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जयंत चौधरी। साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और संजीव बालियान। ● हिन्दुस्तान

### बदले दोस्त, बदला नजारा

इस रैली का नजारा अलग सुर और राजनीतिक अंदाज का था। रालोद नेता भी जयश्रीराम का नारा लगा रहे थे। अयोध्या में रामलला मंदिर के लिए सरकार का धन्यवाद ज्ञापित कर रहे थे। लंबे समय तक विपक्ष की राजनीति करने वाले रालोद कार्यकर्ताओं का भाजपा के साथ समागम राजनीति की अलग तस्वीर कह रहा था। रालोद गदगद था...हो भी क्यों न, भाजपा ने अपनी रैली चौधरी चरण सिंह को समर्पित कर दी थी।

### चौधरी चरण सिंह क्यों

- किसानों के मसीहा
- कृषि सुधार के अनगिनत कार्य
- 30 मार्च को दिया भारत रत्न
- जाट पट्टी (हरियाणा, यूपी, राजस्थान) में विशेष असर)
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश का किसान संवेदनात्मक रूप से जुड़ा है
- चौधरी साहब ने ही वेस्ट यूपी से कांग्रेस का सफाया किया था

### 2014 दोहराने की कोशिश

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पहली एनडीए रैली पूरब से पश्चिम को साधने की लगी। राजग के वे सभी घटक मंच पर थे, जो यूपी सरकार में शामिल हैं। कहीं न कहीं ओबीसी फैक्टर भी था लेकिन फोकस चौधरी चरण सिंह का वोट बैंक पर था। 2019 के चुनाव में रालोद सपा के साथ था। इसलिए, पश्चिम में भाजपा को सात सीटों का नुकसान हुआ था। इनमें बिजनौर, नगीना, सहारनपुर के साथ मुरादाबाद मंडल की चार सीटें शामिल थीं।

### हर बूथ पर 10 से 15% ज्यादा वोटिंग कराएं

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से कहा कि हर बूथ पर पिछली बार की तुलना में अबकी भाजपा को कम से कम 10-15 फीसदी वोट ज्यादा पड़े। इसके लिए न केवल प्रयास करें बल्कि लक्ष्य भी बनाएं। प्रधानमंत्री ने एक जून को मतदान के दिन गर्मी व धूप से सतर्क करते हुए मंत्र दिया कि ऐसा वातावरण बनाएं कि 10 बजे तक बूथ के सभी मतदाता का वोट पड़ जाए। उन्होंने गर्मी से बचाव की सलाह देते हुए कहा कि 'पहले मतदान फिर जलपान' के मंत्र को लेकर काम करें। मोदी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 660 मतदान केंद्रों पर आयोजित 'वर्चुअल टिफिन बैठक' के जरिए कार्यकर्ताओं से जुड़े थे।

# 'चुनावी बॉन्ड पर हंगामा करने वाले पछताएंगे'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी बॉन्ड पर पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आज जो लोग चुनावी बॉन्ड पर हंगामा कर रहे हैं, वो आगे चलकर पछताएंगे।

एक चैनल को दिए साक्षात्कार में उनसे सवाल पूछा गया कि क्या चुनावी बॉन्ड डाटा से भारतीय जनता पार्टी को कोई झटका लगा है? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने ऐसा क्या किया है कि कोई झटका लगेगा। मुझे यकीन है कि जो लोग आज हंगामा कर रहे हैं, उन्हें पछतावा होगा। मैं विशेषज्ञों से जानना चाहता हूं कि कौन सी एजेंसी 2014 से पहले चुनावों में इस्तेमाल किए गए धन का पता लगा सकती है। मोदी चुनावी बॉन्ड लेकर आए और इसलिए आज आप जानते हैं कि किसने किसको कितना फंड दिया। पीएम ने कहा कोई भी योजना परफेक्ट नहीं होती। अगर कुछ खामियां हैं तो उन्हें दूर किया जा सकता है।

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इसी तरह की राय व्यक्त की थी कि चुनावी बॉन्ड योजना को पूरी तरह से खत्म करने के बजाय इसमें सुधार किया जाना चाहिए था, क्योंकि इसे भारतीय राजनीति में काले धन के प्रभाव को समाप्त करने के लिए पेश किया गया था।

बता दें कि राजनीतिक दलों की फंडिंग की सुविधा के लिए सरकार 2017 में चुनावी बॉन्ड योजना लाई थी। इस साल 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था और चुनाव आयोग को डाटा जारी करने का निर्देश दिया था।

आंकड़ों के अनुसार फ्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज नामक कंपनी ने सबसे ज्यादा राशि 1,368 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे और उसके बाद मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 966 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे। शीर्ष 10 व्यक्तिगत दानदाताओं की ओर से खरीदे गए 84 फीसद चुनावी बॉन्ड भाजपा को मिले। दूसरी सबसे बड़ी प्राप्तकर्ता टीएमसी रही, जिसे 16.2 करोड़ रुपये बॉन्ड से प्राप्त हुए। बॉन्ड भुनाने वाली तीसरी सबसे बड़ी प्राप्तकर्ता बीआरएस रही, जिसने बॉन्ड के माध्यम से पांच करोड़ रुपये प्राप्त किए।

# युवा तय करें कि कांवड़ चाहिए या कर्फ्यू : योगी

**मेरठ, प्रमुख संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदीपुरम में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दस साल में जो परिवर्तन हुआ है, प्रदेश की जनता इसकी गवाह है। इस क्षेत्र ने कांग्रेस-सपा की दंगा पॉलिसी को झेला है। उन्होंने कहा कि युवा तय करें कि उन्हें कांवड़ चाहिए या कर्फ्यू।

योगी ने कहा कि जब भी यह समाज बंटा होगा तो ये बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा पर वार करेंगे। विकास बाधित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री विकसित भारत की कल्पना साकार करने में जुटे हैं, जबकि परिवारवादी ताकतें समाज को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश कर रही हैं।

भाजपा की मेरठ में पहली चुनावी शंखनाद रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 2014 के बाद देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी। किसानों के मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न का सम्मान देकर प्रधानमंत्री ने किसानों का सम्मान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने वाले को ठिकाने लगाने का है। यह चुनाव विकासवाद बनाम परिवारवाद का है।



### एनडीए दुखों का निवारण करेगा



**मेरठ।** भारत रत्न चौधरी चरण सिंह गौरव समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस ने जो दुख दिए हैं, उसका निवारण एनडीए करेगा। उन्होंने कहा कि चार जून को अबकी बार 400 पार का नारा भी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के कार्यकाल में दंगे होते थे, लेकिन प्रदेश में भाजपा के सात साल के शासनकाल में कोई दंगा नहीं हुआ।

### गठबंधन के लिए वेस्ट की धरती शुभ



**मेरठ।** भारत रत्न चौधरी चरण सिंह स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की धरती राजग गठबंधन के लिए शुभ है। पिछले दो लोकसभा चुनाव का यहीं से शंखनाद हुआ।

2014 से लेकर 2024 तक का समय इसका गवाह है। इस दो दशक में देश में विकास के कई कीर्तिमान स्थापित हुए।

### कांग्रेस के कई नेता पार्टी छोड़ेंगे: सरमा

**गुवाहाटी ,एजेंसी।** देश में लोकसभा चुनाव से पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2026 तक असम कांग्रेस में कई हिंदू नेता पार्टी से किनारा कर लेंगे।

वहीं 2032 तक लगभग सभी अल्पसंख्यक नेता कांग्रेस को छोड़ देंगे। मुख्यमंत्री ने यह बयान तब दिया, जब शनिवार को गुवाहाटी में राज्य भाजपा मुख्यालय का दौरा किया। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, गुवाहाटी में राज्य भाजपा मुख्यालय में 126 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारियों की एक बैठक हुई।

# 'चुनौती देती हूं, भाजपा 200 सीटें भी नहीं जीतेगी'

**प. बंगाल**

**कृष्णानगर (बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य का मखौल उड़ाया। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा को 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती दी।

ममता ने यह भी कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को इस राज्य में लागू होने नहीं देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा।




नदिया में रविवार को एक रैली के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी महुआ मोइत्रा के साथ ममता बनर्जी। ● एजेंसी

# गडकरी का दावा, पार्टी अकेले 370 सीटें जीतेगी

**नागपुर, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 370 सीट जीतने के लक्ष्य को लेकर रविवार को पूरा भरोसा जताया है। उनका कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की मौजूदा 288 सीट में अतिरिक्त सीट दक्षिण भारत से जुड़ेंगी।

नागपुर स्थित अपने आवास पर एक साक्षात्कार में भाजपा के 370 और एनडीए के 400 से अधिक सीट जीतने के गणित के बारे में पूछने पर गडकरी ने कहा, राज्यवार विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है। इस बार हम दक्षिण भारत में सफलता हासिल करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने पिछले 10 वर्षों में दक्षिण और पूर्वोत्तर (भारत) में जो काम किया है, उसी का परिणाम हमें मिलना शुरू हो गया है।



गडकरी ने कहा, अतिरिक्त सीटें दक्षिण भारत से जुड़ेंगी

### मोदी भगवान श्रीराम के अवतार: कंगना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी अभिनेत्री कंगना रनौत अपने चुनाव प्रचार अभियान में जुट गई हैं। रविवार को उन्होंने जनसंपर्क के दौरान लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान श्री रामचंद्र के अवतार हैं। उन्होंने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे मोदी की सेना में शामिल होने का अवसर मिला है।

कंगना ने कहा कि कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि आपदा के दौरान मैं कहां थी। मैंने आपदा के लिए राशि दी है, लेकिन आपदा में सही भूमिका निभाने के लिए कांग्रेस के चुने हुए प्रतिनिधियों को लोगों की सहायता करनी चाहिए थी।

**ऊहापोह** | स्थानीय क्षत्रपों के भाजपा में जाने से बढ़ी है बेचैनी, कांग्रेस अमेठी व रायबरेली में नहीं खड़ा कर सकी है विकल्प, दोनों लोकसभा क्षेत्रों में नहीं है कांग्रेस का एक भी विधायक

# भाजपा की किलेबंदी से कांग्रेसी खेमे में असमंजस की स्थिति

**उत्तर प्रदेश**

■ राजीव ओझा

**लखनऊ।** प्रदेश की अमेठी व रायबरेली लोकसभा सीट पर अपने जबरदस्त 'स्ट्राइक रेट' के बावजूद इस बार के चुनाव में कांग्रेस खेमे में असमंजस सा नजर आ रहा है। पिछले चुनाव में अमेठी सीट पर अपने तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी की हार से पार्टी इस बार फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रही है।

भाजपा की किलेबंदी देखकर कोई फैसला ले पाना उसके लिए बेहद कठिन हो गया है। दोनों ही सीटों पर कांग्रेस के प्रदर्शन का इतिहास उसका हौसला बढ़ाने के लिए पर्याप्त आधार है लेकिन पार्टी इस बार जोखिम लेने से बचती दिख रही है। लोकसभा चुनाव में अभी तक सिर्फ तीन बार ही किसी गैर कांग्रेसी उम्मीदवार को सफलता मिली है। रायबरेली सीट की बात करें तो वहां पहला चुनाव 1952 में हुआ और कांग्रेस के फिरोज गांधी सांसद चुने गए। वह दो बार सांसद रहे। इसके बाद तीन बार इंदिरा गांधी, दो बार अरुण नेहरू, दो बार शीला कौल, एक बार कैप्टन सतीश शर्मा और पांच बार सोनिया गांधी कांग्रेस से सांसद चुनीं गईं। केवल वर्ष 1977 के चुनाव में जनता पार्टी के राज नारायण तथा 1996 व 1998 के चुनाव में भाजपा के अशोक सिंह सांसद चुने गए। इस बार सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से कांग्रेस को नए उम्मीदवार की तलाश भारी पड़ रही है। कार्यकर्ताओं की मांग मानी गई तो पार्टी प्रियंका गांधी को चुनाव मैदान में उतारेगी। इसी तरह अमेठी में अब तक हुए कुल 16 लोकसभा चुनावों में से 13 में कांग्रेस को विजय मिली है। सिर्फ एक बार जनता पार्टी और दो बार भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। कांग्रेस के आखिरी सांसद राहुल गांधी रहे, जो दो चुनाव जीतने के बाद अपने तीसरे में भाजपा की स्मृति ईरानी से पराजित हो गए थे।

**16** लोकसभा चुनाव हुए अमेठी में, जिनमें 13 बार कांग्रेस विजयी रही

### अमेठी की पांच में से तीन सीटों पर भाजपा के विधायक

अमेठी में तो स्थिति और भी भिन्न है। अमेठी की पांच में से तीन सीटों पर भाजपा व दो पर सपा के विधायक हैं। इसमें से एक सपा के विधायक राकेश प्रताप सिंह राज्यसभा चुनाव के दौरान पाला बदल कर भाजपा के साथ जा चुके हैं। अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी केंद्र में मंत्री हैं तो तिलोई के विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं। दोनों लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस अपने स्थानीय नेताओं का विकल्प नहीं खड़ा कर पाई। रायबरेली में अदिति सिंह और दिनेश प्रताप सिंह के भाजपा में चले जाने के बाद हालात और भी मुश्किल नजर आ रहे हैं।

रायबरेली सीट पर कांग्रेस की हिचक के पीछे ठोस वजहें भी हैं। क्षेत्र में आने वाली पांच विधानसभा सीटों में से एक पर भाजपा व चार पर सपा का कब्जा है, लेकिन इनमें से एक पाला बदल कर भाजपा के साथ जा चुके हैं। इस तरह विधानसभाओं में भाजपा व सपा का पलड़ा बराबरी पर है, जबकि कांग्रेस के पास कोई विधायक नहीं है। जिले के एक एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री भी हैं।

# इस बार दोनों के सहयोगी दलों की भी होगी परीक्षा

**बिहार**

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** इस बार भी लोकसभा चुनाव में बिहार में 2019 की तरह मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच है। अंतर यह है कि इन दोनों ही गठबंधन दलों के सहयोगी बदल गए हैं।

कुछ सहयोगी महागठबंधन के खेमे से निकलकर एनडीए में चले गये हैं। वहीं, महागठबंधन में भी कुछ नये साथी आए हैं। ऐसे में मुख्य दलों के साथ-साथ इन सहयोगी दलों की भी अग्निपरीक्षा चुनाव में होनी है। अपने गठबंधनों को ये सहयोगी दल कितना लाभ पहुंचाते हैं, यह चुनाव परिणाम से पता चलेगा।

2019 के चुनाव में बिहार की 40 में एनडीए को 39 और महागठबंधन को सिर्फ एक सीट पर सफलता मिली थी। तब एनडीए में भाजपा, जदयू और लोजपा शामिल थी। भाजपा को 17, जदयू को 16 और लोजपा को छह सीटें मिली थीं। वहीं, महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, रालोसपा, हम और वीआईपी शामिल थी। इस गठबंधन में कांग्रेस को छोड़ किसी दल को एक भी सीट नहीं मिली थी।

# प्रेम से बदलिए नफरत का हर भाव



इस दुनिया को प्रेम चाहिए। नफरत से नफरत को हराया ही नहीं जा सकता। हम सबके भीतर यह योग्यता है कि हम अपनी प्रेम भरी छोटी-छोटी पहल से आसपास जड़ें फैला रही नफरत को दूर कर सकते हैं। हमें घृणा के हर भाव को प्रेम से बदलना होगा।

**खूबसूरत जिंदगी**

मेरे विचार से ज्यादातर लोग ईर्ष्या से पीड़ित होते हैं। युद्ध भी नफरत के कारण ही होते हैं। आपका मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक संतुलन भी नफरत के कारण ही डगमगाता है। नफरत हमारी खुशियों को बर्बाद कर देती है। याद कीजिए कि आखिरी बार आपने किसी अन्य व्यक्ति, समूह या अपने खुद के लिए ही कब ईर्ष्या महसूस की थी। अब इस विषय में सोचते हुए अपने दिमाग, विचारों, और सांसों पर ध्यान देते हुए महसूस कीजिए आपको कैसा लग रहा है। आप पाएंगे कि सब कुछ असंतुलित-सा होता जा रहा है। यदि इस स्थिति में आपके साथ कोई प्रयोग किया जाता तो पता चलता कि नफरत भरे इन भावों को महसूस करते समय आपका रक्तचाप कितना बढ़ गया है। नतीजतन, आपका शारीरिक तंत्र बिलकुल असंतुलित होने लगता है।

जो कुछ भी आपको व्यक्तिगत तौर पर प्रभावित करता है, उसका प्रभाव सारी दुनिया पर भी पड़ता है। असल में ये दुनिया हम जैसे बहुत से अन्य लोगों से मिलकर ही बनी है, इसलिए हम सभी के विचार एक-दूसरे को प्रभावित करते ही हैं। आप जो कुछ बाहरी दुनिया में देखते हैं, वह असल में हमारे आंतरिक विचारों का ही स्थूल रूप होता है। इसलिए युद्ध होना लोगों के भीतर के क्रोध व नफरत का परिचायक होता है। पर, क्या नफरत को और ज्यादा नफरत से खत्म किया जा सकता है।

फर्ज कीजिए किसी वजह से जंगल में भयानक आग लग गई है, क्या आप उस आग को घी डालकर शांत कर सकते हैं। यदि आप ऐसा करेंगे तो आग निश्चित रूप से और भड़केगी और सब कुछ लील लेगी। इस स्थिति में कुछ ऐसा ढूंढ़ना होगा, जो आग की प्रचंडता शांत कर सके। जैसे कि आग पर जंगल की मिट्टी डाल कर उसे बढ़ने से रोका जा सकता है। यही नियम नफरत पर भी लागू होता है, अर्थात नफरत को खत्म करने के लिए नफरत का ही सहारा नहीं लिया जा सकता है।

युद्ध पर विराम लगाने का एकमात्र जरिया शांति है।

> अंधेरे को दूर करने के लिए अंधेरे की नहीं बल्कि रोशनी की जरूरत पड़ती है। इसी प्रकार नफरत को सिर्फ प्रेम के जरिये खत्म किया जा सकता है।
> -मार्टिन लूथर किंग, जूनियर

यानी, उन लोगों को माफ कर दिया जाए, जिन्होंने हमें पीड़ा पहुंचाई है, क्योंकि आज हमारे बीच वैचारिक मतभेद है, लेकिन मूलरूप से हम सब एक समान ही हैं। लिहाजा, आगे बढ़ने के लिए एक-दूसरे का सहयोग और समर्थन सभी के लिए जरूरी है। लेकिन इस सोच को पाने के लिए मानसिक परिपक्वता जरूरी है।

मेरे पूर्वज बहुत रईस थे। वे सिंध से आए थे। आपने सिंधु घाटी सभ्यता के बारे में जरूर सुना होगा। वे लोग कारवां के रूप में दुनियाभर में घूम कर मसालों, सूखे मेवों, रत्नों आदि का व्यापार करते थे। उन लोगों के पास भव्य घर, घोड़े, सोना और जवाहरात थे। लेकिन, फिर एक दिन हिंदुस्तान और पाकिस्तान का बंटवारा हो गया। नतीजतन, उनका घर सिंध पाकिस्तान में चला गया और वे भारत आ गए। यहां आने पर उन्हें विस्थापितों का नाम मिला, बहुत दयनीय दशा में भी रहना पड़ा। पर, उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। वहां से आगे बढ़ते हुए उन्होंने सुनिश्चित किया कि आने वाली पीढ़ी में नफरत का बीज नहीं बोएंगे। उन्होंने हमें अपनी काबिलियत बढ़ाने पर ध्यान देने के बारे में सिखाया।

उन्होंने हमें प्रेम, सौहार्द और करुणा के साथ आगे बढ़ना सिखाया और इस सोच ने हमारा नजरिया पूरी तरह बदल डाला। हमने सीखा कि हम लोग भोगौलिक सीमाओं से परे हैं और सारी दुनिया हमारी है। आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, महसूस होता है कि मैं कितना भाग्यशाली हूं कि मैंने नफरत करना नहीं सीखा अन्यथा मैं आगे नहीं बढ़ पाता। हम सबके भीतर समान ऊर्जा होती है, प्रमुख यह है कि आप उसे कहां लगा रहे हैं।

## प्रेम भरी पहल करिए

करुणा, सहनशीलता और माफ कर देने में जबर्दस्त शक्ति है। जिस क्षण आप किसी को माफ कर देते हैं, आप नफरत के चंगुल से निकल जाते हैं। हो सकता है किसी ने आपके साथ गलत किया हो या आपका दिल दुखाया हो। लेकिन वह क्षण अब बीत चुका है। संभव है कि आपको तकलीफ पहुंचाना उनकी मंशा ही नहीं थी, क्योंकि भीतर ही भीतर वह खुद पीड़ा भुगत रहे थे। यही बात आप पर भी लागू होती है। अपनी कमियों और गलतियों पर स्वयं को कोसने की बजाय महसूस यकीन करें कि आप हर अवसर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। क्योंकि आत्मग्लानि से कुछ हासिल नहीं होगा, इसी प्रकार दूसरों के प्रति नफरत का भाव उन्हें बदल नहीं देगा।

ईर्ष्या एक ऐसी जंजीर के समान है, जो आपको सिर्फ तब तक जकड़े रख सकती है, जब तक आप माफ करना नहीं सीख जाते। माफ करते ही आप आगे बढ़ने के रास्ते खोल लेते हैं, इसलिए सबसे प्रेम कीजिए। यदि ऐसा करना आपके लिए कठिन हो तो अपने साथ प्रेम से पेश आना शुरू कीजिए। कभी-कभी खुद को समय देना भी जरूरी होता है, ताकि अपने विचारों के बीच संतुलन कायम किया जा सके। ऐसा करने से धीरे-धीरे सभी से प्रेम करने का गुण विकसित होने लगता है। हम सबके भीतर प्रकाश मौजूद है, लेकिन कभी-कभी उसे तलाशना पड़ता है और यह सिर्फ प्रेम के साथ ही संभव है। उस अवसर को याद कीजिए जब आपने प्रेम का अनुभव किया था, आप पाएंगे कि अचानक ही सब कुछ संतुलित लगने लगा है। यही प्रेम की ताकत है। इसी प्रेम को बस हमें पकड़े रखना है।

**योगेश छाबड़िया**
(लेखक, उद्यमी व मोटिवेशनल स्पीकर, The Happionaire® Way के संस्थापक भी हैं)
**tinybuddha.com**

**कहानी**

# निर्दोष को दंड

बहुत समय पहले हरिशंकर नाम का एक राजा था। उसके तीन पुत्र थे। वह उन तीनों में से किसी एक पुत्र को राजगद्दी सौंपना चाहता था। पर किसे? राजा ने एक तरकीब निकाली और उसने तीनों पुत्रों को बुलाकर कहा, 'अगर तुम्हारे सामने कोई अपराधी खड़ा हो तो तुम उसे क्या सजा दोगे?'

पहले राजकुमार ने कहा कि अपराधी को मौत की सजा दूंगा। दूसरे ने कहा कि अपराधी को काल कोठरी में बंद करने का आदेश दूंगा। अब तीसरे राजकुमार की बारी थी। उसने कहा कि पिताजी सबसे पहले यह देख लिया जाए कि उसने गलती की भी है या नहीं। इसके बाद राजकुमार ने एक कहानी सुनाई-

किसी राज्य में राजा हुआ करता था, उसके पास एक सुंदर सा तोता था, वह तोता बड़ा बुद्धिमान था। राजा उससे बहुत खुश रहता था। एक दिन की बात है कि तोते ने राजा से कहा कि मैं अपने माता-पिता के पास जाना चाहता हूं। उसकी विनती सुनकर राजा ने बात मान ली, पर उसे पांच दिन के भीतर वापस आने के लिए कहा। तोता जंगल की ओर उड़ चला, अपने माता-पिता से मिला और खूब खुश था। ठीक पांच दिन बाद जब वह वापस राजा के पास जा रहा था, तब उसने एक सुंदर उपहार राजा के लिए ले जाने का सोचा। वह राजा के लिए अमृत फल ले जाना चाहता था। जब वह अमृत फल के लिए पर्वत पर पहुंचा, तब तक रात हो चुकी थी। उसने फल को तोड़ा और रात वहीं गुजारना तय किया। वह सो रहा था कि तभी एक सांप आया और उस फल को चखने लगा। सांप के जहर से वह फल विषाक्त हो गया। जब सुबह हुई तब तोता उड़कर राजा के पास पहुंच गया और कहा, 'राजन मैं आपके लिए अमृत फल लेकर आया हूं। इस फल को खाने के बाद आप हमेशा के लिए जवान हो जाएंगे।'

यह सुनकर मंत्री ने कहा कि महाराज पहले देख लीजिए कि फल सही भी है कि नहीं? राजा ने बात मान ली और फल में से एक टुकड़ा कुत्ते को खिलाया। कुत्ता तड़प-तड़प कर मर गया। राजा बहुत क्रोधित हुआ और अपनी तलवार से तोते का सिर धड़ से अलग कर दिया। राजा ने वह फल बाहर गड्ढा खुदवाकर दबवा दिया। कुछ समय बाद उसी जगह पर एक पेड़ उगा। राजा ने सख्त हिदायत दी कि कोई भी इस पेड़ का फल नहीं खाए। राजा ने मान लिया कि अमृत फल विषाक्त होता है। तोते ने फल खिलाकर उसे मारने की कोशिश की थी।

एक दिन एक बूढ़ा आदमी उस पेड़ के नीचे विश्राम कर रहा था। उसने एक फल खाया और वह जवान हो गया। जब इस बात का पता राजा को चला तो उसे बहुत पछतावा हुआ। राजा ने सोचा कि उसने अपने तोते को सफाई देने का मौका भी नहीं दिया। तीसरे राजकुमार के मुख से यह कहानी सुनकर राजा बहुत ही खुश हुआ और उसे अपने राज्य का उत्तराधिकार घोषित कर दिया।



# ये 'मूर्खता' अच्छी है

दूसरों का हमें मूर्ख कहना कोई नई बात नहीं है। मूर्ख हम दूसरों को ही कहते हैं। अपनी मूर्खता समझना, उसकी हंसी उड़ाना हमारे लिए कठिन होता है। पर, शेक्सपीयर ने बहुत सही कहा कि मूर्ख खुद को समझदार मानता है और समझदार जानता है कि वह मूर्ख है।




तुलसीदास जी ने कभी कहा था– तुलसी इस संसार में भांति भांति के लोग, सबसे हिल मिल बोलिए, नदी नाव संजोग। एक अप्रैल के मौके पर थोड़ी छूट लेते हुए अगर यह कहें कि इस संसार में भांति-भांति के मूर्ख हैं, तो भी गलत नहीं होगा। हम सब कभी न कभी मूर्खता करते हैं। बस हमें दूसरों की मूर्खता आसानी से दिखती है। अपनी मूर्खता देख पाना कठिन होता है। हम खुद को समझदार और दूसरों को मूर्ख साबित करने में ही तुले रहते हैं। और सबसे बड़ी मूर्खता हम यह करते हैं कि अपनी या दूसरों की जिन बातों को हंस कर टाल सकते हैं, उन पर हम चिढ़ते और कुढ़ते रह जाते हैं।

## जो समझ गया, वो बच गया

प्रोफेसर, लेखक और स्तंभकार डॉबरिन कहते हैं, कई तरह मूर्ख होते हैं। उसमें दो तरह के मूर्ख खास होते हैं। एक, जो नहीं जानते नहीं कि वे मूर्ख हैं। दूसरे वे, जिन्हें लगता है कि हमें कभी मूर्खता करनी ही नहीं चाहिए। या हम मूर्खता कर ही नहीं सकते। इन दोनों के साथ दिक्कत यह है कि पहला जीवन से कुछ सीख नहीं पाता। बार-बार एक तरह की गलतियां करता है। दूसरे ने सबक ही गलत सीखा है।'

जो अपनी नासमझी नहीं जानता, अपने ज्ञान की सीमा को नहीं समझता, वह खुद को और दूसरों को हमेशा खतरे में डालता है। वहीं जो खुद को गलतियां करने की छूट नहीं देते, वे आगे बढ़ने के लिए जोखिम लेने से बचते हैं। हमेशा यही सोचते हैं कि दूसरे क्या सोचेंगे। खुद को बेवकूफ समझे जाने का डर उन्हें खुलकर जीने, जीवन का पूरी तरह अनुभव करने से रोक देता है। हमारे घर में, स्कूल में, समाज में समझदार होने पर ही जोर दिया जाता है। बेवकूफियों की हंसी उड़ायी जाती है, गलतियों पर डांट पड़ती है। बच्चे ने कुछ अलग प्रश्न किया नहीं कि पूरी क्लास हंस पड़ती है और टीचर मूर्ख कहकर बिठा देती है। धीरे-धीरे बच्चा इस डर से कि उसे मूर्ख समझा जाएगा, चुप रहने लगता है, प्रश्न पूछना बंद कर देता है। यह बात देर से समझ आती है कि चुप रहने और जीवनभर मूर्ख बने रहने से बेहतर है कि कोई प्रश्न पूछा जाए। तब आप केवल एक दिन के लिए मूर्ख समझे जाते हैं, पर हमेशा के लिए समझदार बन जाते हैं।

मनुष्य की विकास यात्रा, उसकी नई गलतियां करने और उनसे सीखने की यात्रा भी है। फिर, हर नई बात, कुछ अलग करने का जज्बा शुरू में मूर्खता ही कहलाता है। बोरियत खुद को जानी हुई बात में बांधे रखने से है। जबकि आनंद और हमारा विस्तार उस बात को जानने में है, जिसे हम पहले नहीं जानते थे। 'मुझे सब पता है' वाली मूर्खता में तो हम अपनी आधी-अधूरी जानकारी ही परोसते रह जाते हैं। पर, समझदार, खुद को नासमझ मानते हुए, अपने फैसलों पर संदेह करते हुए दूसरों से नई बातें सीखने के लिए तैयार रहते हैं। नया समझने और सीखने की इस गुंजाइश का होना न सिर्फ हमें दूसरों से जोड़ता है, हमें बेहतर समाधान की ओर भी ले जाता है।

## ये तो समझदारी की बात है

गलतियां हमारे जीवन का हिस्सा है। यहां तक कि जिन्हें हम समझदार मानते हैं, वे भी ऐसी चूक कर जाते हैं, जिसकी उनसे उम्मीद नहीं थी। बड़े-बड़े बिजनेसमैन, अधिकारी, बहुत पढ़े-लिखे पेशेवर, सामान्य सूझबूझ में कितनी ही बार गच्चा खा जाते हैं। पर, किसी एक चूक से सब कुछ नहीं बदल जाता। हम नासमझ, बेवकूफ या गलत होने से डरते हैं, क्योंकि हम स्वयं दूसरों की खिल्ली उड़ाने में आगे रहते हैं। दूसरों की तारीफ करने में कंजूसी बरते हैं। खुद को या दूसरों को माफ करना नहीं जानते। कई बार आसपास के लोग उन बातों के लिए भी हमें मूर्ख कहते हैं, जिनके लिए हमारी तारीफ होनी चाहिए थी। इनकी नजर में आप अगर सरल, उदार, ईमानदार, बहुत मेहनती, संतुष्ट और दूसरों की मदद करने वाले हैं तो आप मूर्ख हैं। जो खुद दूसरों को मूर्ख साबित करने में ही लगे रहते हों, उनसे डरकर खुद को हंसने और बढ़ने से रोकना ज्यादा बड़ी बेवकूफी है।

-पूनम जैन

**विचार** घर



वह सबसे सुखी है, राजा हो या किसान, जिसे अपने घर में शांति मिलती है।
– वॉन गोएथे, जर्मन कवि

दे देवत्व, ले राक्षसत्व और दे-ले मनुष्यत्व। जहां बैठ कर हम जीवन की इस दे-ले का समन्वय करना सीखते हैं, उसी प्रयोगशाला का नाम घर है।
-कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर (जियें तो ऐसे जियें)

घर, मुझे बस एक बच्चे का विचार लगता है। रात में एक मकान और उसमें एक लैंप। सुरक्षित महसूस करने की एक जगह।
-वी. एस. नायपॉल, लेखक

जहां दिल होता है, वहां घर होता है।
-कहावत

हिंदुस्तान का हर घर विद्यापीठ है, महाविद्यालय है, मां-बाप आचार्य हैं। मां बाप ने आचार्य का यह काम छोड़कर अपना धर्म छोड़ दिया।
–महात्मा गांधी

अपने घर में हर कोई राजा होता है।
–उत्तराध्ययन चूणि

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**वृष :** मन अशांत हो सकता है। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन :** मन प्रसन्न रहेगा। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**कर्क :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। माता की सेहत में सुधार होगा। नौकरी में बाहर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च भी बढ़ेंगे।

**सिंह :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पिता का ध्यान रखें।

**कन्या :** मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला :** आत्मविश्वास से कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में सौम्यता भी रहेगी। पर, मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। संतान की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ बढ़ेगी।

**धनु :** मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति होगी। वाहन सुख बढ़ेगा।

**मकर :** संयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। जीवन साथी की सेहत का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ :** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। बातचीत में संतुलित रहें। व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुचि बढ़ सकती है। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा। कुछ रुके हुए काम पूर्ण होंगे। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

1 अप्रैल, सोमवार, 12, चैत्र (सौर) शक संवत् 1946, 19 चैत्र मास प्रविष्टे 2080 (पंजाब पंचांग), 21 रमजान सन् 1445, चैत्र कृष्ण सप्तमी (विक्रमी संवत्) रात्रि 09.10 बजे तक पश्चात अष्टमी तिथि, मूल नक्षत्र रात्रि 11.12 बजे तक, वरीयान योग रात्रि 08.30 बजे तक, विष्टि (भद्रा) करण प्रात: 09.21 मिनट तक। चंद्रमा धनु राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य उत्तर गोल। वसंत ऋतु। प्रात: 07.30 बजे से प्रात: 09 बजे तक राहुकालम्। भद्रा प्रात: 09.21 बजे तक। शीतला सप्तमी (पूजा)।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मुख्य द्वार से संबंधित वास्तु के कुछ आसान नियमों के बारे में जानकारी दें?
–अंशु, गाजियाबाद

- वास्तु के अनुसार इन नियमों का ध्यान रखें–मुख्य द्वार झुका हुआ न हो।
- दरवाजों से आवाज नहीं आती हो।
- द्वार खुद से खुलने वाला नहीं होना चाहिए।
- दरवाजे की कुंडी आदि टूटी, खराब न हो।
- मुख्य द्वार को नित्य साफ करना चाहिए।
- मुख्य द्वार टूटा हुआ नहीं होना चाहिए।

### वर्ग पहेली : 7559



**ऊपर से नीचे**
1. इलाज; चिकित्सा; विधान (4)
2. स्थायी या टेक को छोड़कर गीत के शेष पद; मध्य (3)
3. परदा; मोटे कपड़े से बनाई दीवार (3)
5. अलग करना; हटाना; निवारण करना; विकर्षित करना (2,3)
7. विभिन्न शारीरिक क्रियाएं; व्यायाम (4)
8. तांबे का तमगा; तांबे का पदक (2,3)
9. हाथ की गदोरी; हथेली; हस्त तल (4)
10. मनन करना; विचार करना (3)
13. आ पहुंचना; पदार्पण करना (4)
15. असफल; विफल (3)
16. परवरिश करना; हिंडोला (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविध विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

**बाएं से दाएं**
3. छोटा कटोरा; प्याली; बाटी (3)
4. किसी के द्वारा उपकार किया जाना; किसी से लाभ पाना; कृतज्ञ होना; एहसानमंद होना (4,2)
6. विवाद; झगड़ा (4)
8. तारा; नक्षत्र; कर्णधार; तारने वाला (3)
11. चुपके से खिसक जाने का कार्य; गायब; चंपत; तीव्र पलायित (2,3)
12. आंच से गरम होना; तप्त होना (3)
14. डर कर थम जाना; कांप उठना; स्तंभित हो जाना (4)
17. अभिभूत करना; निरुत्तर करना; विभोर करना; स्वीकार कराना (3,3)
18. भाषा; कार्य सिद्धि का उपाय; बीच का; साधन (3)

### वर्ग पहेली : 7558

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ह | ■ | 2 स | म | सा | 3 म | वि | 4 क |
| 5 प | रि | क्र | मा | ■ | ■ | न | ■ | ह |
| ■ | त | ■ | 6 स | 7 मा | प | न | हो | ना |
| 8 मा | ■ | 9 म | ■ | था | ■ | क | ■ | मा |
| 10 ल | च | र | ता | ■ | 11 भा | र | ही | न |
| अ | ■ | णो | ■ | 12 जी | ■ | ना | ■ | ना |
| 13 स | क | प | का | जा | 14 ना | ■ | 15 क | ■ |
| बा | ■ | रां | ■ | ■ | 16 प | ल | ट | ना |
| 17 ब | च | त | क | र | ना | ■ | ना | ■ |

### सुडोकू : 7543

* मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 8 | | | | | 5 |
| | | | 1 | | 5 | 3 | | 7 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 9 | 8 | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 8 | | | 7 | 3 |
| | | 2 | | | | | 9 | |
| 5 | | 4 | 9 | | 7 | | | |
| 3 | | | | | 2 | 7 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 7542

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 5 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 1 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 6 | 9 |

## कच्चातिवु द्वीप के मामले पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को संवेदनहीन बताते हुए घेरा

# श्रीलंका को द्वीप देने पर सियासत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया में आई एक खबर के हवाले से रविवार को कहा कि नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप संवेदनहीन ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। इससे प्रत्येक भारतीय नाराज है और लोगों के दिमाग में यह बात बैठ गई है कि हम कभी कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकते।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर खबर साझा करते हुए कहा, भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना कांग्रेस का 75 वर्ष से काम करने का तरीका रहा है।

गृह मंत्री अमित शाह ने भी रविवार को इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस की आलोचना की है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस ने कच्चातिवु स्वेच्छा से छोड़ दिया। उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है। कांग्रेस के एक सांसद कभी देश को विभाजित करने के बारे में बोलते हैं और कभी-कभी वे भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बदनाम करते हैं। इससे पता चलता है कि वे भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि द्रमुक को कच्चातिवु मुद्दे पर गलत जानकारी देना बंद करना चाहिए।

### रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच में है कच्चातिवु द्वीप



कच्चातिवु द्वीप भारत के रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच में बना हुआ है। 285 एकड़ में फैला ये द्वीप 17वीं शताब्दी में मदुरई के राजा रामानंद के अधीन था। ब्रिटिश शासनकाल में यह द्वीप मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आ गया था। भारत व श्रीलंका दोनों मछली पकड़ने के लिए इस द्वीप पर अपना-अपना दावा करते थे। साल 1974-76 के दौरान समुद्री सीमा को लेकर भारत और श्रीलंका के बीच चार समझौते हुए। इसके बाद द्वीप कुछ शर्तों के साथ श्रीलंका के पास चला गया।

### राहुल गांधी इस मुद्दे पर चुप क्यों : सुधांशु त्रिवेदी

भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि केंद्र में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के इस फैसले के कारण श्रीलंकाई लोग तमिलनाडु के मछुआरों को पकड़ लेते हैं और उन्हें जेल में डाल देते हैं। त्रिवेदी ने पूछा कि राहुल गांधी इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं। उन्हें लोगों को बताना चाहिए कि न केवल उनकी पार्टी बल्कि उनका परिवार भी इसके लिए जिम्मेदार है।

### अतीत के बारे में सच्चाई पता चले: जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन तथ्यों से प्रत्येक नागरिक को चिंतित होना चाहिए। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह महत्वपूर्ण है कि लोगों को हमारे अतीत के बारे में पूरी सच्चाई पता चले।

### प्रधानमंत्री ने मुद्दा चुनाव के कारण उठाया : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु को ध्यान में रखकर कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा उठाया। वहीं, केंद्र सरकार की विदेश नीति की विफलता के कारण नेपाल, भूटान और मालदीव जैसे मित्रवत पड़ोसियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए। खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आप 10वें वर्ष में क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर अचानक जाग गए हैं। शायद, चुनाव ही इसका कारण है। आपकी हताशा स्पष्ट है। उनके अनुसार, वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने बयान दिया था कि भारत और बांग्लादेश के बीच भूमि सीमा समझौता दिलों का मिलन है। यह बयान 1974 में इंदिरा गांधी की पहल की सराहना करता है।

### अन्नामलाई ने दायर की थी आरटीआई

यह खबर भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन पर मिले जवाब पर आधारित है। उन्होंने पाक जलसंधि में इस द्वीप को श्रीलंका को सौंपने के 1974 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार के फैसले को लेकर जानकारियां मांगी थी। खबर में उस मुद्दे पर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की टिप्पणियों का भी उल्लेख है। नेहरू ने कथित तौर पर कहा था कि उन्हें इस द्वीप पर अपना दावा छोड़ने में कोई झिझक नहीं होगी।

# आडवाणी को भारत रत्न उनके समर्पण का सम्मान




ओडिशा के पुरी समुद्र तट में रविवार को रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने लाल कृष्ण आडवाणी की रेत की मूर्ति बनाकर बधाई दी। उन्होंने भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर यह संदेश दिया। ● एएनआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी जीवन भर राष्ट्रीय कल्याण और सामाजिक उत्थान के लिए निस्वार्थ रूप से समर्पित रहे।

भाजपा पितृपुरुष को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शाह ने कहा कि उनका जीवन त्याग, दृढ़ता और समर्पण से भरा है। यह करोड़ों लोगों के लिए शक्ति और प्रेरणा का असीमित स्रोत है। आज इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर खुश और भावुक हो गया। उन्होंने एक्स पर लिखा, माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से माननीय लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना सभी के लिए गौरव का क्षण है।

**सीएम योगी बोले, सम्मान अद्भुत क्षण:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व उपप्रधान मंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित होने पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हमारे मार्गदर्शक लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर बधाई। यह सम्मान मिलना सभी के लिए अद्भुत क्षण है।

## देश 30s

### सदानंद ने एनआईए प्रमुख का पद संभाला



**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई हमले के दौरान आतंकवादियों से बहादुरी से लड़ने वाले सदानंद वसंत दाते ने रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की कमान संभाल ली। महाराष्ट्र कैडर के 1990 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी दाते ने दिनकर गुप्ता का स्थान लिया, जो रविवार को सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले वे महाराष्ट्र में आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे।

### नक्सली शिविर का भंडाफोड़, विस्फोटक जब्त

**गढ़चिरौली।** गढ़चिरौली पुलिस ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर नक्सलियों के एक शिविर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने वहां से कुछ जिलेटिन की छड़ें, डेटोनेटर और अन्य सामान जब्त किया है। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा कि पुलिस को जानकारी मिली कि हथियारबंद नक्सली आगामी लोकसभा चुनाव से पहले विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए चुटिनटोला गांव के पास महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने लौह अयस्क की ढुलाई कर रहे चार ट्रक में आग लगा दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

### शाहजहां के भाई की हिरासत पांच दिन बढ़ी

**बारासात।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले की एक अदालत ने संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख के भाई शेख आलमगीर को पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। बशीरहाट उप-विभागीय अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने शाहजहां के एक अन्य सहयोगी को भी समान अवधि के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया।

### सागर में दो गुटों में विवाद के बाद झड़प

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद दो समूह कथित तौर पर आपस में भिड़ गए और एक दूसरे पर पथराव किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के सदर इलाके में शनिवार रात हुई इस घटना में कुछ लोग घायल हो गए। इस घटना के कारण इलाके में तनाव फैल गया और पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले छोड़े। कैंट पुलिस थाना प्रभारी रवींद्र सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में तीन प्राथमिकियां दर्ज की हैं।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने ईस्टर की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ईस्टर के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और एकता और शांति के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रपति ने भी ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और इस बात पर प्रकाश डाला कि यीशु मसीह के पुनरुत्थान का जश्न मनाने का यह अवसर प्रेम, आशा और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ईस्टर पर हम आशा करते हैं कि नवीनीकरण, आशावाद का संदेश गूंजेगा।

### पंजाब में केक खाने के बाद 10 वर्षीय बच्ची की मौत

**पटियाला (पंजाब)।** पंजाब के पटियाला में जन्मदिन पर केक खाने के बाद संदिग्ध रूप से खाद्य विषाक्तता के कारण 10 वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई, जिसके बाद केक की दुकान के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बच्ची की मां द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, 24 मार्च को उसका जन्मदिन मनाने के लिए केक ऑनलाइन ऑर्डर किया गया था। शिकायत में कहा गया है कि केक खाने के तुरंत बाद बच्ची समेत परिवार के सभी सदस्यों को उल्टी होने लगी।

### धमकी मामले में ढुलू महतो और प्रिंस खान पर केस

**धनबाद।** कुख्यात प्रिंस खान के कथित ऑडियो ने धनबाद की राजनीति को गरमा दिया है। प्रिंस खान से धमकी मिलने के बाद धनबाद मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने रविवार को मामले की शिकायत बरवाअड्डा थाने में की। उन्होंने शिकायत में पुलिस को बताया है कि बाघमारा के भाजपा विधायक ढुलू महतो के इशारे पर प्रिंस खान ने उन्हें और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को धमकी दी है।

# कोलकाता में एडेनोवायरस संक्रमण से दो बच्चों की मौत

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के शहर कोलकाता में इन दिनों एक गंभीर संक्रामक रोग का प्रकोप फैल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक सप्ताह में एडेनोवायरस संक्रमण से दो मौतें दर्ज की गई हैं।

रविवार को एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक बच्चे ने शुक्रवार रात पार्क सर्कस इलाके के अस्पताल में अंतिम सांस ली, जबकि दूसरे बच्चे की एक हफ्ते पहले डॉ. बीसी रॉय पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ पीडियाट्रिक साइंसेज में मौत हो गई थी। फिलहाल, संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिकारी ने बताया कि पार्क सर्कस के अस्पताल में जिस बच्चे की मौत हुई, उसे अन्य बीमारियों के लिए भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान वह एडेनोवायरस से संक्रमित हो गया। **50 प्रकार के एडेनोवायरस की हुई पहचान:** स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि यह संक्रमण एक सामान्य वायरस है, जो सर्दी या फ्लू जैसी समस्याओं का कारण बन रहा है। अभी तक 50 प्रकार के एडेनोवायरस की पहचान की है, जिसे इंसान संक्रमित हो सकते हैं। यह वायरस सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है, लेकिन 5 साल के कम उम्र के बच्चों में सबसे अधिक मामले सामने आ रहे हैं।

### यह हैं लक्षण

शोधकर्ताओं ने बताया कि यह वायरस सबसे अधिक श्वसन तंत्र को संक्रमित कर रहा है। इसके अलावा खांसी, बुखार, गले में खराश, कान में संक्रमण और न्यूमोनिया हो सकता है। वहीं गैस्ट्रोइंटस्टाइल ट्रैक के प्रभावित होने से पेट दर्द, उल्टी, पेट खराब होने की स्थिति बन सकती है।

# सीयूईटी-यूजी के आवेदन पांच अप्रैल तक होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने रविवार को घोषणा की कि कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी)-यूजी के लिए आवेदन की समय सीमा 5 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पहली समय सीमा 26 मार्च थी, जिसे पहले बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया था।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा कि सीयूईटी-यूजी 2024 के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की समय सीमा उम्मीदवारों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर 5 अप्रैल, 2024 को रात 9:50 बजे तक बढ़ा दी गई है। पहचान की सुविधा के लिए उम्मीदवार फोटो के साथ स्कूल आईडी या किसी सरकारी आईडी का भी उपयोग कर सकते हैं। परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित होगी।

# सेना का ध्यान स्वदेशीकरण और तकनीक पर केंद्रित

**संकल्प**

**पुणे, एजेंसी।** भारतीय सेना की दक्षिण कमान स्वदेशीकरण, तकनीक को अपनाने और परिचालन क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। एक अप्रैल को अपना 130वां स्थापना दिवस मनाने की तैयारी है। दरअसल, यह भारतीय सेना की सबसे पुरानी और बड़ी कमान है, जिसके तहत 11 राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों का 41 फीसदी भूमि क्षेत्र आता है।

दक्षिणी कमान के 38वें लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने 2024 के दौरान परिवर्तनकारी बदलाव के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के बारे में बात की।



### अपाचे हेलीकॉप्टर से लैस होगी दक्षिण कमान

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा, सेना की परिचालन प्रभाविता के तौर पर दक्षिण कमान क्षेत्र में इस साल 15 मार्च को पहली मध्यम लिफ्ट अटैक हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन की स्थापना की गई। यह स्क्वाड्रन बोइंग के आधुनिक अपाचे ए एच 64ई हेलीकॉप्टर से लैस होगी। वहीं देश में आने वाले महीनों में दो चरणों में छह अनुबंधित हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति की जाएगी।

# आतंकवाद-रोधी केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे कई पुलिस अधिकारी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में स्थित सेना के आतंक-रोधी व्हाइट नाइट कोर युद्ध स्कूल में 62 पुलिस उपाधीक्षकों सहित 1,000 से अधिक परिवीक्षाधीन पुलिस अधिकारी छह सप्ताह का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एकीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 मार्च को शुरू हुआ। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से तीन दशकों से अधिक समय से जूझ रहे इस केंद्र शासित प्रदेश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि सरकार की योजना जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को केंद्र शासित प्रदेश की पुलिस के हवाले करने की है। एकीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों बलों के समन्वय और संयुक्त परिचालन क्षमताओं को बढ़ाना था।

# आयकर मामले में कांग्रेस ने अदालत का रुख किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला। वहीं, कांग्रेस ने 135 करोड़ रुपये की कर मांग के खिलाफ अदालत का रुख किया है और इस मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है।

पार्टी इस संबंध में आयकर अपीलीय अधिकरण और उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में विफल रही है। सूत्रों के मुताबिक ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) से संबंधित हैं। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है और पार्टी पर कर लगा दिया है। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई तीसरे पक्ष की प्रविष्टियों के लिए भी कांग्रेस पर कर लगाया गया है।

# सांसद निशिकांत दुबे, पत्नी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**देवघर।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी सहित अन्य के खिलाफ जसीडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में निशिकांत दुबे, उनकी पत्नी अनामिका गौतम, देवता कुमार पांडेय, राजबीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, बीर कुमार अग्रवाल, विमल कुमार अग्रवाल, पुनीत कुमार अग्रवाल और एक अज्ञात को आरोपी बनाया गया है।

आरोपों के बारे में कहा गया है कि शिवदत्त शर्मा ने परित्राण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए 53 करोड़ रुपये के ऋण की मंजूरी वर्ष 2009 में पंजाब नेशनल बैंक की अगुवाई में बैंकों के एक संघ से प्राप्त की। किसी कारणवश कॉलेज चालू नहीं हो सकने के कारण उनका ऋण खाता एनपीए घोषित कर दिया गया। आरोप के अनुसार सांसद निशिकांत दुबे और उनकी पत्नी अनामिका गौतम ने कॉलेज को वित्तीय संकट से उबारने का आश्वासन दिया।

# प्रेमिका ने बैडमिंटन खिलाड़ी की जान ली

**जमशेदपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय पारा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या उसकी प्रेमिका ने आशिक के साथ मिलकर कर दी। वह प्यार का झांसा देकर प्रशांत का इस्तेमाल करती रही। उससे पैसे ऐंठती थी और उसी के पैसों से अपने आशिक के साथ मिलकर एक होटल भी खोल लिया था। प्रशांत उसके प्यार के झांसे में फंसा रहा और लोगों से पैसे उधार लेकर उसे देता रहा। हत्यारोपी प्रेमिका काजल सुमन और उसके आशिक रौनक कुमार को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया।

रविवार को पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि काजल ने ही रौनक के साथ मिलकर प्रशांत की हत्या की और फिर शव को बोरे में भरकर हजारीबाग के छड़वा डैम से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से प्रशांत की कलाई घड़ी और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है।


# हिन्दुस्तान क्लासीफाइड

www.livehindustan.com

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
1800 103 1800

● आवश्यकता

● नौकरानी

आवश्यकता है घर कोठी रोगी वृद्ध हेतु कुक वेटर हेल्पर जापा मेड लड़के- लड़कियां महिलाएं पति-पत्नी रहना खाना फ्री 8506827673, 8860827673

● चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रेणियां

● मेडिकल

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹999 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284, कोड़िया पुल चौक, पुरानी दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

सेक्स समस्याएँ
छोटापन से निराश क्यों?
मात्र 300/- 500/-
शीघ्रपतन, यौन समस्याएं, स्वप्नदोष, नपुंसकता, घात जाना, छोटापन, ढीलापन दूर कर क्षमता बढायें।
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
फोन कर डॉ० से सलाह लें
VAID A K GUPTA
9709991888
9709992888

● व्यापार

● ज्योतिष

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
2घंटे में हर परेशानी का घरबैठे सम्पूर्ण समाधान
तांत्रिक मास्टर किंग खान
बाबा सुल्तान मिर्जा
कारोबार, शादी/प्यार में परेशानी सौतन/दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लवमैरिज, प्रोपर्टी, कोर्ट-केस, गुप्त रोग, पुराना दर्द, दवा न लगना, किया कराया, जादू-टोना, गढ़ाधन आदि
अगरकोई पंडित, मौलवी, तांत्रिक, अघोरी बाबा मेरे किए काम को काटे तो उसे मुंह मांगा ईनाम
स्पे. कालाजादू, गृहक्लेश व लव प्राब्लम
9971751650

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
बाबा खान बंगाली
घर बैठे सभी समाधान
स्पेशलिस्ट : लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, शादी, नौकरी, कारोबार में बाधा, पति, पत्नी अनबन, सौतन, दुश्मन छुटकारा, प्यार में धोखा। सभी जगह से निराश फोन करें।
7078471281

● ऋण/ आय

भारत की विश्वसनीय कम्पनी
सभी प्रकार के लोन मात्र 36 घंटों में
Online Line तत्काल लें
लोन
2% ब्याज 50% छूट
गोल्डन अवार्ड विजेता एकमात्र पहली कम्पनी
लोन पायें रोजगार बढ़ायें
मार्कशीट, राशनकार्ड, पर्सनल, कृषि, ई-श्रम, बिजनेस, ईंट-भट्टा, पशुपालन लोन
25 वर्षों से लाखों लोगों का भरोसा
7599223189
7599289178

मात्र 24 घंटे में पूरे भारत में
लोन उपलब्ध
लोन एक सुनहरा अवसर है
न्यूनतम ब्याज अधिक छूट पर
ओवर ड्राफ्ट सी सी लिमिट
पर्सनल बिजनेस एवं सभी प्रकार के लोन लेने के लिए अभी सम्पर्क करें
9457831788

● ऋण/ आय

अभी फोन घुमाएं घर बैठे तुरन्त आसान किस्तों पर लोन पाएं
2% ब्याज 50% छूट
लोन
अब लोन लेना हुआ और भी आसान
मार्कशीट, पर्सनल, राशन कार्ड, पशुपालन लोन, मछली पालन लोन, कृषि लोन, व्यापार बढ़ाने के लिए लोन, मकान व दुकान बनाने के लिए लोन
सभी प्रकार के लोन मात्र 3 दिन में पायें
9457931263
9457345763

● नाम परिवर्तन

I, RAVINDER Kumar (Service No. 14665663M Rank HMT) S/o Chhattar Singh have declared that my mother's name Ramwati & DOB-01.07.1960 is wrongly mentioned in my service record but her correct name is Rambati and DOB- 01.01.1950 for all documents record purpose. Affidavit dt 12.03.2024

I HITHERTO known as Sunita and Sunita Arora W/o Harish Kumar Arora, R/o H. No. 197-A, First Floor, Sector-45, Kanahi (73), Gurgaon, Haryana-122003, have changed my name and shall hereafter be known as Sunita Arora.

I, BHARAT Bhushan S/o Des Raj Vij R/o 35-002,Emerald Floors Premium, Worldmark, Sector-65 Gurgaon Haryana-122101 have changed my name to Bharat Bhushan Vij.

I, SHIPRA Grover R/o Florida Apartment Tower H-701 Sector 82, Faridabad-121002 have changed my minor daughter's name from Yuvakkshi to Yuvakkshi Grover.

मैं ओमकिरण (Omkiran) पिता नायक शोभित कुमार ग्राम-भामोरी, पोस्ट-भामोरी, जिला-मेरठ, उत्तर प्रदेश, शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मेरे पुत्र के आर्मी दस्तावेज में मेरा नाम ओमकिरण सिंह (Omkiran Singh) और जन्म तिथि 29 मार्च 1962 दर्ज है जो गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम और जन्म तिथि ओमकिरण (Omkiran) और 1 जनवरी 1963 है जो कि सत्य वे सही है

I, ZUVAIDA Khatoon W/o Mokhtar Ahmad R/o Qtr No. 31, NDMC Flat, Aditya Sadan Ashoka Road, New Delhi GPO, New Delhi-110001, declare that in husband's passport my name was wrongly mentioned as Zubaida Khatoon instead of my correct name Zuvaida Khatoon. In future I will be known as Zuvaida Khatoon for all purposes.

I, NISHA Maji D/o Sanjit Kumar Maji W/o Ish Matta R/o 21 2nd Floor, Tagore Park, Model Town -1, Delhi - 09 have changed my name to Nisha Matta for all future purposes.

● नाम परिवर्तन

I RASHMI Singh D/o Vinob Singh R/o H.No. L-28/31, Gali No-7, Near Bhagirathi School, Jai Prakash Nagar, Ghonda, Delhi-110053 have changed my name to Laxmi.

I, MRUTYUNJAY Pati, S/o Harekrushna Pati, R/o - Flat No. T - 303, Tower-T, The HYDE park, GH-03, Sector 78, Noida, G.B. Nagar, UP 201301 declare that my father's correct name is Harekrushna Pati where as it has been wrongly written as Harekrishna Pati in my Passport, class X Certificate & Marksheet. My father Harekrushna Pati & Harekrishna Pati are one & the same person and hence the correct name of my father Harekrushna Pati which may be amended accordingly in my passport vide notarized affidavit IN-UP09731212504737W.

I, RAJESH Kumar Jain, S/o Jinender Kumar Jain, Resident of Khasra No. 38, Village Libaspur, Delhi -110042 declare to the General Public that my name in my Son's (Namely Veer Jain) School Transfer Certificate is by mistake wrongly mentioned as Rajesh Jain instead of Rajesh Kumar Jain and both are same & one person

I, HARISH Singhal R/o B40 Madhu Vihar gali no 15 Delhi 110092 have changed my minor daughter's name from Siya Singhal to Stuti Singhal for all purposes

I, NEERAJ Kumar S/o Satish Kumar R/o Vikas Engineering Works, Salhawas Road Kosli Rewari Haryana 123032, have changed my minor son's name from Taarush Kumar to Prince Kumar.

I HITHERTO known as Gungun D/O Ajay Shanker, R/o F-201, Sector-9, New Vijay Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201001, have changed my name and shall hereafter be known as Anvi Shanker.

IT IS for general information that I Jailesh Parmar S/O Kishan Lal R/O H2-981, Jahangir Puri, Adarsh Nagar, North West Delhi, Delhi-110033 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as Kishan Parmar and Bhavna Parmar in my 10th & 12th Class Educational Documents. and the name of mine, my father and my mother have been wrongly written as Jailesh, Kishan and Bhawana in my Birth Certificate No-05037121. The actual name of mine, my father and my mother are Jailesh Parmar, Kishan Lal and Bhavna which may be amended accordingly.

I, NO.14864046F Sep Pandya Uttamkumar Ghanshybhai, R/o- VPO- Bagdana, Teh- Mahuva, Dist- Bhavnagar, Gujarat- 364145, have changed my minor son s name from Parth to Pandya Parth Uttamkumar, vide affidavit dated 30/03/2024 before Notary Public Delhi

● नाम परिवर्तन

I, PADAM Kumar Sharma S/o Sh. Prem Jiwan Sharma R/o G-11, Amba Apartment, Plot No.5, Near Indira Gandhi Hospital, Sec.-10, Dwarka, Delhi-110075 have changed my name from Padam Kumar Sharma to Padam Sharma for all future purposes.

मैं पोचोक डोलमा निवासी ग्राम बासगो, पोस्ट-बासगो, लेह, यूटी लद्दाख, माता- नं. 9926807K Hav स्कालज़ांग दोरजाई ने अपना नाम पोचोक डोलमा से बदलकर पुंचोक डोलमा कर दिया है, मेरी सही जन्मतिथि 22 अप्रैल 1968 है। शपथपत्र सं. IN-DL66230240038388W

I, ISHWAR Singh R/o RG-31, Sangam Vihar, Dharampura Extn. Gali no. 5,Najafgarh, New Delhi- 43 have changed my minor Son's name from Torance to Tarun. D.o.b-26.08.2006

I, POOJA W/o- No.14864046F Sep Pandya Uttamkumar Ghanshybhai R/o- VPO- Bagdana, Teh- Mahuva, Dist- Bhavnagar, Gujarat- 364145, have changed my name from Pooja to Pandya Pooja Uttamkumar, vide affidavit dated 30/03/2024 before Notary Public Delhi

I SHUBHAM S/o Hem Chand R/o House No.80 Gali No.3 Vishnu Garden Gurugram HR. have changed my name to Shubham Sagar for all purposes

I, MANSIT Kaur Sindra, D.O.B 17 dec 1998 D/o, Daljeet Singh R/o Vb179, 2nd Flr, St No-7a, Virender Nagar, New Delhi-110058 have changed my name to Mansit Kaur for all purposes.

I, RAJESH Kumar Jain, S/o Jinender Kumar Jain, Resident of Khasra No. 38, Village Libaspur, Delhi -110042 declare to the General Public that my name in my Daughter's (Namely Pari Jain) School Transfer Certificate is by mistake wrongly mentioned as Rajesh Jain instead of Rajesh Kumar Jain and both are same & one person

I, NEELAM Bhambri D/o- Parduman Kumar Bhambri W/o- Naresh K Nayyar, R/o- D-1B/14B, D Block, Janak Puri, Delhi - 110058, have changed my name and shall hereafter be known as Neelam Nayyar

I, RAVINDER Kumar (Service No. 14665663M Rank HMT) S/o Chhattar Singh have declared that my father's name Chhatar singh & DOB-01.07.1954 is wrongly mentioned in my service record but his correct name is Chhattar Singh and DOB-30.03.1952 for all documents record purpose. Affidavit dt 12.03.2024

I, MANPREET Kaur Dhir W/O Baljeet Singh Dhir R/O WZ-294, Gali No.16, Shiv Nagar Janakpuri New Delhi-110058 have changed my name to Manpreet Kaur for all Purposes

● नाम परिवर्तन

I MOHAMMAD Shahbaz Siddiqui S/O, Amiruddin Siddique R/o H.No. 1, Ward No.8, Near Railway Crossing, Post - Saiyadraja, Chandauli, Pin 232110, Uttar Pradesh, India have changed my name to Mohammad Shahbaz Siddique.

I, SONIA D/O, Madan Lal Sahni R/o Flat No 330, Dda Pocket 1, Sector 9, Dwarka, New Delhi, Pin 110075 have changed my name to Sonia Sahni for all purposes.

I SHUMI D/O, Mohd Jahangeer R/o S-265/406 Indra Gandhi Camp-2 Taimoor Nagar New Friends Colony South Delhi 110025 have changed my name to Sumi.

I, AMRIISH V Nayar S/o Mr. Vimal Nayyar R/o Plot No - 5/65, Sec-II, Rajendra Nagar, Sahibabad, Ghaziabad, UP - 201005, have changed my name from Amriish V Nayar to Amrish Nayyar. Henceforth I would be known by the name of Amrish Nayyar for all future purposes.

I, INDER Singh Sachdeva, S/o Ganda Singh , R/o Flat No. 906, Tower A10, Supertech Eco Village 3, Sector 16 B, Greater Noida West, Gautam Buddha Nagar, U.P - 201309, have changed my name from Inder Singh Sachdeva to Inder Singh. Henceforth I would be known by the name of Inder Singh for all future purposes.

I, ANISHA W/o Late Md Mehandi Hasan R/o H. No.- R 25 Saurav Vihar, Near Anand Medical, Jaitpur, Badarpur, South Delhi-110044 have changed my name from Anisha Begam to Anisha for all future purposes.

● नाम परिवर्तन

I, SANJEEV S/o Richpal Singh R/o Hno. 111, Khirki Village, Malviya Nagar, New Delhi-17 have changed my name to Sanjeev Kumar for all purposes

I MOHD Jahangeer S/O, Abdul Khalik R/o S-265/406 Indra Gandhi Camp-2 Taimoor Nagar New Friends Colony South Delhi 110025 have changed my name to Jahangir .

I, NAVEEN Kumar S/o Chunni Lal R/o 1299 Jawahar colony NIT Faridabad have changed My Name to Naveen Singh for all Future purposes.

I, RAHUL Goyat S/o Bhagat Singh Goyat R/o H.No.342, Sector-16, Faridabad have changed my minor daughter name from Aanya to Aanya Goyat for all future purposes.

I LEELI Begum W/O, Jahangir R/o S- 265/406 Indra Gandhi Camp 2 Taimoor Nagar New Friends Colony South Delhi 110025 have changed my name to Lili Begum.

● खोया- पाया

I, MRS. Tamanna Mehta , D/O Mr. Suresh Kumar , A10-15-FF, BPTP Park Elite Floor Faridabad, have lost the Original BPMS Agreement Finder may please contact on above mention residential address.

I, MUKESH S/o Banwari Lal R/o H.No. MCF-2553, Gali No.27, Sanjay Colony, Sector-23, Faridabad have lost my original property Sale Deed Vasika No.1383 dt.19.06.2022 and Value 895/-. Finder contact above address.

क्लासिफाइड विज्ञापन देने के लिए

लॉग ऑन करें
htclassifieds.com
या
QR कोड स्कैन करें


## वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी विज्ञापन **जैसे टॉवर, नौकरी, ऋण सम्बंधी या अन्य** किसी भी प्रकार के संदर्भ में कोई राशि भेजता है या किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है तो ऐसा वह अपने स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई किसी क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अपने सोने की असल कीमत का पता लगाकर ही गोल्ड लोन लें

**ग्राहक ध्यान दें**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में पिछले कुछ समय से गोल्ड लोन बाजार में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। कई कंपनियां सोने की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर ग्राहकों को गिरवी रखे गए जेवर के बदले कम कर्ज दे रही हैं।

इससे ग्राहकों को बड़ी चपत लग रही है। इसे लेकर वित्त मंत्रालय और आरबीआई ने इन कंपनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। ग्राहकों के लिए भी गोल्ड लोन लेते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि वह इन कंपनियों के जाल में न फंस पाएं।

### धांधली में कई बड़ी कंपनियां शामिल

आरबीआई ने जांच में पाया है कि गोल्ड लोन देने में बैंकों और एनबीएफसी द्वारा नियमों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। ये वित्त कंपनियां जानबूझकर सोने की कम कीमत आंक रही हैं, जिससे ग्राहकों को कर्ज की रकम कम मिल रही है। इस धांधली में कई नामी गोल्ड लोन कंपनियां शामिल हैं।

### ब्याज दर और प्रक्रिया शुल्क में भारी अंतर

कई गोल्ड लोन कंपनियां ज्यादा ब्याज दर वसूलती हैं। सरकारी बैंक 8.75 से लेकर 11% तक ब्याज वसूलते हैं लेकिन एनबीएफसी की ब्याज दर 36% तक है। इसी तरह सरकारी बैंक 0.5% तक प्रोसेसिंग फीस ले सकते हैं। वहीं, एनबीएफसी एक फीसदी या इससे भी ज्यादा प्रक्रिया शुल्क वसूल सकते हैं।

### ये गड़बड़ियां सामने आईं

- कुछ कंपनियां ग्राहकों के सोने की कीमत कम आंक रही हैं। लोन-टू वैल्यू रेश्यो बताता है कि गिरवी रखे सोने के बदले अधिकतम कितना लोन मिल सकता है।
- कुछ कंपनियां 22 कैरेट सोने के आभूषणों को 20 या 18 कैरेट का बता देती हैं। इससे सोने का मूल्यांकन कम हो जाता है और ग्राहक को कम लोन मिलता है।

### ये सावधानियां बरत कर धांधली से बचें



1. **सोने की गुणवत्ता की जांच कराएं** : कई ज्वेलर्स मामूली शुल्क के साथ यह सुविधा देते हैं। यहां कैरेटोमीटर से सोने के कैरेट की जांच होती है।
2. **हॉलमार्क सोने का करें इस्तेमाल** : अगर ग्राहक के पास हॉलमार्क ज्वेलरी होती है तो लोन लेते समय बेहतर सौदेबाजी की स्थिति में होता है।
3. **कर्ज देने वाले की विश्वसनीयता जांचें** : जहां से लोन ले रहे हैं, वह एक भरोसेमंद वित्तीय संस्थान हो। हाल ही में कई संस्थानों की गड़बड़ियां पकड़ी गई हैं, जिन्होंने ग्राहकों को चपत लगाई है।
4. **ब्याज दरों और अन्य शुल्क की तुलना करें** : कौन सा बैंक या वित्तीय संस्थान कितना ब्याज और शुल्क वसूल रहा है, इसकी तुलना करने के बाद ही गोल्ड लोन के लिए आवेदन करें। वेबसाइट से ब्याज दरें पता कर सकते हैं।
5. **शर्तों को ठीक से पढ़ें** : कई संस्थान लोन की ईएमआई सही समय पर नहीं मिलने पर हर महीने ब्याज दर बढ़ाते जाते हैं। इसलिए उनकी शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ना जरूरी है।

### गोल्ड लोन की प्रक्रिया

- गोल्ड लोन लेने के लिए आपको अपना सोना या जेवर और कुछ जरूरी दस्तावेज बैंक या लोन कंपनी को देने होते हैं।
- कंपनी सोने का मूल्यांकन और दस्तावेज की जांच करती है।
- मूल्यांकन के आधार पर 75% तक लोन राशि मंजूर होती है।
- लोन के समझौते के अनुसार, ग्राहक हर महीने लोन की मुख्य राशि और ब्याज चुकाता है।
- जब ग्राहक पूरा लोन चुका देता है तो उसे गिरवी रखा गया सोना या जेवर वापस कर दिया जाता है।
- कर्ज न चुकाने की स्थिति में कंपनियां गिरवी रखे गए सोने की नीलामी करती है।

## कॉर्पोरेट कॉर्नर



एनएचपीसी और जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन के बीच ऋण संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इस दौरान एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक आरपी गोयल, निदेशक उत्तम लाल, निदेशक आरके चौधरी और न्यू एनर्जी एंड पावर फाइनेंस विभाग (जेबीआईसी) के रयुता सुजुकी मौजूद रहे।

### ई-नीलामी में उच्चतम बिक्री वसूली प्राप्त की

**नई दिल्ली।** एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने डब्ल्यूटीसी नौरोजी नगर, नई दिल्ली के लिए 25वीं ई-नीलामी के दौरान अब तक की उच्चतम बिक्री वसूली प्राप्त की है। बेचे गए कुल क्षेत्रफल में से लगभग 4.38 लाख वर्ग फुट, जिसका बिक्री मूल्य लगभग 1,740 करोड़ रुपये है, पीएसयू संस्थाओं को बेचा गया है। इनमें पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड भी शामिल है।

### इंडियन ऑयल ने एलपीजी ट्रक भेजा

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल के 100वें अत्याधुनिक इंडेन एलपीजी बॉटलिंग प्लांट सितारगंज से पैक्ड एलपीजी का पहला ट्रक लोड भेजा गया। इसे अध्यक्ष, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एसएम वैद्य और निदेशक (विपणन) वी सतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाई। यह संयंत्र उत्तराखंड के आठ और उत्तर प्रदेश के दो जिलों के ग्राहकों को आपूर्ति प्रदान करेगा।

समयसीमा खत्म होने के बाद मौजूदा निवेशकों को फायदा होगा

# म्यूचुअल फंड में दोबारा केवाईसी जरूरी नहीं

**राहत**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड केवाईसी की समयसीमा 31 मार्च को खत्म हो गई है लेकिन इसके मौजूदा निवेशकों को थोड़ी राहत दी गई है। इसके तहत निवेशकों को अब अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड खाते लिए दोबारा केवाईसी कराने की जरूरत नहीं है। ऐसे निवेशक एसआईपी और अन्य योजनाओं में निवेश जारी रख सकते हैं।

इससे पहले कहा गया था कि सभी म्यूचुअल फंड के निवेशकों के लिए 31 मार्च तक नई केवाईसी अनिवार्य है। ऐसा न करने पर खाता निष्क्रिय हो जाएगा। इसके बाद हाल ही में केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसी सीडीएसएल ने नई सूचना जारी की, जिसमें कहा गया है कि मौजूदा निवेशकों को अपने केवाईसी रिकॉर्ड को अपडेट करने की आवश्यकता नहीं है। यह केवल उन्हीं पर लागू होगा, जिनके नए म्यूचुअल फंड खुले हैं।

### ऐसे निवेशकों के लिए अनिवार्य नहीं



सीडीएसएल ने कहा है कि अगर आपका केवाईसी रिकॉर्ड निर्धारित आधिकारिक वैध दस्तावेजों का उपयोग करके सत्यापित है और आपका मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी सत्यापित है, तो इस प्रक्रिया से गुजरने की कोई जरूरत नहीं है। यानी किसी निवेशक ने अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सत्यापित कर लिया है और उनके द्वारा दिया गया पता प्रमाण दस्तावेज भी आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों की सूची में है, तो उन्हें फिर से केवाईसी कराने की जरूरत नहीं है।

**ये दस्तावेज होंगे मान्य**

आधिकारिक तौर पर वैध दस्तावेजों में आधार कार्ड, पासपोर्ट और मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य शामिल हैं। बैंक स्टेटमेंट और बिजली-पानी जैसे यूटिलिटी बिल अब केवाईसी के लिए वैध नहीं माने जाएंगे।

### पूरी तरह बंद नहीं होल्ड पर होगा खाता

इसके अलावा, सीडीएसएल ने कहा है कि म्यूचुअल फंड योजना में लेनदेन करते रहने के लिए निवेशकों के साथ 31 मार्च तक नई केवाईसी कराने की बाध्यता नहीं है। अगर कोई निवेशक नई केवाईसी नहीं करा पाता है, तब भी वह अपने म्यूचुअल फंड खाते में लेनदेन कर पाएगा। उसका खाता बंद (ब्लॉक) नहीं होगा बल्कि कुछ समय के लिए रोक (होल्ड) दिया जाएगा। जैसे ही निवेशक दोबारा केवाईसी कराएंगे, उनका म्यूचुअल फंड खाता शुरू कर दिया जाएगा।

## सातवीं बार यथावत रह सकती है रेपो दर

**मुंबई, एजेंसी।** आरबीआई इस सप्ताह पेश होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में एक बार फिर नीतिगत दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रख सकता है। इसका कारण आर्थिक वृद्धि दर करीब आठ प्रतिशत रहने और आरबीआई का अधिक जोर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह उम्मीद जताई है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा होगी।

## एचडीएफसी बैंक की रुपये भेजने की सेवा बाधित रहेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी ने अपने ग्राहकों के लिए जरूरी अलर्ट जारी किया है। बैंक ने कहा है कि एक अप्रैल को नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) के जरिए पैसा भेजने की सुविधा बाधित रहेगी। बैंक ने ग्राहकों को इसका इस्तेमाल करने से बचने की सलाह दी है।

बैंक का कहना है कि वित्त वर्ष खत्म होने से जुड़ी प्रक्रियाओं के कारण एनईएफटी सेवा में रुकावट आ सकती है। हालांकि, कुछ चुनिंदा ग्राहकों के लिए यह सुविधा उपलब्ध रहेगी लेकिन इसमें भी देरी हो सकती है। ऐसे में वेतन या अन्य भुगतान पाने वालों के लिए इसमें देरी हो सकती है। बैंक ने ग्राहक हेल्पलाइन नंबर 18001600 और 18002600 भी जारी किया है।

### बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज की ब्याज दर बढ़ाई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज पर लगने वाले ब्याज दर में 0.10 प्रतिशत की वृद्धि की है। इससे खुदरा समेत अन्य कर्ज महंगे होंगे। नई दर एक अप्रैल से प्रभावी होगी। आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा से पहले बैंक ने ब्याज दर में वृद्धि की है।

## ई-दुपहिया पर ₹ 10 हजार की छूट आज से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपये की नई योजना सोमवार से लागू होगी और जुलाई के अंत तक जारी रहेगी। इसके तहत प्रति दोपहिया वाहन पर 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी।

इसका उद्देश्य लगभग 3.33 लाख दोपहिया वाहनों के लिए सहायता प्रदान करना है। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में और तेजी लाने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रिक परिवहन संवर्धन योजना 2024 (ईएमपीएस 2024) शुरू की है।

छोटे तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) की खरीद पर 25,000 रुपये तक की सहायता दी जाएगी। बड़े तिपहिया वाहन के मामले में वित्तीय सहायता 50,000 रुपये तक होगी। वहीं, फेम योजना के तहत सब्सिडी 31 मार्च तक या धन उपलब्ध होने तक बेचे जाने वाले ई-वाहनों के लिए उपलब्ध होगी।

### चार महीने तक चलेगी योजना

ईएमपीएस 2024 एक कोष के लिहाज से सीमित अवधि की योजना है। इसमें इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई-2डब्ल्यू) और तिपहिया वाहनों को तेजी से अपनाने के लिए चार महीनों यानी एक अप्रैल, 2024 से 31 जुलाई, 2024 तक के लिए 500 करोड़ रुपये का कुल व्यय किया जाएगा। भारी उद्योग मंत्रालय ने देश में 13 मार्च को इस योजना की घोषणा की थी।

## बाजार 30s

### पीएलआई योजना से एक लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** चौदह क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं से दिसंबर 2023 तक 1.06 लाख करोड़ रुपये के निवेश आये हैं। कुल निवेश में औषधि और सौर मोड्यूल का योगदान आधा रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल दिसंबर तक सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, वाहन, वाहन कल-पुर्जे, कपड़ा व एसीसी बैटरी भंडारण जैसे क्षेत्रों में योजना को लेकर प्रतिक्रिया धीमी रही।

### बड़ी कंपनियों की जीएसटी जांच को पूर्व मंजूरी जरूरी

**नई दिल्ली।** जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों को अब किसी भी बड़े औद्योगिक घराने या प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले अपने क्षेत्रीय प्रधान मुख्य आयुक्तों की मंजूरी लेनी होगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने जीएसटी अधिकारियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत अधिकारियों को जांच का कारण भी बताने को कहा गया है।

### रिलायंस के केजी ब्लॉक में गैस की कीमत घटाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के गहरे समुद्र केजी-डी6 ब्लॉक जैसे कठिन क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत में मामूली कटौती करते हुए इसे 9.87 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर दिया। सरकार प्राकृतिक गैस की कीमतें साल में दो बार तय करती है। नए फॉर्मूले के मुताबिक घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमत 6.5 डॉलर प्रति पर बनी रहेगी।

### केंद्र को 63 हजार करोड़ रुपये का लाभांश मिला

**नई दिल्ली।** केंद्र को सार्वजनिक उपक्रमों से चालू वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 63,000 करोड़ रुपये का लाभांश मिला है। यह संशोधित बजट अनुमान से 26 प्रतिशत अधिक है। कोल इंडिया, ओएनजीसी, पावरग्रिड, गेल के अच्छे लाभांश से कुल प्राप्ति बढ़ी है। एक फरवरी को पेश बजट में 2023-24 के लिए केंद्रीय उपक्रमों से 50,000 करोड़ की लाभांश प्राप्ति का संशोधित अनुमान रखा गया था।

### जोमैटो को 23.26 करोड़ का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। कहा, कंपनी को सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से नोटिस मिला है।

### छोटे उद्योगों को समय से भुगतान का नया नियम लागू

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को समय पर भुगतान के लिए आयकर नियम सोमवार से अमल में आएगा। इसके तहत कंपनियां अगर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के लिए एमएसएमई को भुगतान 45 दिनों में नहीं करती हैं, तो भुगतान पर कर कटौती का दावा नहीं कर सकेंगी।

## अपना देश

उन्नाव के नवाबगंज स्थित चर्च में लोगों को दो बसों से ले जाया जा रहा था, दो पर एफआईआर

# धर्मांतरण के लिए जा रहे 80 लोग पकड़े

**सख्ती**

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** नवाबगंज पुलिस ने धर्मांतरण के लिए ले जाए जा रहे 80 लोगों को पकड़ा है। इन्हें पैसा, नौकरी और घर का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने के लिए उन्नाव दो बसों से लाया जा रहा था।

बजरंग दल कार्यकर्ता की सूचना पर दो बसों को पुलिस ने शनिवार देर रात गंगा बैराज पर रोक लिया। बस में बैठे सभी को नवाबगंज थाने लाया गया और दस्तावेज चेक किए गए। बस में बैठे एक पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया। इस पर ईसाई समाज के लोगों ने थाने में हंगामा कर दिया। सुबह तक चले हंगामे के बाद दोनों आरोपितों को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

मसवानपुर और छपेड़ापुलिया से दो बसों में भरकर लोगों को उन्नाव के नवाबगंज स्थित एक चर्च ले जाया जा रहा था। बस में मौजूद अर्मापुर स्टेट सर्वेंट क्वार्टर निवासी संजय वाल्मिकी का आरोप है सभी को धर्म परिवर्तन के लिए ले जाया जा रहा था। उसने बस से बजरंग दल के कृष्णा तिवारी को सूचना दी। कृष्णा तिवारी ने पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार समेत फोर्स रात डेढ़ बजे गंगा बैराज पहुंची।

> रात में सूचना मिली थी कि बसों में भरकर लोगों को धर्म परिवर्तन कराने के लिए उन्नाव के नवाबगंज ले जाया जा रहा है। पुलिस ने बस को रोका और सभी लोगों को रेस्क्यू किया। उसमें से एक पीड़ित ने तहरीर दी जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **महेश कुमार**, एसीपी, कर्नलगंज

### धर्म परिवर्तन करा रहे तीन गिरफ्तार

- बजरंगदल कार्यकर्ताओं की पहल पर हुई कार्रवाई
- धार्मिक पुस्तक और चित्र बरामद किए

**जौनपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** कम्मरपुर गांव के दलित बस्ती में रविवार को धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से बाइबिल, ईशा मसीह के चित्र के साथ पुस्तकें बरामद की गईं। यह कार्रवाई बजरंग दल कार्यकर्ताओं की पहल पर की गई।

आरोप है कि गांव निवासी विनय उर्फ मोनू गौतम, पत्नी रेनू तथा बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव निवासी साला अनिल गौतम बस्ती में अपने आवास पर हर रविवार को इसाई धर्म के प्रचार प्रसार के लिए प्रार्थना सभा आयोजित करते हैं।

लोगों को भड़काकर इसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इसकी सूचना भी ग्रामीणों ने गोपनीय तरीके से कई बार थाने पर दिया। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। रविवार को इसकी जानकारी बजरंगदल के जिला संयोजक सत्या शुक्ला, प्रखंड सह संयोजक अमित राय, अमिताभ मिश्रा, अनुज शुक्ला व प्रमोद शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ताओ को हो गयी। पूरी टीम बस्ती में पहुंच गई। उस समय वहां लगभग डेढ़ दर्जन इसाई धर्म के अनुनायी मौजूद थे। बजरंग दल के लोगों ने मौके से ही पुलिस को फोन कर जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची। भारी पुलिस बल देख लोग मौके से भागने लगे। पुलिस ने महिला सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर संजय वर्मा ने बताया कि महिला के अलावा विनय व अनिल गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पेपर लीक के आरोपियों से एसटीएफ ने की पूछताछ




**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** सिपाही भर्ती परीक्षा के पर्चा लीक मामले में एसटीएफ ने लखनऊ के एक कालेज के प्रबन्धक समेत दो लोगों से कई घंटे पूछताछ की। इनमें से एक आरोपी के सम्पर्क में कई ऐसे अभ्यर्थी थे जिन्होंने लीक पर्चा पाने के लिये रकम दी थी। एसटीएफ ने शनिवार को दोनों लोगों को पूछताछ के लिये बुलाया था। इसमें से एक को छोड़ दिया गया है जबकि दूसरे शख्स से पूछताछ की जा रही है।

एसटीएफ ने इसी महीने खुलासा किया था कि हरियाणा के एक रिजार्ट में करीब एक हजार अभ्यर्थियों को लीक पर्चा दिया गया था। फिर यहां से ही यह पर्चा कई दूसरे जिलों व प्रदेशों तक पहुंचा। ये पर्चा ही लखनऊ के कृष्णानगर और पारा में बने परीक्षा केन्द्रों पर आये अभ्यर्थियों को व्हाट्सऐप पर मिल गया था। 18 फरवरी को इस परीक्षा का एक केन्द्र कृष्णानगर स्थित मॉडर्न एकेडेमी में भी बनाया गया था। यहां परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी अमन कुमार को लीक पर्चा मिला था।

### हरियाणा से लीक पर्चा भी लखनऊ आया

एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि अब तक हुई पूछताछ में यह साफ हो गया है कि हरियाणा से लीक पर्चा ही लखनऊ भेजा गया था। इसे गिरोह के कुछ चिह्नित लोगों को व्हाट्सऐप पर भेजा गया। फिर इसे लखनऊ व अन्य जिलों में गिरोह से जुड़े लोगों को भेजा गया था। एसटीएफ के दो डिप्टी एसपी इन दोनों से यह पता करने में लगे रहे कि उन्हें पर्चा हरियाणा से भेजा गया था या किसी और माध्यम से उनके पास लीक पर्चा आया था। इस बारे में कई नई जानकारियां मिली है।

## सूटकेस में बंद कर प्रेमिका का शव फेंका

**देहरादून।** लिव इन रिलेशन में रह रही प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी ने शव सूटकेस में बंद कर देहरादून-दिल्ली हाईवे के किनारे खाई में फेंक दिया। हत्या के 95 दिन बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सूटकेस से युवती का कंकाल बरामद किया है।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि प्रेमिका काम के बहाने रात-रात भर गायब रहती थी। प्रेमिका के अवैध संबंधों के शक में उसने यह कदम उठाया। देहरादून पुलिस ने रविवार को बताया कि हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र निवासी महिला ने 29 जनवरी को अपनी 24 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि उनकी बेटी पटेलनगर में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करती थी। 26 दिसंबर से बेटी का कुछ पता नहीं चल रहा था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की। इस दौरान पता लगा कि वह कॉलोनी में राशिद नाम के युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी।

## गैंगरेप के बाद किशोरी की हत्याकर शव लटकाया

**शर्मनाक**

**उन्नाव, संवाददाता।** माखी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का शव 13 मार्च को संदिग्ध हालात में घर में लटका मिला था। मां ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी सत्रह साल की बेटी की अचलगंज क्षेत्र के रिठनई गांव निवासी युवक के साथ मित्रता थी। युवक शादी का झांसा देकर पुत्री से संबंध बनाता रहा। इसी बीच 13 मार्च को युवक के मौसा, भाई समेत चार लोग घर आए। उस समय बेटी अकेली थी। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी हत्याकर शव लटका दिया। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की उल्टे आरोपितों का ही साथ देने लगी। महिला ने शव खुदवा कर दोबारा पोस्टमार्टम कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि 13 मार्च को प्रधान की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची थी। तब मां ने कहा था कि बेटी अभी जिंदा है। अस्पताल ले जा रहे हैं। उसके बाद कोई सूचना नहीं दी।

### किशोरी को दुष्कर्म के बाद सड़क पर फेंका

**रामपुर।** पटवाई थाना क्षेत्र में घर से अपहरण कर ले जाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और सड़क पर फेंककर फरार हो गए। परिजनों ने किशोरी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## मुख्तार का दिल जांच के लिए लखनऊ भेजा

**मुख्तार की मौत**

**बांदा।** मुख्तार अंसारी का दिल और विसरा जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने दिल में 10 चीरे लगाए थे। इसमें 1.9 गुणा 1.5 सेंटीमीटर भाग ब्लड क्लॉटिंग की वजह से पीला मिला था।

बांदा मंडल कारागार में गुरुवार देर शाम बेहोश होकर गिरे मुख्तार को एंबुलेंस से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने रात 8.25 बजे मुख्तार की मौत की पुष्टि कर दी थी। मौत के साढ़े 17 घंटे बाद शुक्रवार दोपहर दो बजे पांच डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच उसके शव का पोस्टमार्टम किया। पीएम के बाद दिल और विसरा सुरक्षित कर शव उमर को सौंप दिया गया था। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, मुख्तार अंसारी का दिल और विसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा गया है।

### भीड़ से मंदिर में छह महिलाएं बेहोश

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दर्शन करने के लिये उमड़ी भीड़ के दबाव से छह महिलाएं तबीयत बिगड़ने से बेहोश हो गई, उन्हें भीड़ से निकाल प्राथमिक उपचार दिया गया।

महिलाओं को उपचार के बाद परिजन उन्हें साथ ले गये। ज्यादातर महिलायें 60 वर्ष से अधिक उम्र की हैं। दर्शन को उमड़ी भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
IRCTC
LiFE Lifestyle for Environment
आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:–
ईओआई आईआरसीटीसी/आईटीसी/आईटी (एमकेटीजी)/5/2024/आईटी/आईटीसी – आस्कदिशा चैटबॉट के माध्यम से आईआरसीटीसी की मूल्य वर्धित सेवाओं एवं राजस्व बढ़ाने हेतु सुझाव देना। ईओआई पूछताछ जमा तिथि: 02.04.2024 को 15:00 बजे तक। ईओआई प्रेजेंटेशन जमा: 10.04.2024 को 15:00 बजे तक। ई–मेल: marketing@irctc.co.in एवं marketingteam@irctc.co.in
खुली ई–निविदा 2024/आईआरसीटीसी/सीओ/क्यूटीबीवाई/सीएसएस (दो पैकेट निविदा) – आईआरसीटीसी की 468 मोबाइल एवं 509 स्टेटिक यूनिटों में ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण के लिए सेवाएं प्रदान करने हेतु। जमा करने की अंतिम तिथि: 01.05.2024 को 15:30 बजे तक। प्री–बिड मीटिंग: 10.04.2024 को 12:00 बजे विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से। ई–मेल: qualityco@irctc.com
खुली ई–निविदा सीओ/एनआईटी/2024/एफपी/वडनगर/01 – आईआरसीटीसी वडनगर रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा की स्थापना, संचालन और प्रबंधन के लिए ई–निविदा सह नीलामी की स्थापना, संचालन और प्रबंधन के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया में है। ई–मेल: fp.ffu@irctc.com
विस्तृत विवरणों के लिए www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।
उपरोक्त विज्ञापन पर यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होगा तो उसे केवल www.irctc.com, www.tenderwizard.com/IRCTC एवं www.eprocure.gov.in/cppp पर प्रकाशित किया जाएगा।
ecatering.irctc.co.in
आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110001; फोन: 011–23311263/64; फैक्स: 011–23311259

## कारोबारी चर्चा

कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

### मामाअर्थ द्वारा ब्यूटीफुल इंडियंस 2024 के तीसरे संस्करण का आयोजन

मामाअर्थ द्वारा ब्यूटीफुल इंडियंस 2024 के तीसरे संस्करण का आयोजन 19 मार्च 2024 को किया गया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रो के लोग शामिल हुए। अपारशक्ति खुराना द्वारा होस्ट किए गए इस समारोह में पॉप गायिका अकासा सिंह ने चार चांद लगा दिए। इस कार्यक्रम में प्रमुख हस्तियों वाली जूरी मौजूद थी। इसमें कुछ प्रमुख भारतीय हस्तियों और कंटेंट निर्माताओ का चयन किया गया था जिन्होंने पीपल फॉर गुड, क्रिएटर्स फॉर गुड और स्पेशल अवार्ड्स श्रेणियो में पुरस्कार जीता। जूरी में निगार शाजी,अमृता सुभाष, बीना लश्करी, हुमा कुरेशी, गजल और वरुण अलघ जैसे लोग उपस्थित थे।

### रूपा एंड कंपनी लिमिटेड को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के लिए मिला शीर्ष सम्मान



15 मार्च, 2024 को भारत के अग्रणी टैक्सटाइल्स निर्माता रूपा एंड कंपनी लिमिटेड को सामाजिक कल्याण और व्यापार के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित कॉर्पोरेट गवर्नेंस एंड सस्टेनेबिलिटी विजन अवार्डस-2024 में "कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी" की श्रेणी मे रैंक 1 की उपाधि से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली आयोजित पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियो और उद्योग जगत के दिग्गजो की मौजूदगी में कोयला मंत्रालय के एडीशनल सेक्रेटरी एम. नागराजू ने बीच रूपा एंड कंपनी लिमिटेड के जनरल मैनेजर रोहित गुप्ता को यह सम्मान प्रदान किया।

### सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करती है सुंदरम सर्विसेज फंड




सुंदरम सर्विसेज फंड, एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जो सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करती है जिसमें कई उप-क्षेत्र है जैसे कि - वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, फिटनेस, व्यापार, पर्यटन, आतिथ्य, परिवहन, मीडिया, मनोरंजन, गेमिंग, दूरसंचार, डेटा प्रदाता और ऑनलाइन सेवाएं। यह स्कीम इन क्षेत्रो के 250 स्टॉक से अधिक में निवेश करती है जो एक विविध पोर्टफोलियो बनाने के लिए पर्याप्त फ्लैक्सिबिलिटी प्रदान करती है।

सुंदरम सर्विसेज फंड एक विविध मल्टी-कैप पोर्टफोलियो है, जिसमें बाजार स्पेक्ट्रम में निवेश के अवसरो का लाभ उठाने के लिए बड़े, मध्य और छोटे-कैप स्टॉक शामिल हैं। पोर्टफोलियो मे लगभग 50% लार्ज कैप, 45% मिड और स्मॉल कैप और शेष नकद के रूप में शामिल हैं।

### जीएलए के सत्र 2023-24 के 170 विद्यार्थियों को कैपजेमिनी में मिला रोजगार का अवसर

जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के 170 विद्यार्थियो को दिग्गज कंपनी कैपजेमिनी में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कैपजेमिनी ने जीएलए विश्वविद्यालय में पिछले आठ वर्षों के अपने प्लेसमेंट रिकॉर्ड में बढ़त दर्ज करते हुए इस बार उच्चतम पैकेज पर 170 विद्यार्थियो को रोजगार प्रदान किया है। कोर कंपनी मे रोजगार पाकर बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं एमसीए के विद्यार्थी खुशी से झूम उठे।




■ गुजरात ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया ■ तीन विकेट लेने वाले टाइटंस के मोहित शर्मा बने प्लेयर ऑफ द मैच

# मोहित-मिलर ने सनराइजर्स को मात दी

**अहमदाबाद, एजेंसी।** पिछले मुकाबले में रिकॉर्ड स्कोर खड़ा करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के बल्लेबाज इस बार नहीं चल सके। गुजरात टाइटंस ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (तीन विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर उसे सात विकेट से शिकस्त दे दी।

**गेंदबाजों ने अंकुश लगाया :** रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में मोहित शर्मा ने डेथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की। इसके दम पर गुजरात ने हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। उसके बाद टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बना मैच अपने नाम किया।

मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 27 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने बी साई सुदर्शन (36 गेंद, 45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। फिर विजय शंकर (नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़ टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (25 रन) और शुभमान गिल (36 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

सनराइजर्स के लिए पैट कमिंस, मयंक मार्कंडे और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट लिए।

**बड़ी पारी नहीं खेल सके :** लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा ने शाहबाज और जयदेव उनादकट के खिलाफ छक्के जड़े। पर वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। शाहबाज ने पांचवें ओवर में कमिंस के हाथों साहा को वापस भेजा। गिल ने इसी ओवर में छक्का जड़ा तो वह 'इंपैक्ट सब्सीट्यूट' सुदर्शन ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौका लगा स्कोर को पावर प्ले में एक विकेट पर 52 रन कर दिया। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने इसके बाद गुजरात को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। साई सुदर्शन और डेविड मिलर ने कमिंस और वाशिंगटन के खिलाफ 13वें और 14वें ओवर में चौका जड़ दबाव कम किया।

**तेज शुरुआत के बाद पिछड़े :** सनराइजर्स ने बल्लेबाजी का फैसला किया। सनराइजर्स ने पावरप्ले में एक विकेट पर 56 रन बनाए पर फिर अफगानिस्तान के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में खुलकर खेलने नहीं दिया।

**045** रन 36 गेंदों पर साई ने और 44 रन 27 गेंदों पर मिलर ने बनाए

**064** रन की साझेदारी तीसरे विकेट के लिए मिलर और साई ने निभाई

**029** रन हैदराबाद के समद ने 14 गेंदों पर तीन चौके, एक छक्के से बनाए


अहमदाबाद में रविवार को अपनी पारी के दौरान रन लेते गुजरात के साई सुदर्शन (बाएं) और डेविड मिलर। ● एजेंसी

### अंतिम गेंद पर छक्का

- मिलर ने अंतिम ओवर में उनादकट की गेंद पर छक्का लगा जीत दिला दी
- हैदराबाद ने पावरप्ले में एक विकेट पर 56 रन बनाए
- नूर अहमद, राशिद खान ने हैदराबाद पर लगाम लगाई

### एक ओवर में 24 रन


गुजरात की पारी के 16वें ओवर में मैच का रुख पलटा। मार्कंडे के इस ओवर में 24 रन बने जिसमें मिलर ने एक छक्का और दो चौके लगाए। सुदर्शन ने भी छक्का जड़ा लेकिन फिर कमिंस की गेंद पर अभिषेक को कैच दे बैठे।

### स्पिनरों की लगाम


नूर ने फॉर्म में चल रहे सनराजइर्स के ट्रेविस हेड को आउट किया जबकि राशिद ने क्लासेन को पवेलियन भेजा। राशिद ने मार्कराम का कैच भी लपका। हैदराबाद ने आखिरी पांच ओवर में पांच विकेट 40 रन में गंवा दिए।

### डेथ ओवरों में हैट्रिक से चूके मोहित शर्मा

मोहित शर्मा ने डेथ ओवरों में शाहबाज अहमद (22) और वॉशिंगटन सुंदर (0) को लगातार गेंदों पर आउट किया। पर वह हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। पैट कमिंस ने एक रन लेकर उन्हें हैट्रिक से वंचित कर दिया। मोहित ने तीन विकेट लिए। वह 35 साल और 195 दिन के हो गए हैं जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। रवि शास्त्री ने उनका स्वागत यह कहकर किया कि वह उम्र के साथ बेहतर हो रहे हैं। मोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा, यह याद दिलाने का धन्यवाद सर कि मेरी उम्र बढ़ रही है।


विकेट लेने के बाद मोहित शर्मा।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद : 162/8 (20 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| ट्रेविस ब. नूर अहमद | 19 | 14 | 3/0 |
| मयंक क. दर्शन ब. ओमरजई | 16 | 17 | 2/0 |
| अभिषेक क. गिल ब. शर्मा | 29 | 20 | 2/2 |
| मार्कराम क. राशिद ब. यादव | 17 | 19 | 0/0 |
| क्लासेन ब. राशिद | 24 | 13 | 1/2 |
| शाहबाज क. राहुल ब. शर्मा | 22 | 20 | 1/1 |
| अब्दुल समद रनआउट | 29 | 14 | 3/1 |
| सुंदर क. राशिद ब. शर्मा | 00 | 01 | 0/0 |
| कमिंस नॉटआउट | 02 | 02 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 04 | | |

विकेट पतन : 1/34, 2/58, 3/74, 4/108, 5/114, 6/159, 7/159, 8/162.

| गेंदबाजी : | |
|---|---|
| अजमतुल्लाह ओमरजई | 3-0-24-1 |
| उमेश यादव | 3-0-28-1 |
| राशिद खान | 4-0-33-1 |
| नूर अहमद | 4-0-32-1 |
| मोहित शर्मा | 4-0-25-3 |
| दर्शन नालकंडे | 2-0-18-0 |

| गुजरात टाइटंस : 168/3 (19.1 ओवर) | | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| साहा क. कमिंस ब. शाहबाज | 25 | 13 | 1/2 |
| गिल क. समद ब. मयंक | 36 | 28 | 2/1 |
| सुदर्शन क. शर्मा ब. कमिंस | 45 | 36 | 4/1 |
| मिलर नॉटआउट | 44 | 27 | 4/2 |
| विजय शंकर नॉटआउट | 14 | 11 | 2/0 |
| अतिरिक्त | 04 | | |

विकेट पतन : 1/36, 2/74, 3/138.

| गेंदबाजी : | |
|---|---|
| भुवनेश्वर कुमार | 4-0-27-0 |
| शाहबाज अहमद | 2-0-20-1 |
| जयदेव उनादकट | 3.1-0-33-0 |
| वाशिंगटन सुंदर | 3-0-27-0 |
| मयंक मार्कंडे | 3-0-33-1 |
| पैट कमिंस | 4-0-28-1 |




### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 02 | 02 | 00 | 00 | +1.047 | 04 |
| चेन्नई | 03 | 02 | 01 | 00 | +0.976 | 04 |
| राजस्थान | 02 | 02 | 00 | 00 | +0.800 | 04 |
| गुजरात | 03 | 02 | 01 | 00 | -0.738 | 04 |
| हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | +0.204 | 02 |
| लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 00 | +0.025 | 02 |
| दिल्ली | 03 | 01 | 02 | 00 | -0.016 | 02 |
| पंजाब | 03 | 01 | 02 | 00 | -0.337 | 02 |
| बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | -0.711 | 02 |
| मुंबई | 02 | 00 | 02 | 00 | -0.925 | 00 |

### ऑरेंज कैप

| | |
|---|---|
| कोहली (बेंगलुरु) | 181 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 167 |
| शिखर (पंजाब) | 137 |

### पर्पल कैप

| | |
|---|---|
| मुस्तफिजुर (चेन्नई) | 06 |
| मोहित (गुजरात) | 06 |
| हर्षित (कोलकाता) | 05 |

## आईपीएल 30s

### बचपन से जेट से प्रेरणा लेते रहे यादव


**लखनऊ।** भारत के नए तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव को गति रोमांचित करती है। वह बचपन से जेट विमान, रॉकेट और सुपर बाइक की गति की कल्पना कर उत्साहित होते रहे हैं। दिल्ली के इस 21 साल के गेंदबाज ने शनिवार को जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों का विकेट झटक आईपीएल पदार्पण को यादगार बनाया। इस गेंदबाज ने 12वें ओवर में 155 .8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार निकाली, जो सत्र की सबसे तेज गेंद है। मयंक ने कहा, बचपन में मुझे जेट विमान पसंद थे और उनसे प्रेरणा मिलती थी। मैंने इससे पहले कभी 156 किमी की रफ्तार से गेंद नहीं फेंकी।

### मयंक को लैंग्थ सही रखने को कहा : मोर्ने मोर्कल

**लखनऊ।** पंजाब किंग्स को 21 रन से हराकर आईपीएल में पहली जीत दर्ज करने वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने तेज गेंदबाज मयंक यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उसने लैंग्थ और बाउंसर का सही इस्तेमाल किया। मयंक ने शनिवार को पंजाब के तीन अहम विकेट चटकाए। मैच के बाद मोर्कल ने कहा, मयंक ने इतनी उमस के बीच इस रफ्तार से शानदार गेंदबाजी की। उसके लिए पिछला साल कठिन था चूंकि पहले अभ्यास मैच के बाद वह चोटिल हो गया था। हमने उसे अपनी लैंग्थ बनाए रखने और बाउंसर का सही इस्तेमाल करने को कहा था। कोच ने टीम के गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि सभी गेंदबाजों ने मिलकर यह जीत दिलाई है।

...Where Achievements Redefine Excellence...
BATCH 2023
PLACEMENT INSIGHTS
2370+ JOB OFFERS by
200+ Renowned Companies
PSIT Kanpur
www.psitkanpur.ac.in
B.TECH | M.TECH | D.PHARM | B.PHARM | M.PHARM | MBA | MCA | BBA | BCA
HELPLINE : +91 767 099 8888

# वॉर्नर के साथ पंत की पारी से दिल्ली ने खोला जीत का खाता

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** आखिरकार दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत की फॉर्म में वापसी हो ही गई और टीम की जीत का खाता भी खुल गया। उसने चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम को 20 रन से हरा सत्र की पहली जीत दर्ज की।

दिल्ली ने आईपीएल में रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड वॉर्नर (35 गेंद, 52 रन), पृथ्वी साव (27 गेंद, 43 रन) और पंत (32 गेंद, 51 रन) की पारियों से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन बनाए। फिर डेथ ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी के साथ ही शानदार फील्डिंग के दम पर चेन्नई को 20 ओवर में छह विकेट पर 171 रन पर रोक दिया। मुकेश कुमार ने तीन और खलील अहमद ने दो विकेट लिए।

**रहाणे-मिचेल ही चले :** बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई की ओर से अजिंक्य रहाणे (45) और डेरिल मिचेल (34) ही क्रीज पर कुछ देर टिक सके। पर अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके। सातवें विकेट के लिए धौनी (16 गेंद, 37 रन) और रवींद्र जडेजा (17 गेंद, 21 रन) ने 23 गेंदों पर 51 रन की नाबाद साझेदारी की पर टीम को जीत नहीं दिला सके।

**शतकीय साझेदारी :** इससे पहले पृथ्वी और वॉर्नर की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की। पृथ्वी ने चार चौके और दो छक्के ठोके। मिचेल मार्श ने 18 रन बनाए।

**पंत की शानदार पारी :** दो मैच में छोटे स्कोर (18, 28 रन) के बाद पंत ने कप्तानी पारी खेलते हुए आतिशी अर्धशतक ठोक दिया। पंत ने 32 गेंद में चार चौके और तीन छक्के जड़े।

**धौनी के रिकॉर्ड 300 कैच :** साव जडेजा की गेंद पर बल्ला छुआकर धौनी के हाथों कैच हुए जो उनका 300वां कैच था। यह टी-20 में किसी विकेटकीपर के सबसे ज्यादा कैच हैं।

**वॉर्नर ने गेल की बराबरी की :** वॉर्नर ने 35 गेंद की पारी में पांच चौके और तीन छक्के जमाए। यह उनका 110वां टी-20 अर्धशतक है। उन्होंने क्रिस गेल के टी-20 में सबसे ज्यादा 50 से अधिक स्कोर के रिकॉर्ड की बराबरी की।


विशाखापत्तनम में रविवार को मैच के दौरान शॉट लगाते वक्त दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत के हाथ से बल्ला इस तरह से छूट गया। ● एजेंसी

**52** रन 35 गेंदों पर वॉर्नर ने पांच चौकों, तीन छक्कों की मदद से बनाए

**51** रन ऋषभ पंत ने 32 गेंदों पर चौर चौकों और तीन छक्कों की मदद से जड़े

### छह अर्धशतकों से श्रीलंका मजबूत

**चटगांव।** श्रीलंका ने छह बल्लेबाजों के अर्धशतकों से बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में पहली पारी में 531 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसके जवाब में रविवार को स्टंप्स के समय मेजबान ने एक विकेट पर 55 रन बना लिए थे। तब जाकिर हसन 28 रन पर थे जबकि तैजुल इस्लाम ने खाता नहीं खोला था

पहले टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले कामिंदु मेंडिस 92 रन पर नाबाद रहे। कुसल मेंडिस ने 93 रन, दिमुथ करुणारत्ने ने 86 रन, कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने 70 रन, दिनेश चांदीमल ने 59 रन और निशान मदुसंका ने 57 रन बनाए। चांदीमल ने 26वां और डिसिल्वा ने 14वां अर्धशतक जड़ा।

## मुंबई के सामने हार की हैट्रिक से बचने की चुनौती

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल के मौजूदा सत्र में लगातार दो मैच हार चुकी मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। यह मुकाबला मुंबई के लिए बहुत अहम होगा क्योंकि पहली जीत की तलाश कर रही मुंबई के सामने इस मुकाबले में हार की हैट्रिक से बचने की मुश्किल चुनौती होगी। दूसरी ओर रॉयल्स की टीम जीत की हैट्रिक पूरी करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**लक्ष्य चूक रही :** मेजबान टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी। मुंबई को लीग में धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है। पांड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में बदलाव नहीं आया है। मुंबई को पांड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने पहले मैच में छह रन से हराया जबकि बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से मात दी।

मुंबई को अपने अनुभवी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव की कमी खल रही है जो चोट से उबर रहे है।

**प्रसारण : शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर**

## सलीमा, हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**हॉकी पुरस्कार**

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया 'बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार' दिया गया है। यहां हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

**श्रीजेश, हरमनप्रीत को पछाड़ा :** हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके। झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थीं। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 25 लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया।

**श्रीजेश सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर :** श्रीजेश को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और पुरुष कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुना गया। हार्दिक ने सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का पुरस्कार भी जीता। सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड अभिषेक बने। सर्वश्रेष्ठ उदीयमान अंडर 21 खिलाड़ी का पुरस्कार महिला वर्ग में दीपिका सोरेंग और पुरुष वर्ग में अराइजीत सिंह हुंडल को मिला।

## खेल 30s

### मीराबाई विश्व कप में आज पेश करेंगी चुनौती

**फुकेट।** टोक्यो ओलंपिक की रजत विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू चोट के कारण ब्रेक के बाद सोमवार को विश्व कप में उतरेंगी। यह ओलंपिक का आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट ही नहीं है बल्कि पेरिस खेलों के लिए अनिवार्य भी है। ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियमों के तहत विश्व चैंपियनशिप 2023 और विश्व कप 2024 में भाग लेना अनिवार्य है। इनके अलावा भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप, 2023 ग्रां प्री वन, 2023 ग्रां प्री टू और 2024 उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप में से कम से कम तीन में भाग लेना जरूरी है।

### तेजस्विन शंकर को यूएस एथलेटिक्स मीट में खिताब

**केन्सास।** भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने 'शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024' में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को यह जीत दर्ज की। शंकर का यह अब तक की तीन प्रतियोगिताओं में सीजन का सबसे कम प्रयास था। पिछले महीने बेल्जियम में एक इंडोर चैलेंजर इवेंट, इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस में, शंकर ने 2.23 मीटर की छलांग के साथ जीत हासिल करते हुए अपने सीजन की शुरुआत की है। फिर वह चेक गणराज्य में ह्वेज्डी बनाम नेहविजडेक, इंडोर सिल्वर लेवल मीट में 2.22 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे।

### इंडिया ओपन गोल्फ : अहलावत दूसरे स्थान पर

**गुरुग्राम।** भारत के वीर अहलावत रविवार को यहां इंडियन ओपन गोल्फ के चौथे और अंतिम दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। वह विजेता जापान के कीता नकाजिमा से चार शॉट पीछे रहे। अहलावत का डीपी वर्ल्ड टूर स्पर्धा में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दिन के अपने आखिरी होल में वह ईगल लगाने में सफल रहे जिससे उनका स्कोर 275 रहा। नकाजिमा ने 73 का कार्ड खेल डीपी वर्ल्ड टूर पर पहला खिताब जीता। मनु गंडास (71) और करणदीप कोचर (69) नौ अंडर 279 और आठ अंडर 280 के स्कोर से 11वें और 13वें स्थान पर रहे।

### 'कर्नाटक की 1974 रणजी चैंपियन टीम प्रेरणा थी'


**बेंगलुरु।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने 1974 की रणजी ट्रॉफी चैंपियन कर्नाटक टीम के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी सभी के लिए प्रेरणा थे। रणजी ट्रॉफी से जीआर विश्वनाथ, सैयद किरमानी, ब्रजेश पटेल, ईरापल्ली प्रसन्ना और बीएस चंद्रशेखर जैसे चैंपियन खिलाड़ी निकले हैं। द्रविड़ ने 1974 रणजी टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में कहा, इसने कर्नाटक क्रिकेट और देश की बाकी टीम के लिए दरवाजे खोल दिए कि बम्बई को हराना संभव है। तब मुंबई की टीम 15 सत्र में पहली बार रणजी फाइनल में जगह नहीं बना सकी थी। फाइनल में कर्नाटक ने राजस्थान को 185 रन से हराया था जिसमें कप्तान प्रसन्ना ने नौ विकेट लिए थे।

### बाबर फिर सीमित ओवर प्रारूप में पाक के कप्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को टी-20 विश्व कप से दो महीने पहले रविवार को फिर सफेद गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त कर दिया गया। वह तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जगह लेंगे, जिन्होंने जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 1-4 की हार में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था। यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद लिया गया। हालांकि बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बोर्ड के रुख को स्पष्ट करते हुए संकेत दिया कि बाबर को सफेद गेंद के प्रारूप में पर्याप्त मौका दिया जाएगा, लेकिन टेस्ट कप्तानी पर कोई फैसला बाद में किया जाएगा। शान मसूद टेस्ट कप्तान हैं।

### सोशल मीडिया से


आईपीएल के मौजूदा सत्र में लगातार दो मुकाबले हारने के बाद मुंबई इंडियंस के ऊपर पहली जीत हासिल करने का दबाव है। इसके लिए खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर टीम ने अभ्यास सत्र का एक वीडियो शेयर किया। इसमें युवा खिलाड़ी ब्रेविस डेवाल्ड कैचिंग प्रैक्टिस करते नजर आ रहे हैं। गेंद कैच करने के लिए वह बाईं और दाईं ओर छलांग लगाते हैं। हालांकि दो कैच उनकी पहुंच से दूर रहते हैं लेकिन एक गेंद वह दाईं ओर गिरते हुए लपक लेते हैं।

**मियामी ओपन** | भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने खिताब के साथ रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर वापसी की, फाइनल में इवान डोडिग-ऑस्टिन क्राजिसेक को शिकस्त दी

# रोहन बोपन्ना ने इतिहास रचा, फिर बने सबसे उम्रदराज चैंपियन

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी 44 वर्षीय रोहन बोपन्ना ने अपना ही रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार करते हुए ऑस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन के साथ मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीत लिया।

**शानदार प्रदर्शन जारी :** इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले बोपन्ना ने एब्डेन के साथ शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद शनिवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7, 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया। इसके साथ बोपन्ना ने पिछले साल बनाए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने बीते साल 43 वर्ष की उम्र में इंडियन वेल्स खिताब जीता था।

**14वां मास्टर्स फाइनल :** बोपन्ना का यह 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। उनका यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचे दूसरे भारतीय बन गए थे।

**06** एटीपी मास्टर्स खिताब जीते हैं रोहन बोपन्ना ने अपने करियर में

**26** युगल खिताब बोपन्ना ने अब तक करियर में हासिल किए



> यह आश्चर्यजनक है। हम इन बड़े आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, हम इसी के लिए खेलते हैं। मैं मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उस रिकॉर्ड को बरकरार रखना और बाकी सभी को कड़ी टक्कर देना अच्छा है।
>
> –रोहन बोपन्ना, भारतीय टेनिस खिलाड़ी

### रायबाकिना को हरा कोलिंस चैंपियन


अमेरिका की डेनिएल कोलिंस ने अपने घरेलू मैदान पर महिला एकल खिताब पर कब्जा किया। उन्होंने विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना को 7-5, 6-3 से हरा दिया। स्टेडियम में आंद्रे अगासी और मार्टिना नवरातिलोवा की मौजूदगी के बीच विश्व रैंकिंग में 59वें स्थान पर काबिज कोलिंस अपने बैकहैंड से क्रॉसकोर्ट विनर लगाने के बाद 10 सेकंड तक कोर्ट पर लेटी रहीं।

30 साल की कोलिंस आखिरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी सत्र होगा क्योंकि वह 'एंडोमेट्रियोसिस' से पीड़ित हैं। यह एक दर्दनाक बीमारी है जो गर्भाशय को प्रभावित करती है। कोलिंस के करियर का यह तीसरा जबकि मास्टर्स 1000 स्तर का पहला खिताब है। वह इससे पहले सैन जोस में 2021 में चैंपियन बनी थीं।

# अमेरिकी कंपनी से 7.3 करोड़ लोगों का निजी डाटा चोरी

**सेंधमारी**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की प्रमुख दूरसंचार कंपनी एटी एंड टी के ग्राहकों के डाटा में हैकरों ने सेंध लगाई और करोड़ों ग्राहकों के निजी डाटा को चोरी कर लिया गया। डार्क वेब पर इसे बेचा जा रहा है।

कंपनी ने रविवार को डाटा में सेंध लगाने जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि दो सप्ताह पहले ग्राहकों के गोपनीय डाटा में सेंध लगाई गई। ये डाटा डार्क वेब पर लीक हो गया है। जांच में पाया गया है कि ये 2019 का है।

इसमें 76 लाख वर्तमान ग्राहक और 6.54 करोड़ पूर्व खाताधारक हैं। इस डाटा में ग्राहकों की सामाजिक सुरक्षा नंबर जैसी व्यक्तिगत जानकारी शामिल है। कंपनी ने कहा कि अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये डाटा कहां से लीक हुआ है, हम मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं।

इस डाटा लीक मामले में कंपनी के और अन्य साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की सेवा ली जा रही है। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि जिन ग्राहकों का डाटा लीक हुआ है, उनके एटी एंड टी पासकोड को फिलहाल रिसेट कर दिया गया है। हमारे कर्मचारी ऐसे ग्राहकों से बातचीत करेंगे, जिनके खातों में संवेदनशील जानकारी है।



### रूसी हैकरों पर आरोप

कंपनी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रूस समर्थित हैकरों ने डाटा में सेंध लगाई है। हमने पाया है कि इसमें ग्राहकों की वित्तीय जानकारी शामिल नहीं है। अमेरिकी सरकार ने भी जांच में सहयोग की पेशकश की है।

### कंपनी के बाजार में कई अन्य उत्पाद भी उपलब्ध

अमेरिका की नामी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी एटी एंड टी ने कुछ महीने पहले भारत में अपने दो नए हेडफोन पेश किए थे। जिनमें एक वायरलेस हेडफोन है और दूसरा वायर वाला हेडफोन है। कंपनी ने अपने कई हैंडसेट भी मार्किट में उतारे हैं।

### ग्राहकों को पहले भी झेलनी पड़ी थी परेशानी

ये पहली बार नहीं है जब कंपनी के डाटा में सेंध लगाई गई है। इससे पहले भी कंपनी को समस्या का सामना करना पड़ा था। इस साल फरवरी में अमेरिका में हजारों ग्राहकों की सेवा अस्थायी रूप से बंद हो गई थी। उस समय कंपनी ने कहा था कि सॉफ्टवेयर अपडेट करने के कारण ये समस्या सामने आई थी।

**76** लाख वर्तमान, 6.54 करोड़ पूर्व खाताधारकों के डाटा में लगी सेंध | **20.9** करोड़ ग्राहक हैं कंपनी के पूरे अमेरिका में | **70** हजार ग्राहकों को फरवरी में उठानी पड़ी थी परेशानी

# 'लड़ाई सांस्कृतिक पुनर्संतुलन की'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज की दुनिया में सांस्कृतिक पुनर्संतुलन के महत्व को बताते हुए रविवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में संस्कृति और आस्था उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी पारंपरिक राजनीति में।

सरकार के 'अडॉप्ट ए हेरिटेज 2.0' के तहत एनजीओ सभ्या फाउंडेशन को पांच वर्ष के लिए ऐतिहासिक स्मारकों पुराना किला, हुमायूं का मकबरा, सफदरजंग मकबरा और महरौली पुरातत्व पार्क के लिए स्मारक सारथी घोषित करने के कार्यक्रम में जयशंकर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, आज लड़ाई संस्कृति के पुनर्संतुलन की है। यह मेरे लिए कूटनीति अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उतनी ही महत्वपूर्ण हैं जितनी कि पारंपरिक राजनीति में।

## विदेश 30 s

### तुर्किये के चुनावों में हिंसा, एक की मौत

**दियारबाकिर।** तुर्किये में रविवार को स्थानीय चुनावों के दौरान कुर्द-बहुल दक्षिण-पूर्व में दो समूहों के बीच झड़पों में एक की मौत हो गई और 12 लोग घायल हो गए। कई जगह आगजनी भी जानकारी सामने आई है। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि दियारबाकिर शहर से 30 किलोमीटर (18 मील) दूर अगाक्लिडेरे गांव में हुई घटना हिंसक हो गई और इसमें बंदूकें भी शामिल थीं।, एक गोली स्थानीय पत्रकार की कार में लगी है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने की बाइडन की आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के 31 मार्च को ट्रांसजेंडर डे ऑफ विजिबिलिटी घोषित करने के कारण पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने इसकी आलोचना की है क्योंकि इसी दिन ईस्टर संडे भी है। ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने कहा, हम जो बाइडन के चुनाव प्रचार अभियान दल और व्हाइट हाउस से मांग करते हैं कि वह अमेरिका के लाखों कैथोलिक और ईसाइयों से माफी मांगें।

### सीरिया में बम धमाके से आठ की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के उत्तरी शहर अजाज में एक कार बम धमाके में आठ लोगों की मौत हो गयी है और 23 अन्य घायल हो गए। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने कहा कि सीरिया के विद्रोहियों के कब्जे वाले शहर अजाज के एक लोकप्रिय बाजार में यह धमाका हुआ है। अभी तक किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### कराची में ड्रोन कैमरों के इस्तेमाल पर रोक

**कराची।** पाकिस्तान में पांच चीनी नागरिकों पर हमले की घटना सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन ने कराची के दक्षिणी शहरों में ड्रोन कैमरों के इस्तेमाल पर दो महीने की रोक लगा दी है। इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान और चीनी वाणिज्यिक दूतावास हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सरकार ने ये कदम उठाया है। कराची डिवीजन के आयुक्त मुहम्मद सलीम राजपूत ने कहा, हम चीनी प्रतिष्ठानों को सुरक्षा उपलब्ध कराने जाने को लेकर तमाम उपाय कर रहे हैं।

### कैलिफोर्निया में विमान हादसा, दो मरे

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक हवाई अड्डे के पास छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। एकल इंजन वाला टीबीएम विमान एन960एलपी उत्तरी कैलिफ़ोर्निया के छोटे से शहर ट्रकी में स्थानीय समयानुसार शनिवार शाम 6:38 बजे ट्रकी ताहो हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय ग्लेनशायर डीआर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और संघीय विमानन प्रशासन दुर्घटना की जांच कर रहे हैं।

### फ्रांस में धार्मिक स्थल पर फेंके पशु अवशेष

**स्ट्रासबर्ग।** फ्रांस में अराजक तत्वों ने दंगा भड़काने का प्रयास किया। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर तीन धार्मिक स्थल पर पशु अवशेष फेंके। देश के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि वोसगेस क्षेत्र के कॉन्ट्रेक्सविले गांव में एक धार्मिक स्थल पर सुअर के अवशेष फेंके गए थे, जिससे इलाके में माहौल तनावपूर्ण हो गया। शनिवार देर रात दो धार्मिक स्थलों पर पशु अवशेष फेंके जाने के मामले सामने आए।

### आईएस के 50 से ज्यादा आतंकी पकड़े

**इस्तांबुल।** आईएस आतंकियों की धरपकड़ के लिए तुर्किये में चले चार दिवसीय सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने आईएस से जुड़े 50 से ज्यादा आतंकियों को गिरफ्तार किया है, वहीं 30 प्रांतों से 147 अन्य संदिग्धों को हिरासत में लिया है। आईएस के ये संदिग्ध आतंकी 21 प्रांतों से दबोचे गए। आतंरिक मंत्री अली येरलिकाया ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा बलों ने बड़े स्तर पर आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया है।

## हिमाचल में खराब मौसम ने बढ़ाई परेशानी, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात 15 घंटे से अधिक समय तक बाधित

# पहाड़ों पर बर्फबारी, गुवाहाटी में एयरपोर्ट की छत का हिस्सा ढहा

**मौसम का मिजाज**

**शिमला/गुवाहाटी, एजेंसी।** मौसम के बदले मिजाज ने कई राज्यों में मुसीबत खड़ी कर दी। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं, गुवाहाटी में तूफान और बारिश से एयरपोर्ट की छत का हिस्सा ढह गया। यहां से कई उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा।

मुख्य हवाईअड्डा अधिकारी उत्पल बरुआ ने बताया, भारी बारिश से पाइप के ओवरफ्लो होने के कारण हवाईअड्डे के अंदर पानी का रिसाव हुआ।

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में कुछ स्थानों पर रात भर हुई बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण रविवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात 15 घंटे से अधिक समय तक निलंबित रहा। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शाम करीब चार बजे मार्ग साफ होने के बाद सैकड़ों फंसे हुए वाहनों को अपने-अपने गंतव्य की ओर जाने की अनुमति दी गई। करीब 270 किलोमीटर लंबा यह राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्से से हर मौसम में जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है। मौसम विभाग ने रविवार को पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। तेज लहरों और अशांत समुद्र ने रविवार को केरल के कई तटीय गांवों में तबाही मचाई। घरों और सड़कों पर पानी भर गया।


हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में रविवार को बर्फबारी के बाद जमी बर्फ। ● एएनआई

# सैकड़ों घर तबाह, पांच की मौत

**झारखंड**

- प्रधानमंत्री मोदी ने संवेदना व्यक्त की
- चर्च में प्रार्थना के दौरान युवक पर गिरा पेड़

**रांची/धनबाद, हिटी।** रांची समेत झारखंड के अधिकांश हिस्सों में शनिवार रात तेज आंधी चली। इस दौरान कई जगह बारिश भी हुई। आंधी के कारण सैकड़ों कच्चे घरों के छप्पर उड़ गए। कई जगह पेड़ उखड़कर गिर गए। इसके कारण अलग-अलग इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। आंधी के दौरान पेड़ गिरने से लातेहार के बरवाडीह में एक युवक की दबकर मौत हो गई। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में रविवार को भारी बारिश और तूफानी हवाओं के कारण चार लोगों की मौत हो गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी-मैनागुड़ी इलाकों में तूफान से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से प्रभावितों को सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

# राष्ट्रीय राजगार्म 13 घंटे ठप

**उत्तराखंड**

- चीन सीमा को जोड़ने वाले मार्ग पर मलबा गिरा
- रास्ता साफ करवाकर आवाजाही शुरू कराई

**धारचूला, संवाददाता।** चीन सीमा को जोड़ने वाले टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी दरकने से करीब 13 घंटे यातायात ठप रहा। कार्यदायी संस्था ने किसी तरह मलबा हटाकर आवजाही सुचारु कराई।

शनिवार देर रात करीब एक बजे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिरने से टनकपुर-तवाघाट सड़क पर आवाजाही ठप हो गई। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। तहसील मुख्यालय से उच्च हिमालयी क्षेत्रों में आवाजाही करने वाले यात्री रास्ते में फंस गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में ब्लास्टिंग के बाद पहाड़ी दरकने से मलबा सड़क पर गिर गया था।

# संबंधों में तनाव, इजरायल को हथियार देगा अमेरिका

**गाजा की जंग**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजरायल, गाजा में युद्ध को खत्म करने के मूड में नहीं है, हाल ही में उसने अमेरिका से और हथियारों की मांग की थी। युद्धविराम की वकालत कर रहे अमेरिका ने इजरायल को और हथियार देने के प्रस्ताव को गुपचुप मंजूरी दे दी है।

इजरायली सेना ने कहा कि अलशिफा अस्पताल में की कार्रवाई में हमास के चार कंमाडरों को ढेर कर दिया गया है। में गाजा में इजरायल ने हमले तेज कर दिए हैं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायली हमलों की कड़ी निंदा हो रही है। बीते दिनों दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ा है, इस बीच बाइडन प्रशासन ने अरबों डॉलर के बम और लड़ाकू विमानों को इजराइल में स्थानांतरित करने की मंजूरी दे दी है।

**ये हथियार मिलेंगे :** अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नए हथियार पैकेज में 1,800 से अधिक एमके 84 2,000-पाउंड बम और 500 एमके 82 500-पाउंड बम के साथ-साथ 25 एफ-35 लड़ाकू विमान शामिल हैं। पेंटागन और विदेश विभाग के अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है।

**अमेरिका करता रहा है शांति की वकालत :** अमेरिका ने हाल के दिनों में गाजा में पुरजोर तरीके से शांति की वकालत की है। बीते दिनों सुरक्षा परिषद में पारित युद्धविराम प्रस्ताव से भी वो दूर रहा था, जिसका इजरायल ने कड़ा विरोध किया था। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार के लिए हमने निरंतर समर्थन की पुष्टि की है। एमके 84 बम जैसे शक्तिशाली हथियारों का अंधाधुंध उपयोग, नागरिक आबादी के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करता है।

**नेतन्याहू ने अमेरिकी दौरा किया था रद्द :** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में युद्धविराम को लेकर प्रस्ताव पारित हुए इजरायल अमेरिका से नाराज था क्योंकि अमेरिका ने वीटो नहीं किया था। इससे गुस्साए इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपना अमेरिकी दौरा रद्द कर दिया था

### युद्धविराम वार्ता को नहीं भेजा प्रतिनिधिमंडल

**गाजा पट्टी।** गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई को लेकर काहिरा में रविवार को होने वाली वार्ता में हमास ने अपना प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा। हमास ने कहा कि अभी इस बात पर निर्णय नहीं लिया गया है कि वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल भेजा जाए या नहीं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के वार्ता की सहमति देने के बाद दोनों पक्षों में रविवार को एक बार फिर बातचीत शुरू होने की उम्मीद थी। चौबीस घंटे में इजरायली हमलों में 77 फलस्तीतिनयों की मौत हो चुकी है। सेना ने अल-अक्सा अस्पताल पर भी हमला किया।

# दक्षिण अफ्रीका में आग से तबाही

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आग ने तबाही मचाई है। यहां रविवार तड़के आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें सैंकड़ों झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं और करीब 2000 लोग विस्थापित हुए हैं।

आपातकालीन सेवाएं विभाग ने रविवार को बताया कि आग लगने की नवीनतम घटना रविवार तड़के हुई। इसमें एक पुरुष और महिला की मौत हो गई। आग की चपेट में आने से करीब 150 से ज्यादा झोपड़ियां तबाह हो गईं।

मफुलेनी बस्ती के हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। केप टाउन के अग्निशमन एवं बचाव प्रवक्ता जर्मेन कैरेल्से ने कहा, आग लगने के कारण की जांच की जा रही है।

# छात्रों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका चिंतित : राजदूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका प्रतिबद्ध है। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने छात्रों से सतर्क रहने और उचित सुरक्षा सावधानी बरतने का आग्रह किया। एरिक ने यह बयान उन घटनाओं पर दिया, जिसमें आए दिन अमेरिका में भारतीयों पर हमले की खबरें आ रही हैं।

एक साक्षात्कार में गार्सेटी ने भारतीय छात्रों पर हमले से जुड़ी दुखद घटनाओं को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, किसी भी देश में छात्रों पर हमले की घटना स्वीकार्य नहीं है। हमें भारतीय छात्रों से प्यार है और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। राजदूत ने जोर दिया कि छात्रों को अपने साथियों के साथ जुड़े रहना चाहिए और जागरूकता और तैयारी बढ़ाने के लिए परिसर के सुरक्षा संसाधनों का उपयोग करना चाहिए।

उन्होंने कहा, हमने हमले के शिकार भारतीय छात्रों के कई परिवारों से बात की है। यह बहुत ही दुखद स्थिति है। इस तरह की स्थिति किसी भी माता-पिता के लिए स्वीकार्य नहीं है। प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने और अपराधियों को जवाबदेह ठहरानी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# 'टारगेट पूरा नहीं होने पर भूखा रखा'

**खुलासा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौकरी के लालच में कंबोडिया पहुंचे लोगों को टारगेट पूरा नहीं होने पर भूखा भी रखा गया। उन्हें दिन में 12 घंटे काम करने पर मजबूर किया गया। इन लोगों से जबरन साइबर फ्रॉड का काम कराया गया।

कंबोडिया में फंसे इन लोगों द्वारा पिछले छह महीनों में भारतीयों से लगभग 500 करोड़ की ठगी करने का अनुमान है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा है कि कंबोडिया में भारतीय दूतावास कंबोडियाई अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। पिछले तीन महीनों में 75 सहित लगभग 250 भारतीयों को बचाकर वापस लाया गया है। केंद्र सरकार कंबोडिया में फंसे करीब 5 हजार लोगों को वापस लाने का प्रयास कर रही है। इन्हें नौकरी का लालच देकर कंबोडिया ले जाया गया। इन्हें साइबर अपराध के लिए मजबूर किया जा रहा है।

भारतीयों को कंबोडिया में उनकी मर्जी के खिलाफ रोका गया है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत सरकार और कंबोडिया में उसके दूतावास ने ऐसे घोटालों के बारे में सूचित करते हुए कई सलाह जारी की हैं।

**केंद्रीय कर्मी से ठगी होने पर हुआ खुलासा :** इस मामले का खुलासा तक हुआ जब पिछले साल 30 दिसंबर को एक केंद्रीय कर्मचारी ने 67 लाख रुपये ठगे जाने की शिकायत की।

### कंबोडिया से लौटे भारतीयों ने सुनाई आपबीती

कंबोडिया से वतन लौटे स्टीफन ने कहा, ज्यादातर लोगों को डाटा एंट्री की नौकरी के बहाने वहां भेजा गया। लोगों को फंसाने के लिए एजेंट्स की टीम बनी है, जिसमें ज्यादातर दक्षिण भारत के हैं। मंगलुरु के एक एजेंट ने उसे कंबोडिया में डाटा एंट्री की नौकरी का प्रस्ताव दिया था। उसके बाद दो और लोगों को पर्यटक वीजा पर कंबोडिया ले जाया गया। वहां पहुंचने पर उनका टाइपिंग टेस्ट और इंटरव्यू हुआ। कार्यालय जाने के बाद उन्हें पता चला कि उनका काम फेसबुक पर ऐसे लोगों का पता लगाना है जिनसे आसानी से ठगी की जा सके।

# भारतीय क्रू मेंबर पोत पर अभी मौजूद

**बाल्टीमोर हादसा**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** बाल्टीमोर में पुल से टकराए पोत पर अभी भी 22 सदस्यीय भारतीय चालक दल के सदस्य मौजूद हैं। हालांकि पुल का मलबा हटाने का काम शुरू हो चुका है, लेकिन ये सदस्य अधिकारियों को जांच में सहयोग देने के लिए पोत पर मौजूद हैं।

इस सप्ताह की शुरुआत में 25 मार्च को एक मालवाहक पोत फ्रांसिस स्कॉट की पुल से टकरा गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी और पुल भी ढह गया था। ये पुल पेटाप्स्को नदी में समा गया, सिंगापुर का झंडा लगा ये पोत कोलंबो जा रहा था। हादसे के वक्त पोत पर 22 सदस्यीय भारतीय चालक दल के सदस्य मौजूद थे। हादसे के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था और उसके बाद फिर उन्हें पोत पर छोड़ दिया गया। ये सभी पोत के दैनिक दिनचर्या के काम को सुनिश्चित कर रहे हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब तक पुल के क्षतिग्रस्त अवशेषों को साफ नहीं कर दिया जाता, तब तक चालक दल के सदस्य वहां से नहीं जाएंगे। पुल के मलबे को हटाने का काम शुरू हो चुका है।

### पोत पर लदे हैं 4700 से ज्यादा कंटेनर

डाली नाम के इस पोत पर करीब 4700 कंटेनर लदे हैं। जिस वक्त हादसा हुआ, पोत का इंजन फेल हो गया था, जिसके कारण चालक दल पोत पर कंट्रोल नहीं रख पाया और पोत पुल से टकरा गया। जिस जगह हादसा हुआ ये बाल्टीमोर का अहम व्यापारिक बंदरगाह मार्ग है। हादसा होने से ये मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। बचाव दल मलबे को तेजी से हटाने का काम कर रहे हैं। ये पुल अमेरिका के बाल्टीमोर बंदरगाह के पास है, जो अहम व्यापारिक बंदरगाह है, लिहाजा सप्लाई चेन बुरी तरह से प्रभावित हो गई है।

# मिसाइल हमले में व्यक्ति की मौत

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के पश्चिमी लवीव क्षेत्र में बुनियादी ढांचे पर रूस के एक क्रूज मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पूर्वोत्तर हिस्से में हुए हमले में एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

गवर्नर मैकस्यम कोजीयस्की ने टेलीग्राम पर यह जानकारी दी कि लवीव में हुए हमले में एक इमारत नष्ट हो गई।

# मेक्सिको के रेस्तरां में बैठे मेयर की गोली मारकर हत्या

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको में शनिवार देर शाम एक रेस्तरां में बेटे संग बैठे शहर के मेयर गुललेर्मो टोरेस की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस हमले में उनका 14 वर्षीय बेटा बाल-बाल बच गया।

गुइलेर्मो टोरेस और उनके 14 वर्षीय बेटे पर पश्चिमी मिचोआकन राज्य की राजधानी मोरेलिया के एक रेस्तरां में हमला किया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उन्हें 2022 में इंस्टीट्यूशनल रिवोल्यूशनरी पार्टी के सदस्य के रूप में मिचोआकेन की चुरुमुको नगर पालिका का मेयर चुना गया था, लेकिन हाल ही में उन्होंने पार्टी छोड़ दी और सत्तारूढ़ दल का दामन थाम लिया था।

यहां दो जून को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। उससे पहले हुई इस हत्या को आगामी चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

# पाकिस्तान छोड़ना चाहते हैं चीनी कर्मचारी : विश्लेषक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** एक सुरक्षा विश्लेषक के अनुसार, पाकिस्तान में चीनी श्रमिकों पर हाल ही में हुए घातक हमले ने उनके आत्मविश्वास को हिला दिया है। उनमें से कुछ सुरक्षा कारणों से देश छोड़ने की योजना बना रहे हैं।

रविवार को प्रकाशित एक लेख में मुहम्मद अमीर राणा ने लिखा कि मंगलवार को चीनी इंजीनियरों के वाहन पर आतंकवादी हमले के परिणाम सामने आने आ रहे हैं। इस हमले में पांच चीनी नागरिक मारे गए। इसके बाद चीनी कंपनियों ने तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला 5वां विस्तार परियोजना पर कम बंद कर दिया है। हमले ने महत्वपूर्ण चिंता पैदा कर दी है।

इन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बाधित करने के अलावा, इसने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को हिला दिया है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कुछ लोग सुरक्षा चिंताओं के कारण देश छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। साठ अरब अमेरिकी डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तत्वावधान में चल रही कई परियोजनाओं पर हजारों चीनी कर्मी पाकिस्तान में काम कर रहे हैं।राणा ने कहा कि पाकिस्तानी सरकार ने बार-बार अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का वादा किया है।

**राजू पाल हत्याकांड** | किसान नेता की हत्या में उमेश पाल और उसके भाई को कराया नामजद, पूजा का सीबीआई से सामना

# अतीक ने वादी, गवाह सबको झूठे केस में फंसाया

**प्रयागराज, वरिष्ठ संवाददाता।** बसपा विधायक राजू पाल की 2005 में हुई हत्या के बाद अतीक अहमद ने इस केस में पैरवी करने वालों को धमकाने से लेकर मुकदमों में फंसाने तक की कोशिश की। राजू पाल की हत्या में नामजद अतीक ने गवाहों को हत्या के केस में फंसाया।

राजू पाल हत्याकांड की सीबीआई जांच शुरू हुई तो अतीक ने सर्राफ मर्डर केस में सीबीआई जांच के आदेश के लिए जोरदार पैरवी की। राजू पाल हत्याकांड की वादी और उनकी पत्नी विधायक पूजा पाल ने भी सीबीआई का सामना किया। इतना ही नहीं उमेश पाल अपहरण केस में सजा होने से पहले ही अतीक ने उसकी हत्या करा दी।

**किसान नेता की हत्या में उमेश पाल नामजद :** राजू पाल की हत्या के बाद गवाह उमेश पाल को अगवा करके मारापीटा गया। इस केस के उमेश पाल को कई बार धमकी मिली। अतीक अहमद ने उमेश पाल को रास्ते से हटाने के लिए राजरूपपुर में किसान नेता जितेंद्र पटेल की हत्या करा दी। उसकी मां की तहरीर पर उमेश पाल और उसके भाई समेत अन्य को नामजद कराया। भाजपा की सरकार आते ही इस केस का खुलासा हुआ तो अतीक की साजिश का खुलासा हुआ।



**19** साल पहले 2005 में हुई थी बसपा विधायक राजू पाल की हत्या

- गवाह प्रदीप पाल को सर्राफ के हत्या मामले में फंसाया

### राजू पाल की आत्मा को मिली शांति : पूजा पाल

**प्रयागराज।** राजू पाल हत्याकांड के आरोपियों को सजा दिए जाने के बाद रविवार को विधायक पूजा पाल नीवां पहुंची। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद राजू पाल स्मारक स्थल पर जाकर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। राजू पाल को यादकर भावुक हो गईं। बोलीं कि 19 साल के बाद स्वर्गीय विधायक राजू पाल की आत्मा को अब जाकर शांति मिली होगी। उनके प्रयास से अब शहर पश्चिमी की जनता माफिया से मुक्त हो गई है। इसके लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया।

# इंडोनेशिया में सेना के डिपो में धमाका

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के पास एक सैन्य गोला-बारूद गोदाम में शनिवार देर शाम जोरदार धमाका हुआ और आग लग गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके से 130 से अधिक परिवार बाहर निकाले गए।

यह विस्फोट जकार्ता की पूर्वी सीमा से लगभग सात किमी दूर पश्चिम जावा प्रांत के बोगोर रीजेंसी के सिआंगसाना गांव में जकार्ता क्षेत्रीय सैन्य कमान के गोदाम में हुआ। धमाके की आवाज सात किलोमीटर तक सुनी गई। कार्यवाहक गवर्नर बे माचमुदीन ने बताया कि लोगों को अस्थायी आश्रयों में रखा जा रहा है। क्षेत्रीय सैन्य कमान के प्रमुख मोहम्मद हसन के अनुसार रविवार तड़के करीब 3:45 बजे फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया।


बवासीर
खूनी, मस्से, मोके, पुरानी से पुरानी बवासीर के लिए
P-6 आयुर्वेदिक कैप्सूल व ट्यूब
Capsule & Tube
A Formula Researched by S.P. Singh Chawla B.Sc; (Bio), M.Sc; (Chem.), EDP.
23 साल से मरीजो का भरोसा

Helpline : 98141-75205
कब्ज के लिए No - KABZ Granules & Capsules का इस्तेमाल करें

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

**रिकॉर्ड**

अमेरिका की पहली हाइड्रोजन ट्रेन ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इस ट्रेन ने बिना रुके 2803 किलोमीटर की यात्रा की है। ट्रेन सॉल्ट लेक सिटी के परीक्षण ट्रैक पर लगातार 46 घंटे तक दौड़ी। स्विस ट्रेन निर्माता कंपनी स्टैडलर द्वारा बनाई गई 'फ्लर्ट एच2' ट्रेन को बीच में ईंधन भरने के लिए नहीं रोका गया।

# हाइड्रोजन ट्रेन बिना रुके 2803 किलोमीटर दौड़ी

### दो लोको-पायलट मौजूद रहे

यात्रा शुरू करने से पहले ही ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भर दी गई थी। ट्रेन के परीक्षण के दौरान ईंधन नहीं भरा गया। दो लोको-पायलट ने ट्रेन को संचालित किया। अब तक किसी भी हाइड्रोजन ट्रेन ने एक साथ इतना लंबा सफर नहीं किया था।

### छह गुना अधिक चली

फ्लर्ट एच2 ट्रेन की लगातार चलने की सीमा 460 किलोमीटर बताई गई है। 2803 किलोमीटर की दूरी इससे छह गुना ज्यादा है। इसके लिए टैंक को भरने के लिए 30 मिनट का समय लगता है। लेकिन परीक्षण के लिए इस ट्रेन में विशेष बदलाव किए गए। कंपनी ने इसमें बड़ा ईंधन टैंक लगाया। हालांकि, कंपनी ने ईंधन टैंक के आकार के बारे में जानकारी साझा नहीं की।

**46** घंटे तक लगातार बिना ईंधन भरवाए चली 'फ्लर्ट एच2' ट्रेन

### 1175 किलोमीटर का था पिछला रिकॉर्ड

वर्ष 2022 में जर्मनी में दौड़ी एक हाइड्रोजन ट्रेन के नाम यह रिकॉर्ड था। तब हाइड्रोजन से चलने वाली कोराडिया आईलिंट ने जर्मनी में बिना रुके 1,175 किलोमीटर की यात्रा की थी।



अमेरिका के सॉल्ट लेक सिटी में बने परीक्षण ट्रैक पर दौड़ती अमेरिका की पहली हाइड्रोजन ट्रेन। ● एजेंसी

**तकनीक 30s**

## पिन किए गए मैसेज का दिखेगा प्रीव्यू

व्हाट्सऐप एक नए फीचर पर काम कर रहा है। इससे पिन किए गए मैसेज का प्रीव्यू चैट स्क्रीन पर सबसे ऊपर दिखाई देगा। इससे यूजर को मैसेज को ओपन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर यूजर एक फोटो को पिन करता है, तो थंबनेल पिन किए गए मैसेज के भीतर दिखाई देगा। इससे यूजर मैसेज को पूरी तरह खोले बिना ही कंटेंट को जल्दी से पहचान सकेंगे। पहले, पिन किए गए मैसेज के लिए थंबनेल नहीं दिखाया जाता था। कंपनी चैनल और कम्युनिटी के लिए भी कई फीचर्स ला रही है। इनमें से कुछ बीटा वर्जन के लिए रोल आउट कर दिया है।

## ओपनएआई का वॉयस इंजन टूल जल्द

ओपनएआई एक वॉयस इंजन टूल पर काम कर रहा है। यह आवाज को सुनकर उसकी नकल कर देगा। हालांकि, यह अभी लॉन्च नहीं हुआ है। ओपनएआई ने ब्लॉग में इसकी जानकारी दी है। वॉयस इंजन टूल किसी भी ऑडियो को सुनकर 15 सेकंड का वैसा ही ऑडियो क्लिप दे सकता है। वॉयस इंजन टूल इमोशनल और वास्तविक आवाज ऑडियो दे सकता है। वीडियो बनाने में इनका इस्तेमाल किया जा सकेगा। हाल ही में ओपनएआई ने सोरा को पेश किया था। यह टेक्स्ट टू वीडियो टूल है। यह लिखे गए टेक्स्ट की मदद से वीडियो तैयार करता है।

## लैपटॉप में को-पायलट प्रो एआई फीचर जल्द मिलेगा

लैपटॉप में को-पायलट प्रो एआई फीचर्स जल्द मिलने वाला है। माइक्रोसॉफ्ट के द्वारा बनाया गया को-पायलट एक एआई असिस्टेंट है। यह यूजर के लिए ईमेल ड्राफ्ट करने, सर्च करने, एआई इमेज क्रिएट करने जैसे कई काम आसानी से कर देता है। इंटेल के मुताबिक, को-पायलट एआई जल्द ही पीसी पर स्थानीय रूप से चलेगा। इसके लिए लैपटॉप को तेज न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीएस) वाले चिप की आवश्यकता होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले समय में नेक्स्ट जनरेशन के पीसी और लैपटॉप जल्द ही ऑन-डिवाइस एआई टूल चलाने में सक्षम होंगे।

## आईफोन 16 का डिस्प्ले साइज बड़ा होगा

आईफोन 16 के बारे में एक और नई अपडेट आई है। एक रिपोर्ट में दावा में किया गया है इसका डिस्प्ले साइज बड़ा होगा। आईफोन 16 प्रो में 6.3 इंच की स्क्रीन दी जा सकती है, जबकि आईफोन 15 प्रो में 6.1 इंच की स्क्रीन दी गई थी। आईफोन 16 और आईफोन 16 प्लस के डिस्प्ले साइज में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसके अलावा आईफोन 16 सीरीज के इन दोनों बेस मॉडल वाले फोन में एक्शन बटन दिया जा सकता है। आईफोन 16 में यूजर को एक खास कैप्चर बटन भी मिल सकता है। इसके जरिये एक क्लिक में फोटो खींच पाएंगे।

# दावा : वजन बढ़ने पर भी मधुमेह रोगियों में मौत का जोखिम कम

## हृदय रोगों के खतरे को कम करने के लिए मोटापे से बचना सबसे अच्छा उपाय

**सेहत**

लंदन, एजेंसी। मधुमेह पीड़ितों के लिए वजन बढ़ना जोखिम का एक कारक माना जाता रहा है। पर एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि वजन बढ़ने के बावजूद मधुमेह पीड़ितों में मौत का खतरा ज्यादा नहीं होता।

अध्ययन के मुताबिक, यदि 65 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले मधुमेह पीड़ितों का वजन बढ़ जाता है, तब भी हृदय रोग से मरने का जोखिम बहुत ज्यादा नहीं है। ब्रिटेन में यूके बायोबैंक के स्वास्थ्य डाटा का अध्ययन कर ये निष्कर्ष निकाले गए हैं। इसके मुताबिक, 65 साल या उससे कम उम्र के वयस्कों के लिए 23-25 की सामान्य सीमा के भीतर बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) बनाए रखना हृदय रोग से मरने के सबसे कम जोखिम से जुड़ा है। लेकिन 65 वर्ष से ज्यादा उम्र वालों के लिए 26-28 के बीएमआई के साथ मामूली रूप से थोड़ा ज्यादा वजन होने से जोखिम बहुत ज्यादा नहीं है।

प्रमुख शोधार्थी डॉ. शाओयोंग जू ने कहा, अध्ययन में हमने पाया कि टाइप-2 मधुमेह वाले लोगों के लिए ऑप्टीमल बीएमआई कार्डियो-मेटाबोलिक रिस्क फैक्टर उम्र के अनुसार अलग होता है। निष्कर्षों से पता चलता है कि वृद्ध व्यक्तियों के लिए जिनका वजन सामान्य से अधिक है, लेकिन वे मोटे नहीं हैं, उनके लिए वजन कम करने के बजाय उसे बनाए रखना हृदय रोग से मरने के जोखिम को कम करने का व्यावहारिक तरीका हो सकता है।

**22** हजार से अधिक लोगों के स्वास्थ्य डाटा पर किया गया अध्ययन

**65** की उम्र तक 23-25 की सामान्य सीमा में बीएमआई रहना उचित



### यह जरूरी बताया

- सामान्य से थोड़ा अधिक वजन चिंता की बात नहीं, वसा बढ़ने से बचना ज्यादा जरूरी
- टाइप-2 मधुमेह वाले लोगों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

### इस तरह किया अध्ययन

शोधकर्ताओं ने टाइप-2 मधुमेह वाले 22,874 प्रतिभागियों में बीएमआई और हृदय रोग से मृत्यु के जोखिम के बीच उम्र के अंतर का पता लगाया। प्रतिभागियों की औसत उम्र 59 वर्ष थी। शोधकर्ताओं ने दो आयु समूहों बुजुर्ग (65 वर्ष से ज्यादा) और मध्यम आयु वर्ग (65 वर्ष या उससे कम उम्र) में डाटा का विश्लेषण किया।

### हृदय रोग से 30% मौतों की वजह ज्यादा नमक खाना

नमक का ज्यादा सेवन हृदय रोग से 30 फीसदी मौतों की वजह है। जामा नेटवर्क ओपन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, 64,329 प्रतिभागियों पर अध्ययन हुआ। उन्होंने पाया, 13 वर्षों में 17,811 मौतें हुईं। इनमें से 5701 मौतें हृदय रोग के कारण हुईं। ये सभी अधिक नमक का सेवन कर रहे थे।

# दक्षिण कोरिया में राजनीतिक विज्ञापन बंद करेगा गूगल

सियोल, एजेंसी। गूगल ने दक्षिण कोरिया में अगले महीने होने वाले आम चुनाव से पहले अपनी सेवाओं पर राजनीति से संबंधित सभी विज्ञापनों को बंद करने का फैसला किया है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह निर्णय मतदाताओं को राजनीतिक विज्ञापनों में संभावित रूप से पक्षपातपूर्ण सामग्री के संपर्क में आने से रोकने के लिए किया गया है। गूगल अपने होमपेज पर यूजर को मतदान के तरीकों और मतदाता पंजीकरण साधनों के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने के लिए लिंक प्रदान करने की भी योजना बना रहा है। सूत्रों के मुताबिक, गूगल ने हाल ही में एक नोटिस पोस्ट कर कहा है कि वह दक्षिण कोरिया के चुनाव के दौरान राजनीतिक विज्ञापनों का समर्थन नहीं करेगा। यह निर्णय यूट्यूब, गूगल सर्च और गूगल प्ले स्टोर सहित सभी गूगल सेवाओं पर समान रूप से लागू होगा। कंपनी उपयोगकर्ताओं को अधिक जानकारी के लिए विश्वसनीय स्रोतों से जोड़ने के लिए विभिन्न चुनाव-संबंधित सूचना पैनल प्रदान करने की भी योजना बना रही है।

# ल्यूपस ग्रसित महिलाओं में सुरक्षित गर्भधारण संभव

नई दिल्ली, एजेंसी। ल्यूपस बीमारी से ग्रसित महिलाएं सुरक्षित गर्भधारण कर सकती हैं। पर इससे पहले उन्हें चिकित्सकों से विचार-विमर्श कर गर्भधारण की योजना बनाने की जरूरत है ताकि उनकी दवाओं में पहले ही बदलाव किया जा सके।

दिल्ली एम्स के विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। दिल्ली एम्स के रूमेटोलॉजी विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. रंजन गुप्ता ने कहा, गर्भधारण अस्पताल में आने वाली ल्यूपस मरीजों के बीच चिंता की प्रमुख वजह है। प्रमुख समस्या यह है कि ल्यूपस के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं गर्भधारण के दौरान लेने पर बच्चों में विकृति पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए बिना योजना बनाए गर्भधारण इन मरीजों के लिए शारीरिक और भावनात्मक चुनौती हो सकती है। अगर बीमारी की स्थिति के अनुसार गर्भधारण की योजना बनाई जाए तो पहले से ही दवाओं में बदलाव किया जा सकता है।

### प्रतिरक्षा प्रणाली अंगों को पहुंचाती है नुकसान

ल्यूपस एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपने ही ऊतकों और अंगों पर हमला करती है। यह ज्यादातर महिलाओं को उनकी प्रजनन आयु के दौरान प्रभावित करती है। यह शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है और अगर इसका इलाज न कराया जाए तो यह जानलेवा भी हो सकती है।

Join Magazine Group @ ₹60/m WhatsApp To 8969469464

Vision IAS Monthly Current Affairs, Drishti IAS Current Affairs,
Next IAS Current Affairs, SHIELD Current Affairs, Shankar IAS Current Affairs,
संस्कृति IAS Current Affairs, Hindu Monthly Review, Pratiyogita Darpan,
प्रतियोगिता दर्पण, सामान्य ज्ञान दर्पण, सक्सेस मिरर, Yojana, Kurukshetra, योजना, कुरुक्षेत्र,
Employment News, रोजगार समाचार, Frontline, Forbes, Dalal Street Investment Journal,
Down to Earth, India Today, The Week, Economic and political weekly, Outlook,
The Economist, इंडिया टुडे, गृहशोभा, चंपक, The Caravan, Hotelier, Vanita (Hindi, Malayalam)

(अगर और कोई मैगजीन चाहिए तो डिमांड करे उपलब्ध करा दिया जाएगा)

..................................................................................................

Join Epaper Group @ ₹30/m WhatsApp To 8969469464
राष्ट्रीय संस्करण (National Group)

Hindu, Indian Express, Business Line, Business Standard, Economic Times, Financial Express, Editorial
Times Of India, Mid-Day, Hindustan Times, Mint, Asian Age, Tribune, Deccan Chronicle, Eastern Chronicle,
Telegraph, The Daily Guardian, The Business Guardian, Millennium Post, First India, Hans, Statesman,
Free Press Journal, Pioneer, The New Indian Express, Mirror Bangalore, Telangana Today, Punjabi Tribune,
The Daily Excelsior, The News Now, Sangai Express, The Meghalayan Gaurdian, Daily Jammu Jottings,
The Hills Times, Salar, The Excel Express, Nagaland Post, The Himalayan Mail, YugMarg, Tripura Times,
Tripura Observer, The Mizoram Post,Samaja, Inquilab, Malayalam Manorama, राष्ट्रीय जागरण, हिंदुस्तान , जनसत्ता दिल्ली,
नव भारत टाइम्स दिल्ली, अमर उजाला, बिजनेस स्टैंडर्ड, पत्रिका,
दैनिक भास्कर, राष्ट्रीय सहारा, प्रभात खबर , हरिभूमि दिल्ली, देशबन्धु, संपादकीय हिंदी

..................................................................................................

Up Zone Group For All UP District EPapers (हिंदुस्तान, अमर उजाला, जागरण)

..................................................................................................

Bihar Zone Group For All Bihar District EPapers (हिंदुस्तान, प्रभात खबर, जागरण)

..................................................................................................

Rest India Zone Group For Others District Of India EPapers

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।